* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

10 अप्रैल, 2024
चैत्र, शुक्ल पक्ष, द्वितीय
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 169

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही












## झामुमो ने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

# राजमहल से विजय और जोबा को सिंहभूम से टिकट

- झामुमो ने अब तक चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर झामुमो ने मंगलवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। झामुमो ने राजमहल से वर्तमान सांसद विजय हांसदा को टिकट दिया है, वहीं सिंहभूम से झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री रहीं विधायक जोबा मांझी को प्रत्याशी बनाया गया है। इससे पहले झामुमो ने दो लोकसभा सीटों दुमका व गिरिडीह पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी। दुमका से नलिन सोरेन और गिरिडीह लोकसभा सीट से मथुरा प्रसाद महतो को उम्मीदवार बनाया गया है। इस तरह झामुमो ने अब तक चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी। झारखंड में इंडिया गठबंधन के तहत कुल 14 लोकसभा सीटों पर झामुमो, कांग्रेस, राजद व भाकपा माले द्वारा चुनाव लड़ा जा रहा है।

विजय हांसदा वर्तमान में राजमहल सीट से सांसद हैं। उनके पिता थामस हांसदा कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे हैं, लेकिन विजय ने झामुमो की राजनीति कर रहे हैं। वह पिछले दो चुनाव से यहां से जीत दर्ज करा रहे हैं। पिछली बार उन्होंने हेमलाल मुर्मू (उस वक्त भाजपा रहे) को पराजित किया था। हेमलाल मुर्मू अब फिर से झामुमो में शामिल हो गये हैं। यहां से भाजपा ने इस बार ताला मरांडी को प्रत्याशी बनाया है।

वहीं, जोबा मांझी वर्तमान में मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। वह हेंमत सोरेन मंत्रिमंडल में मंत्री थीं। हालांकि चंपाई सरकार में उन्हेंमंत्री नहीं बनाया गया। जोबा का राजनीतिक सफर काफी लंबा है। पति देवेंद्र मांझी की हत्या के बाद जोबा उनकी विरासत संभाल रही हैं। 1994 में पति की हत्या के बाद 1995 के विधानसभा चुनाव में जोबा माझी चुनाव लड़ी और विधायक चुनी गयी थी। इसके बाद से चार बार वह इस क्षेत्र से विधायक बनी हैं। लोकसभा चुनाव में वह भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा के खिलाफ चुनाव मैदान में होंगी।

# शराब नीति केस में केजरीवाल की गिरफ्तारी सही : हाइकोर्ट

इडी ने कानून का पालन किया उसके पास हवाला ऑपरेटर्स और आप उम्मीदवार के बयान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाइकोर्ट ने मंगलवार को शराब नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी-रिमांड को सही ठहराया। हाइकोर्ट ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने हमारे सामने पर्याप्त सबूत पेश किये। हमने बयानों को देखा, जो बताते हैं कि गोवा के चुनाव के लिए पैसा भेजा गया था। हाइकोर्ट ने फैसले में सीएम को रिमांड में भेजने का फैसला भी बरकरार रखा है। आप इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जा सकती है। गौरतलब है कि शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को इडी ने गिरफ्तार किया था। अभी वह तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं।

हाइकोर्ट ने कहा कि हमें संवैधानिक नैतिकता की फिक्र है, ना कि राजनीतिक नैतिकता की। मौजूदा केस केंद्र और केजरीवाल के बीच नहीं है। यह केस केजरीवाल और इडी के बीच है। हाइकोर्ट ने कहा कि इडी ने कानूनी प्रक्रिया का पालन किया। उसके पास हवाला ऑपरेटर्स और आप उम्मीदवार के बयान हैं।

### हाइकोर्ट के फैसले की टिप्पणियां



**शराब नीति केस में केजरीवाल का रोल:** शराब नीति केस के गवाह राघव मुंगटा और शरथ रेड्डी के बयान पीएमएलए के तहत रिकॉर्ड किये गये हैं। इडी ने खुलासा किया कि केजरीवाल आम आदमी पार्टी के संयोजक के तौर पर भी इस मामले में शामिल थे।

**गिरफ्तारी की टाइमिंग:** हम मानते हैं कि गिरफ्तारी और रिमांड की जांच कानून के हिसाब से होगी ना कि चुनाव की टाइमिंग को देखकर। यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी का वक्त इडी ने तय किया है।

**इडी के सबूत:** दस्तावेज और सबूत पेश किये गये हैं, इससे साबित होता है कि इडी ने कानून का पालन किया है। इडी के पास हवाला डीलर्स और गोवा चुनाव के आप के उम्मीदवारों के भी बयान हैं। इडी ने हमारे सामने पर्याप्त सबूत पेश किए, जो बताते हैं कि पैसा गोवा चुनाव के लिए भेजा गया।

**सरकारी गवाहों के बयान:** ये बयान किस तरह रिकॉर्ड किये, इस बात पर शक करना कोर्ट और जज पर कलंक लगाने जैसा है। गवाहों के बयान रिकॉर्ड करने का कानून 100 साल पुराना कानून है, ना कि एक साल पुराना कि याचिकाकर्ता को फंसाने के लिए इसका गलत इस्तेमाल किया गया है।

**चुनाव टिकट और इलेक्टोरल बांड:** यह हम नहीं देखेंगे कि किसने किसको चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया और किसने किसको इलेक्टोरल बांड दिया।

**कोर्ट और राजनीति:** न्यायाधीश कानून से बंधे हैं ना कि राजनीति से। फैसले कानूनी सिद्धांतों पर दिए राजनीतिक सुझावों पर। कोर्ट राजनीति की दुनिया में दखल नहीं दे सकती।

## न्यूज रील्स

### चांद नजर नहीं आया, ईद 11 अप्रैल को

रांची। दारुल कजा इमारत शरीया रांची के काजी शरीअत मुफ्ती मुहम्मद अनवर कासमी ने एलान किया है की 29 रम्जानुल मुबारक 1445 हिजरी मुताबिक 09 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को रांची में ईद का चांद नजर नहीं आया और झारखंड सहित देश के किसी भी क्षेत्र से चांद नजर आने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। इसलिए 10 अप्रैल 2024 दिन बुधवार को रम्जानुल मुबारक महीने की तीस तारीख है। 11 अप्रैल 2024 दिन गुरूवार को शव्वाल उल मुकर्रम महीने की पहली तारीख यानी ईद उल फित्र का दिन है। उन्होंने कहा कि यही फैसला मरकजी दारुल कजा इमारत शरीया फुलवारी शरीफ पटना का है।

### महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग फाइनल

मुंबई। महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच लोकसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हो गया है। महाराष्ट्र की 48 में से 21 सीटों पर शिवसेना (उद्धव गुट), 17 सीटों पर कांग्रेस और 10 सीटों पर एनसीपी शरद गुट अपने उम्मीदवार उतारेगी। मुंबई में मंगलवार को तीनों दलों की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में सीट शेयरिंग के फॉर्मूले का ऐलान किया गया।

### रामनवमी पर होगा रामलला का सूर्य तिलक

अयोध्या। इस बार रामनवमी पर सूरज की किरणें राम मंदिर में विराजमान भगवान श्री रामलला का अभिषेक करेंगी। किरणें 17 अप्रैल को दोपहर ठीक 12 बजे मंदिर की तीसरी मंजिल पर लगाये गये ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम के जरिये गर्भगृह तक आयेंगी। यहां किरणें दर्पण से परावर्तित होकर सीधे रामलला के मस्तक पर 4 मिनट तक 75 मिमी आकार के गोल तिलक के रूप में दिखेंगी। इस सूर्य तिलक को देश के दो वैज्ञानिक संस्थानों की मेहनत से साकार किया जा रहा है।

### चुनाव आयोग ने सुरजेवाला को भेजा नोटिस

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने भाजपा नेता हेमा मालिनी के खिलाफ टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को नोटिस जारी किया। आयोग ने उन्हें 11 अप्रैल को शाम पांच बजे तक जवाब देने को कहा है। आयोग ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की, ताकि सियासी नेताओं और पदाधिकारियों द्वारा महिलाओं के प्रति सम्मानजनक सार्वजनिक चर्चा सुनिश्चित की जा सके। आयोग ने कहा कि चुनाव प्रचार को महिलाओं के अपमान का मंच नहीं बनने दिया जा सकता।

## कल्पना ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद, कहा

# हेमंत को षडयंत्र कर भेजा जेल

गिरिडीह में जुटे गांडेय विधानसभा क्षेत्र के झामुमो कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि अभी संघर्ष का समय है। इसलिए पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से लड़ाई लड़नी है। वर्तमान समय में दुश्मन को समझने की जरूरत है, क्योंकि दुश्मन भाई को भाई से लड़ाकर और चाचा को भतीजे से लड़ाकर घर में घुसने का काम करेगा। अभी संघर्ष का समय इसलिए है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को षडयंत्र के तहत जेल में डालने का काम किया गया है। कल्पना मंगलवार को गिरिडीह के उत्सव उपवन में गांडेय विधानसभा क्षेत्र के झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में बोल रही थीं। कार्यक्रम के बाद कल्पना ने इस बारे में सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया।

**बाबा की यह कर्मभूमि रही है:** कल्पना ने कहा कि मैं अपने आपको भाग्यशाली समझती हूं कि कार्यकर्ताओं के अनुभवों, सुझावों व शिकायतों को सुनने का मौका मिला है। बाबा (शिबू सोरेन) के वक्त से जुड़े लोगों के अनुभव को सुनकर काफी अच्छा लगा कि वह यहां के राजा थे, राजा हैं और राजा रहेंगे। यह आप लोगों ने सुनिश्चित कर दिया है।

**जल रहा है झारखंड:** कल्पना सोरेन ने कहा कि पूर्व में संसाधन की कमी हुआ करती थी, लेकिन आज सभी संसाधनयुक्त हैं। उन्होंने कहा कि बाबा की जो कर्मभूमि रही है, उसका ताज बाबा के सिर पर बैठाना है, इसे सुनिश्चित करना है। लोगों को यह बताना है कि आज झारखंड जल रहा है। झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। आपके अपने बेटे व भाई को जबरदस्ती जेल में डाला गया है।

**21 अप्रैल की रैली में बढ़-चढ़ कर लें भाग :** 2019 में आपने हेमंत सोरेन को जितना सम्मान दिया था, उस चीज को और उस आवाज को आगे बढ़ाना है। कल्पना सोरेन ने कार्यकर्ताओं से इस बात को जानने को कोशिश की कि किस तरह से गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता से उन्हें जुड़ना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि उन्हें उनकी स्नेह और ताकत चाहिए। उन्होंने 21 अप्रैल को रांची में आयोजित कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

# धमकी न दें, महाकाल का भक्त हूं: नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री ने बालाघाट में जनसभा को संबोधित

कहा, मैं या तो महाकाल के आगे झुकता हूं या जनता जनार्दन के सामने

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालाघाट।** मध्यप्रदेश के बालाघाट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब तक जो विकास के कार्य किये हैं वो तो फुलझड़ी है। अभी तो विकास के रॉकेट को और भी ऊंचाई पर लेकर जाना है। मोदी ने कहा कि अभी तो ये ट्रेलर है। अभी भारत को नये मुकाम पर ले जाना है। उन्होंने कहा कि मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री ने खुद को भगवान महाकाल का भक्त बताया। उन्होंने कहा कि मोदी या तो महाकाल के सामने झुकता है या फिर जनता जनार्दन के सामने। प्रधानमंत्री मंगलवार को बालाघाट में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने सभा में उमड़ी भीड़ को देखकर कहा कि इतनी बड़ी तादाद में माताओं-बहनों का प्यार साफ दिखा रहा है कि 4 जून को मध्यप्रदेश में क्या परिणाम आने वाले हैं। विधानसभा चुनाव में ही आपने कांग्रेस को पूरी तरह साफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लोग भाजपा से नहीं लड़ रहे, वो तो आपस में एक-दूसरे से लड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सबका साथ सबके विकास के मंत्र पर भाजपा सरकार काम कर रही है। देश के हर शहर को, हर गांव को प्राथमिकता दे रही है। सिवनी-नागपुर के बीच फोरलेन हाइवे हो, गोंदिया-बालाघाट-सिवनी हाईवे हो, नर्मदा प्रगति पथ हो, विंध्य प्रगति पथ हो, आधुनिक वंदेभारत ट्रेन हो, एमपी के 80 रेलवे स्टेशनों का विकास हो, भाजपा सरकार मध्यप्रदेश का कायाकल्प कर रही है। विकसित मध्यप्रदेश से विकसित भारत की मोदी की गारंटी है।

# मोदी के नेतृत्व में देश का मान-सम्मान बढ़ा है: बाबूलाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा के संवाद कार्यक्रम में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज भारत का मान और सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है। आज विश्व में सभी भारत को सम्मान की नजरों से देखते हैं। मोदी जी के नितृत्व में लगातार हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित की गयीं। आज देश का इंफ्रास्ट्रक्चर मोदी के नेतृत्व में विश्व स्तरीय बनता जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर ने युवा संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसमें भारी संख्या में रांची के विभिन्न क्षेत्र के युवाओं ने हिस्सा लिया। देश की तरक्की में युवाओं की क्या भूमिका हो सकती है और कैसे देश को आगे बढ़ाने में युवा अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं, इस पर विस्तृत चर्चा की गयी।

इस मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची के युवा देश निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तत्पर हैं। राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए सैकड़ों युवा संवाद में शामिल हुए हैं और इनको एक मंच पर लाने का काम युवा मोर्चा रांची महानगर ने किया। मोदी ने देश में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का हाथ पकड़ कर उसको मुख्यधारा में लाने का काम किया है। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि आज देश का युवा मजबूत हुआ है। आज हमारी आधी से अधिक आबादी युवा है। आज हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। बहुत जल्दी तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेंगे।

## झारखंड हाइकोर्ट ने बांग्लादेशी घुसपैठियों पर पूछा

# केंद्र सरकार सीएए के तहत सीधा एक्शन ले सकती है या नहीं?

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण वहां जनसंख्या पर कुप्रभाव को लेकर डेनियल दानिश की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव से पूछा है कि सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट के तहत केंद्र सरकार संथाल परगना के पांच जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों पर सीधा एक्शन ले सकती है या नहीं। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस बिंदु पर केंद्र सरकार के अधिवक्ता को तीन सप्ताह में केंद्र सरकार से इंस्ट्रक्शन लेकर शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 2 मई निर्धारित की है। इससे पहले मंगलवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि झारखंड के संथाल परगना के पांच जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों पर एक्शन केंद्र सरकार ले सकती है। राज्य सरकार की इसमें ज्यादा भूमिका नहीं है, लेकिन अभी केंद्र सरकार द्वारा सीएए के लागू होने के बाद स्थितियां बदली हैं।

पड़ोसी देश के कुछ अल्पसंख्यकों को नागरिकता दी जायेगी। कोर्ट को यह भी बताया गया कि साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा और जामताड़ा आदि क्षेत्र में अवैध प्रवासी की संख्या बढ़ती जा रही है। ये लोग ट्राइबल आबादी को बहुत ज्यादा प्रभावित कर रहे हैं। इसलिए झारखंड में बसे बांग्लादेशियों पर अंकुश लगाने की जरूरत है। दरअसल, पूर्व में हाइकोर्ट ने गृह मंत्रालय से पूछा था कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिए प्रवेश कर रहे हैं। इसे रोकने के लिए उसकी तरफ से क्या किया जा रहा है।

### क्या है याचिका में

प्रार्थी ने याचिका में कहा है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड आ रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या में कुप्रभाव पड़ रहा है। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसा स्थापित किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है। प्रार्थी ने मांग की है कि इस मामले में भारत सरकार का गृह मंत्रालय रिपोर्ट दाखिल करे और बताये कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड आ रहे हैं और उनके द्वारा झारखंड में कैसे लोगों को गुमराह कर वैवाहिक संबंध स्थापित किया जा रहा है।

# हजारीबाग में 'तंत्र' के अहंकार में पिसता 'लोक'

## ग्राउंड रिपोर्ट

आपके अपने अखबार और यू-ट्यूब चैनल 'आजाद सिपाही' ने इस चुनाव में जनता की समस्याओं को उनके बीच जाकर जानने के लिए 'भ्रमण' नामक एक कार्यक्रम डिजाइन किया है। इसके तहत 'आजाद सिपाही' की टीम राज्य के हर संसदीय क्षेत्र में जा रही है और वहां की ग्राउंड रिपोर्ट आपके सामने रख रही है। इसी के तहत जब हमने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का दौरा किया, तो विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग समस्याएं मिलीं। कुछ क्षेत्रों में एक जैसी समस्याएं भी थीं, जो संभवत: पूरे झारखंड की हैं। एक तरफ जहां कुजू के लोग प्रदूषण से परेशान हैं, वहीं बड़कागांव के लोग विस्थापन का दंश झेल रहे हैं। हजारीबाग शहर के लोग ट्रैफिक से परेशान तो हैं ही, साथ ही बुनियादी समस्याओं से भी जूझ रहे हैं। पतरातू और भुरकुंडा पानी के लिए तरस रहा है, तो रामगढ़ के लोग गंदगी से परेशान हैं। मच्छरों और बदबूदार नालियों ने उनका जीना दूभर कर दिया है। इन सभी समस्याओं को लेकर हमने लोगों से भी बात की और फिर प्रबुद्ध लोगों से लेकर राजनीतिक नेताओं-कार्यकर्ताओं से। प्रस्तुत है उसी बातचीत पर आधारित रिपोर्ताज।

## ■ कहीं प्रदूषण की मार, तो कहीं बुनियादी समस्याओं की कमी से परेशानी

## ■ निवर्तमान सांसद के प्रति कोई सहानुभूति नहीं, नये से बांध ली हैं उम्मीदें

## हजारीबाग को बुनियादी ढांचे में सुधार की जरूरत


रिपोर्ट : राकेश सिंह

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को वोटिंग होनी है। चुनाव आते-जाते रहते हैं, लेकिन जनता वहीं रह जाती है। जिस उम्मीद के साथ जनता वोट देती है, प्रतिनिधि चुनती है, वह कभी पूरी नहीं होती। लोगों ने कहा कि हजारीबाग अभी बहुत से क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। यहां आज तक एयरपोर्ट नहीं बन पाया है। ट्रैफिक व्यवस्था चरमरायी हुई है। प्रशासन भी शहर में घुसना नहीं चाहता। सड़क का चौड़ीकरण नहीं हुआ है। प्रशासन के अधिकारी भी राजनेता की तरह आश्वासन देकर निकल जाते हैं। विस्थापन भी बड़ी समस्या है। बगोदर, विष्णुगढ़, बरकट्ठा, कटकमसांडी और बड़कागांव में विस्थापन और पलायन का दंश लोग झेल रहे हैं। हजारीबाग में कोई बड़ा उद्योग नहीं है। रेलवे स्टेशन और मेडिकल कॉलेज छोड़ कर ऐसा इस क्षेत्र में कुछ नहीं है, जिसे आप विकास कह सकें। रेल की स्थिति भी झुनझुने की तरह है। तीन-चार साल में एक रेल देकर लोगों को मात्र गुमराह किया जाता रहा है।

कुल मिला कर हजारीबाग की स्थिति 50 वर्ष पहले जैसी ही है। सिर्फ नेताओं के चेहरे बदले हैं। वोट की राजनीति अब भी होती है। शिक्षा की स्थिति लचर है। आठ कॉलेजों वाले विनोबा भावे विश्वविद्यालय में न तो कुलपति हैं, न प्रतिकुलपति। कॉलेजों में अनुबंध पर शिक्षक काम कर रहे हैं। सुदूरवर्ती क्षेत्रों के बच्चों को प्लस टू के लिए भटकना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज खुला, लेकिन वहां डॉक्टरों की कमी है।

हजारीबाग झील के किनारे शैलेश चंद्र जी मिले। उनका कहना था कि हजारीबाग में बहुत विकास हुआ। वह एक राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी के समर्थक हैं। उन्हें हजारीबाग में कोई खामी नजर नहीं आयी। उनका मानना था कि हर किसी की समस्या का हल नहीं निकाला जा सकता है। सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार अच्छा काम कर रही है, लेकिन राज्य सरकार उस हिसाब से काम नहीं कर रही है। सड़क देख कर पता चलता है। डॉ अनु मलिक विनोबा भावे यूनिवर्सिटी से रिटायर हैं। वह कहते हैं कि हजारीबाग में ट्रैफिक की समस्या है। ट्रैफिक पुलिस अपना काम सही ढंग से नहीं करती है। दूसरा हजारीबाग में स्किल डेवलपमेंट सेंटर जगह-जगह होना चाहिए। यहां बेरोजगारी की बहुत समस्या है। अस्पताल भी ढंग का नहीं है। देवघर में एम्स खुल गया, लेकिन हजारीबाग में एम्स नहीं है। सब्जी बेच रही एक महिला ने बताया कि उसका जवान लड़के का एक्सीडेंट हुआ था। वह सदर में काम करता था। एक्सीडेंट के बाद उसे डेमोटांड़ अस्पताल में ले जाया गया। वहां 50 हजार की डिमांड कर दी गयी। महिला ने आयुष्मान कार्ड भी दिखाया, लेकिन उसे वहां से भगा दिया गया। उसके बाद उस महिला का देवर, जो पुलिस में है, की पहल पर उस अस्पताल ने आयुष्मान कार्ड लिया और इलाज हुआ। उसके बाद उस लड़के का फिर से कहीं एक्सीडेंट हुआ। सदर ले जाया गया, लेकिन उसे रांची के रिम्स में रेफर किया गया, लेकिन वह नहीं बच पाया। अगर हजारीबाग में अच्छा अस्पताल होता, अच्छे इलाज की सुविधा होती, तो शायद वह अपने लड़के को बचा पाती। हजारीबाग शहर में करीब 30 लोगों से बातचीत हुई। सबका यही मानना था कि हजारीबाग अभी भी बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहा है। शहर सिर्फ नाम का है। फैसिलिटी उस लायक नहीं, जैसा हजारीबाग डिजर्व करता है।

## कुजू में प्रदूषण की मार



हजारीबाग कोयलांचल का प्रमुख इलाका है कुजू। यहां की प्रमुख समस्या प्रदूषण है। यहां की बहुत सारी खदानें बंद हैं। वे यदि शुरू हो जायें, तो यहां विकास की संभावना बढ़ जायेगी। लोगों को रोजगार भी मिलेगा। प्रदूषण का मुद्दा करीब एक दशक से चल रहा है। पूर्व के सांसदों के सामने इसे उठाया भी गया, लेकिन कोई निदान नहीं हुआ। 'आजाद सिपाही' में खबर छपने के बाद डीसी के निर्देश पर अधिकारियों ने जांच कर प्रदूषण की पुष्टि की।

कुजू बाजार में नरेश दा के होटल में चाय पर चर्चा होने लगी। वहां संदीप साहू ने प्रदूषण को इलाके की सबसे बड़ी समस्या बताया। उनकी जमीन भी चली गयी। वह प्रदूषण से इतने त्रस्त हो चुके हैं कि अपने घर की छत पर चढ़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। अगर गलती से खिड़की खुली रह गयी, तो घर के अंदर धूल भर जाती है। ठेकेदार पानी नहीं पटाते। मो मोकर्रम ने बेरोजगारी को बहुत बड़ी समस्या बताया। आज तक यहां कुछ भी नहीं बदला, सिवाय पर्यावरण के। सीटू प्रसाद सिंह को नये सांसद से काफी उम्मीदें हैं। इसके अलावा इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव और दूसरे मुद्दे भी उन्होंने उठाये। दवा विक्रेता तरुण अग्रवाल ने कहा कि प्रदूषण के कारण इलाके के लोगों में सबसे अधिक फेफड़े और सांस की बीमारी होती है। टीबी भी होती है। उन्होंने नशाखोरी के खिलाफ अभियान चलाने पर भी बल दिया। लोग विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल की तरफ टकटकी लगाये हुए हैं।

## पतरातू में विस्थापन का रोना

पतरातू में विस्थापन की समस्या दशकों से चली आ रही है। अच्छा अस्पताल नहीं है। न ही शिक्षा के क्षेत्र में कोई काम हुआ है। एक भी अभियंत्रण कॉलेज नहीं है। पतरातू को जन प्रतिनिधियों ने नेपथ्य में डाल दिया है। पतरातू में औद्योगिक विकास तो हो रहा है, एनटीपीसी भी है, चार हजार मेगावाट बिजली का निर्माण कर रही है, लेकिन एनटीपीसी की जो नियमावली है, उससे स्थानीय लोगों को कोई लाभ नहीं मिलने जा रहा है। कारण एनटीपीसी जो नियुक्ति करती है, वह गेट के माध्यम से करती है। जब पहले पीटीपीएस था, तब यहां के लोगों को, जिन्होंने आइटीआइ, डिप्लोमा, बीटेक किया था, उनकी उसमे नियुक्ति होती थी, लेकिन अब नहीं। यहां बनकुदरा, रास्दा या जयनगर के ग्रामीणों के विस्थापन का पैसा अभी भी ट्रेजरी में जमा है। 2013 कानून के तहत डिमांड की जा रही कि राशि मिले, लेकिन सरकार के द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। न ही सांसद ही इसमें कोई मदद कर रहे। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में पानी की बहुत समस्या है। खेती भी सही से नहीं कर पाते। राम प्रसाद मिश्र ने तो इस इलाके की सच्चाई से पर्दा उठाते हुए कहा कि ब्लॉक वाले लोग जो हैं, आप जाइये सीओ हो, बीडीओ हो चाहे और कोई बड़े अधिकारी क्यों न हों, कर्तव्य परायणता के झूठे अहंकार में, मानवीय संवेदनाओं को कुचल कर देशभक्ति और राष्ट्रहित का केवल दंभ भरते हुए मिलेंगे। केवल बाहर में ये दिखाते हैं कि ये कर्तव्य परायण हैं, लेकिन इनका मूल काम है लूट-खसोट।





## भुरकुंडा में प्रदूषण और विकास का मुद्दा

भुरकुंडा क्षेत्र कोयलांचल क्षेत्र है। यहां बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा का घोर अभाव है। सब कामचलाऊ व्यवस्था है। जन प्रतिनिधियों की पहल भी बहुत ही छोटे स्तर पर रही। इस क्षेत्र का विकास नहीं हो पाया। गरीबी चरम पर है। प्रदूषण के कारण लोग बीमारी की गिरफ्त में आ रहे हैं। बेहतर इलाज के लिए आज भी रांची का ही रुख करना पड़ता है।

## रामगढ़: गंदगी, बदबूदार नालियां और मच्छरों से परेशानी




रामगढ़ के लोग शहर में गंदगी से बहुत परेशान हैं। उनका कहना है कि नालियों की गंदगी सड़कों पर आ जाती है। बहुत बदबू आती है। गंदगी से मच्छरों का आतंक बढ़ गया है। रामगढ़ के लोग चाहते हैं कि इस समस्या का जल्द हल निकले। गंदगी का आलम यह है कि अगर आप सड़क किनारे अवस्थित किसी चाय-नाश्ते की दुकान में कुछ खाने के लिए रूकेंगे, तो आपको रूमाल से नाक बंद करनी होगी। मिठाइयों की सुगंध भी नाली से उठनेवाली बदबूदार गंध से प्रदूषित हो गयी है। यहां सुभाष चौक के आसपास जितनी भी दुकानें हैं, सभी नालियों से आनेवाली बदबूदार गंध से परेशान हैं। सुभाष चौक के पास ही सब्जी की दुकान है। वहां भीड़ भी बहुत होती है, लेकिन साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था वहां नहीं है। उसके कुछ आगे बस स्टैंड का हाल भी बेहाल है।

## गोला में डीवीसी चौक बना जाम चौक

गोला में डीवीसी चौक जाम का केंद्र बन चुका है। जो भी यहां से गुजरता है, वह परेशान है। यहां सड़क के किनारे नालियों का निर्माण किया गया है। उस पर लोगों ने अतिक्रमण कर छोटी-छोटी दुकान खोल दी है। इस कारण से जाम लग जाता है। वैसे भी यहां से बड़ी-बड़ी गाड़ियां, डंपर, ट्रक हमेशा गुजरता रहता है। ट्रैफिक व्यवस्था ठप होने से यहां जाम लगा रहता है। एक्सीडेंट की भी घटनाएं काफी होती हैं। गोला डेली मार्केट का भी हाल बदहाल है। यह वही मार्केट है, जहां से सब्जियां यूपी, बिहार और अन्य राज्यों में सप्लाई होती हैं। यहां का फ्रेंच बीन तो दुबई तक जाता है। बांग्लादेश भी सब्जियां जाती हैं। डेली का 50 लाख से अधिक का कारोबार है। किसान यूनियन के अध्यक्ष चतुर्भुज कश्यप ने बताया कि किसानों को और व्यापारियों को सब्जियां खरीद बिक्री के लिए मार्केट में उचित जगह नहीं है। मार्केट में कीचड़ है या कीचड़ में मार्केट, समझ में नहीं आता। उन्होंने बताया कि पांच करोड़ के टेंडर से एक शेड का निर्माण भी होना था, लेकिन वह भी अधर में लटक गया है। सिर्फ एक ढांचा मात्र उठा कर छोड़ दिया गया है। बता दें कि गोला से होकर ही दिशोम गुरु शिबू सोरेन का गांव जाया जाता है। उनका परिवार भी उसी रास्ते से गांव जाता है, बावजूद आज तक गोला को जाम से मुक्ति नहीं मिली। सुनने में आ रहा है कि अब यहां फ्लाईओवर बनेगा, लेकिन कब काम शुरू होगा, यह भविष्य के गर्त में है। वहीं कुछ दूर आगे रजरप्पा क्षेत्र के लोग बिजली, पानी, स्वास्थ्य लाभ, शिक्षा व्यवस्था से जूझ रहे हैं। वहां मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि यहां जल नल योजना में धांधली चल रही है। पीएचडी विभाग के लोग आते हैं, 350 रुपये लेते हैं और 120 रुपये की पर्ची देते हैं। अगर किसी ने उन्हें टोका, तो कहते हैं ज्यादा बोलियेगा, जो पर्ची दे रहे हैं वह ले लीजिए। ग्रामीणों को समझ में नहीं आ रहा कि वे शिकायत करें, तो किससे।



## गिद्दी में पिछड़ेपन का दंश



यह इलाका भी पिछड़ा हुआ है। बुनियादी सुविधाओं से अभी भी यह इलाका जूझ रहा है। ग्रामीण परेशान हैं। विधायक तो सुन भी ले, लेकिन जयंत सिन्हा जबसे सांसद बने, इस क्षेत्र के बारे में उन्हें थोड़ी भी जानकारी नहीं रही। लेकिन जैसे ही पता चला कि अब यहां से मनीष जयसवाल भाजपा उम्मीदवार हैं, तो ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों को लगता है कि मनीष जयसवाल उनकी समस्याओं को सुलझा पायेंगे।

## बड़कागांव में विस्थापन का मुद्दा

बड़कागांव की जो सबसे बड़ी समस्या है, वह है विस्थापन। विस्थापन का दंश इस इलाके का हर शख्स झेल रहा है। बड़कागांव कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां का गुड़ पूरे भारत में फेमस है, लेकिन यहां जब लोगों की जमीन चली जा रही है, तो कहां गन्ना उगेगा और कहां से गुड़ बनेगा। इस क्षेत्र को धान का कटोरा कहा जाता है, लेकिन लोगों की जब जमीन ही नहीं बचेगी, तब वह खेती कहां से करेंगे। लोगों को विस्थापित किया जा रहा है। जब इस क्षेत्र में बड़ी-बड़ी कंपनियों का आगमन हुआ, तब लोगों को लगा कि अब बड़कागांव का विकास होगा, लेकिन उनकी समस्या और बढ़ गयी। कंपनी वाले सुनते नहीं और जब प्रशासन के पास ग्रामीण जाते हैं, तो वे कंपनी वालों का ही पक्ष लेते हैं। बड़कागांव में ट्रैफिक की बद से बदतर स्थिति है। एसपी की गाड़ी भी घंटों फंस जाती है। आठ से दस घंटे ही इस क्षेत्र में बिजली रहती है। कब आती है, कब जाती है, ठिकाना नहीं। कहने को तो यहां एनटीपीसी जैसी कंपनी है, लेकिन यहां के लोगों को उससे कोई फायदा नहीं हो रहा। बड़कागांव निवासी इमाम साहेब क्रांतिकारी ने बताया कि वह सालों से एनटीपीसी के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2016 में यहां माइनिंग शुरू हुई। उन्होंने कहा कि बड़कागांव की मौजूदा विधायक हैं अंबा प्रसाद। उन्होंने यहां की दाड़िकला पंचायत, सिंदवारीकला पंचायत और चेपाकला पंचायत की अपने स्वार्थ के चलते बलि चढ़ा दी। इनकी शुरू से मानसिकता यह थी कि उन्हें ट्रांसपोर्टिंग मिल जाये, ठेकेदारी मिल जाये, लेकिन कंपनी ने कभी भाव नहीं दिया। उसके बाद ये लोग आंदोलन करते थे। इमाम साहेब क्रांतिकारी ने बताया कि अंबा प्रसाद करोड़ों में कमा रही हैं। इसलिए आज इडी इनके पीछे है। लगभग सभी स्थानीय लोगों का कहना था कि उनकी माटी की जो रक्षा करेगा, वे उसके साथ रहेंगे।





## बड़कागांव की चेपाकला पंचायत: विस्थापित होने का डर

चेपाकला के युवा मुखिया अनिकेत कुमार का कहना था कि वह विस्थापन का दंश झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां अभी हम खड़े हैं, शायद आने वाले चंद वर्षों में यह जगह ही नहीं रहे। हमें यहां से विस्थापित होना पड़ेगा। कहां जायेंगे, कहा रहेंगे कोई ठिकाना नहीं है। सरकार ने जो जगह चिह्नित की है हमें बसाने के लिए, वह भी क्लियर नहीं है। बहुत सी परेशानी है उसमें। उसमें पारदर्शिता नहीं है। हम लोग ग्रामीण परिवेश में रहे हैं, जो लोग विस्थापित हुए हैं, वे भी ग्रामीण परिवेश में ही रहे हुए हैं, लेकिन उन्हें जो जगह मिली है, वह रहने लायक नहीं है। बिलकुल अलग माहौल में रहना पड़ेगा। चार बाई चार या छह बाई छह के कमरे में हमें रहना होगा। हमारे घर में आज आंगन भी है। कमरा भी बड़ा ही है। सब खुला हुआ है। वहां जो हमें आवास मिलेगा, उसकी स्थिति या कहें कि कल्चर हमारे अनुरूप नहीं है। हम लोग अपने साथ मवेशी रखते हैं, उन्हें अब कहां लेकर जायेंगे। मुखिया ने बताया कि जिस जमीन पर उन्हें विस्थापित किया जायेगा, उसमें भी झोल है। वह जमीन अभी तक कंपनी को ही हैंडओवर नहीं हो पायी है। इसलिए हमें रजिस्ट्री कर के जगह नहीं दी जा रही है। सभी लोग इसलिए भी डरे हुए हैं। उन्हें लगता है कि जब जमीन ही क्लियर नहीं है और कंपनी का जब 10 से 15 साल बाद लीज खत्म हो जायेगा, तब हमें वहां से भी भगा दिया जायेगा। तब तो हम न घर के रहे और न घाट के। चेपाकला पंचायत के बुजुर्गों की आंखों में आंसू के साथ-साथ डर भी था। वहां के बच्चे सहमे हुए थे। एक मंदिर था, वहां भजन कीर्तन हो रहा था। उनका कहना था कि अब यहां हम भजन भी नहीं कर पायेंगे। हमें जाना होगा। दर्द था आंखों में। जुबां पर अलग सी खामोशी। डर इस क्षेत्र की हवाओं में फैल चुका है। बस अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं लोग कि कब विस्थापन अपना फन फैलायेगा और वे उसके आगोश में आ जायेंगे।

### आजाद सिपाही टीम

(सुनील सिंह, सूरज, प्रदीप, अर्जुन, अमरजीत, दीपक सिंह, डॉ मिथिलेश, संतोष, बिजेंदर कुमार, श्याम ठाकुर, पिंटू कुशवाहा दिनकर, अनिकेत कुमार, अंजनी और निरंजन महतो के साथ राकेश सिंह)

# पहले चरण में 252 दागी, 450 करोड़पति उम्मीदवार

## 716 करोड़ के साथ कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ सबसे अमीर उम्मीदवार

सलोनी

**देश में** इस वक्त चुनाव की सरगर्मी है। 19 अप्रैल से लेकर 1 जून तक सात चरणों में लोकसभा के चुनाव होने हैं। पहले चरण के नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के हलफनामे का विश्लेषण किया है। पहले चरण में कुल 1625 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें से 1618 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। सात उम्मीदवारों के शपथ पत्र स्पष्ट नहीं होने के कारण उनके हलफनामों का विश्लेषण नहीं हो सका है।

एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि पहले चरण में 1618 उम्मीदवारों से 252 (16%) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 450 (28%) उम्मीदवार करोड़पति हैं, जबकि उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 4.51 करोड़ है।

### उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि

1618 में से 252 (16 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। 1618 में से 161 (10 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। 15 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किये हैं। सात उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या (आइपीसी-302) से संबंधित मामले घोषित किये हैं। महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 18 हैं। इन 18 में से एक उम्मीदवार के ऊपर दुष्कर्म (आइपीसी-376) से जुड़ा मामला दर्ज है। इसके अलावा, भड़काऊ भाषण से जुड़े मामले घोषित करने वाले कुल 35 उम्मीदवार हैं।

### दलगत आंकड़े क्या हैं

पहले चरण में बिहार में राजद के सभी चार उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। वहीं, डीएमके के 22 में से 13, सपा के सात में से तीन, तृणमूल कांग्रेस के पांच में से दो, भाजपा के 77 में से 28, अन्नाद्रमुक के 36 में से 13, कांग्रेस के 56 में से 19 और बसपा के 86 में से 11 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।


राजद के चार में से दो, डीएमके के 22 में से छह, सपा के सात में से दो, तृणमूल कांग्रेस के पांच में से एक उम्मीदवार ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये हैं।

वहीं भाजपा के 14, अन्नाद्रमुक के छह, कांग्रेस के आठ और बसपा के आठ प्रत्याशियों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं।

### उम्मीदवारों की संपत्ति का लेखा-जोखा

1618 में से 28 प्रतिशत यानी 450 उम्मीदवार करोड़पति हैं। भाजपा के 77 में से 69, कांग्रेस के 56 में से 49, राजद के चार में से चार, अन्नाद्रमुक के 36 में से 35, द्रमुक के 22 में से 21, तृणमूल कांग्रेस के पांच में से चार और बसपा के 86 में से 18 उम्मीदवार करोड़पति हैं। चुनावी हलफनामों में इन प्रत्याशियों ने एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है।

जानकारी




### हरेक के पास औसतन 4.51 करोड़ की दौलत

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में हर उम्मीदवार के पास औसतन 4.51 करोड़ की संपत्ति है। दलगत आंकड़ों पर गौर करें तो अन्नाद्रमुक के 36 उम्मीदवारों की सबसे ज्यादा औसतन संपत्ति 35.61 करोड़ की संपत्ति है।

इसके बाद द्रमुक के 22 उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 31. 22 करोड़, कांग्रेस के 56 उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 27.79 करोड़, भाजपा के 77 उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 22.37 करोड़, राजद के चार उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 8.93 करोड़ है। वहीं, सपा के सात उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 6.67 करोड़ और तृणमूल कांग्रेस के पांच उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.72 करोड़ बतायी गयी है।

### नकुलनाथ सबसे अमीर प्रत्याशी

पहले चरण में सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करनेवाले उम्मीदवार मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ हैं। छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी ने कुल 716 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। इस मामले में दूसरे स्थान पर अन्नाद्रमुक के अशोक कुमार हैं। तमिलनाडु की इरोड सीट से चुनाव लड़ रहे कुमार ने अपने हलफनामे में 662 करोड़ की दौलत बतायी है। तीसरे सबसे धनी प्रत्याशी भाजपा के देवनाथन यादव हैं। तमिलनाडु की शिवगंगा सीट से चुनाव लड़ रहे देवनाथन की संपत्ति 304 करोड़ की है।

### तीन की संपत्ति 300 से 500 रुपये

10 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य घोषित की है। वहीं तीन उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति 300 से 500 रुपये के बीच की बतायी है। 320 रुपये के साथ के. पोनराज सबसे कम संपत्ति घोषित करने वाले उम्मीदवार हैं। वह तमिलनाडु की थूथुकुडी सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, दो निर्दलीय उम्मीदवारों- कार्तिक गेंदलालजी डोके और सुरियामुथु ने अपनी संपत्ति महज 500 रुपये की घोषित की है। कार्तिक महाराष्ट्र की रामटेक, जबकि सुरियामुथु तमिलनाडु की चेन्नई उत्तर सीट से प्रत्याशी हैं।

### 39% की पढ़ाई 5वीं और 12वीं के बीच

तमाम उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता की बात करें तो 639 (39 प्रतिशत) उम्मीदवार 5वीं और 12वीं के बीच पढ़ाई किये हुए हैं। 836 (52 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा बतायी है। 77 उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं। 36 उम्मीदवार साक्षर, जबकि 26 उम्मीदवार अनपढ़ भी हैं। चार उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता घोषित नहीं की है।

उम्मीदवारों की आयु के आंकड़े देखें तो 505 (31 प्रतिशत) उम्मीदवार 25 से 40 वर्ष के बीच के हैं। 849 (52 प्रतिशत) प्रत्याशी 41 से 60 वर्ष के बीच हैं। 260 (16 प्रतिशत) उम्मीदवारों की आयु 61 से 80 वर्ष है। चार उम्मीदवारों की आयु 80 वर्ष से अधिक है। चुनाव में महिला प्रतिनिधित्व देखें तो पहले चरण में 136 यानी महज 8 प्रतिशत महिला उम्मीदवार हैं।

डॉक्टरी सलाह

## 45 मिनट से ज्यादा भाषण न दें, शुगर-बीपी वाले ध्यान रखें

राजवीर



**लोकसभा** चुनाव के लिए 38 डिग्री तापमान वाली गर्मी में प्रत्याशी-पार्टियों के नेता भाग-दौड़ कर रहे हैं। वे एक दिन में चार से पांच सभाएं और डोर-टू-डोर जनसंपर्क भी कर रहे हैं। लंबे भाषणों से गला बैठ जा रहा है। व्यस्त दिनचर्या से बीपी बढ़ने समेत कई स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें आ रही हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने नेताओं को एक दिन में 10 हजार कदम से ज्यादा न चलने और 45 मिनट से ज्यादा लंबा भाषण न देने की सलाह दी है। इएनटी विशेषज्ञों का कहना है कि आवाज बैठने पर गुनगुने पानी से गरारा करें। दिन में सामान्य पानी का प्रयोग करें।

### तरल पदार्थ ज्यादा लें, बाहर के खाने से बचें

डायटीशियन के मुताबिक गर्मी के दिनों में चार लीटर तक पानी पियें। पानी में इलेक्ट्रॉल या ग्लूकोन डी आदि मिला लें। तरल पदार्थ अपनी डाइट में ज्यादा शामिल करें। बाहर के खाने से बचें। बाहर का तेल एवं मसाले से पेट खराब हो जायेगा। सुबह के नाश्ते में ब्रेड, पराठा, अंडा, जूस ले सकते हैं। दोपहर को दाल, रोटी, सब्जी, चावल, सलाद, छाछ, दही लें। रात में रोटी सब्जी, दाल और दूध पियें।

शुगर और बीपी है तो मशीन और दवाएं अपने साथ रखें

वरिष्ठ फिजिशियन के मुताबिक, प्रत्याशी या नेता अपने साथ शुगर-बीपी मापने की मशीन रखें। यदि बीपी-शुगर के मरीज है, तो दवाएं जरूर साथ रखें और उन्हें ना छोड़ें। शुगर कम होने पर गुड़-चीनी या ग्लूकोज लें। हाई शुगर में पानी पियें और परामर्श लें।

### त्वचा और पैरों की दिक्कतों से ऐसे बचें

स्किन स्पेशलिस्ट ने कहा, गर्मियों के दिनों में सूती कपड़े ही पहनें। सिर पर कैप या अंगोछा रख लें। पूरी बाजू की शर्ट पहनें या हाथों को ढंक कर रखें। धूप में निकलने पर अच्छा मॉश्चराइजर लगा लें। फिजियोथैरेपिस्ट के मुताबिक, निरंतर चलने से पैरों में दिक्कत होने लगती है। प्रचार के समय कम वजन वाले स्पोर्ट्स शूज पहनें। नहीं तो पैर में भारीपन, दर्द की शिकायत, लाल निशान या छाले हो सकते हैं। दर्द होने पर गुनगुने पानी से सिकाई कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ज्यादा दिक्कत होने पर फिजियोथैरेपी या मसाज करायें।


### छह से आठ घंटे नींद जरूरी

डॉक्टरों का कहना है कि गर्मी में ज्यादा चलने-बोलने से बीपी, शुगर और दिल की समस्या बढ़ सकती है। पसीना आने या घबराहट होने पर बीपी, शुगर जांच लें। सुबह 30 से 40 मिनट व्यायाम और ध्यान करें। छह से आठ घंटे तक नींद लें।

# 1957 में शाहरुख के पिता को नहीं मिला था एक भी वोट

अक्षय

चुनावी कहानी



**गुरुग्राम लोकसभा** क्षेत्र में हुए कुछ चुनाव बड़े ही रोचक रहे हैं। कुछ में रिकॉर्ड भी बना है। सबसे कम और सबसे ज्यादा वोट से जीतने का रिकॉर्ड भी इसी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के नाम रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र के चुनावी दंगल में एक प्रत्याशी ऐसा भी रहा है, जिसे एक भी वोट नहीं मिल पाया था। यह प्रत्याशी फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के पिता ताज मोहम्मद थे। पाकिस्तान के पेशावर में रहने वाले ताज मोहम्मद बंटवारे के बाद दिल्ली में आकर बसे थे। गुरुग्राम लोकसभा सीट आजादी के बाद अस्तित्व में आयी थी। इसमें फरीदाबाद भी शामिल था। गुरुग्राम सीट 1952 से 1971 तक रही। इस दौरान एक उप चुनाव समेत छह चुनाव हुए थे। इसके बाद साल 2009 में दोबारा से गुरुग्राम सीट बनी। तीन चुनाव हो चुके हैं। गुरुग्राम लोस का पहला चुनाव साल 1952 में हुआ था। इसमें कांग्रेस उम्मीदवार ठाकुर दास भार्गव विजेता रहे। इसमें ठाकुर दास भार्गव को 1,13,269 और जीवन खान को 36,615 वोट मिले थे। प्रत्याशी के खाते में शून्य वोट का यह मामला वर्ष 1957 के लोकसभा चुनावों का है। देश में दूसरी लोकसभा के लिए हुए इस चुनाव में कांग्रेस के अबुल कलाम आजाद को 1,91,221 और उनके प्रतिद्वंद्वी बीजेएस के प्रत्याशी मूलचंद को 95,553 वोट मिले थे। इस चुनाव में मजेदार बात यह रही कि निर्दलीय प्रत्याशी और फिल्म स्टार शाहरुख खान के पिता ताज मोहम्मद को एक भी वोट नहीं मिला था। यह अपने आप में रिकॉर्ड है।

### सबसे कम मतों से जीते थे अब्दुल गनी डार

अबुल कलाम की मौत के बाद 1958 में उपचुनाव हुआ था। केंद्र में पंडित जवाहर लाल नेहरू की सरकार होने के बावजूद आर्य समाज के नेता प्रकाशवीर शास्त्री ने चुनाव जीता था। उन्होंने कांग्रेस नेता एम चंद्रा को हराया था। इस दौर में हरियाणा में आर्य समाज का वर्चस्व था। इसका असर उपचुनाव में देखने को मिला था। वर्ष 1967 में सबसे कांटेदार मुकाबला हुआ था। इसमें निर्दलीय प्रत्याशी अब्दुल गनी डार ने कांग्रेस उम्मीदवार जी. सिंह को सिर्फ 1308 मतों से हराया था। इस सीट पर इतने कम मतों से अभी तक किसी की जीत नहीं हुई है। यह भी अपने आप में रिकॉर्ड है।

### सर्वाधिक वोट से जीतने वाले राव इंद्रजीत

मोदी लहर में साल 2014 में एकतरफा चुनाव रहा। इस चुनाव में सबसे अधिक मत लेने एवं जीतने का रिकॉर्ड दर्ज हुआ था। इस चुनाव में भाजपा उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह को 6,44,780 मत मिले थे और इनेलो के जाकिर हुसैन को 2,74,722 मतों से हराया था। साल 2019 में राव इंद्रजीत ने अपना ही रिकार्ड तोड़ दिया और 3,86,256 वोट से जीत हासिल की थी।

### 2009 से राव इंद्रजीत सिंह हैं सांसद

साल 2009 में गुरुग्राम लोकसभा दोबारा अस्तित्व में आ गया और इस साल हुए चुनाव में भी कांग्रेस से राव इंद्रजीत सिंह ने चुनाव जीता। राव इंद्रजीत सिंह ने बीएसपी के जाकिर हुसैन को 84,864 वोट से हराया था। कांग्रेस विरोधी और मोदी लहर को भांप राव इंद्रजीत सिंह कांग्रेस छोड़ कर बीजेपी में शामिल हो गये थे और साल 2014 में हुए आम चुनाव में रिकार्ड 2,74,722 वोट से जीते। इसमें राव इंद्रजीत सिंह को 6,44,780 और इनेलो नेता जाकिर हुसैन को 3,70,058 वोट मिले थे। हालांकि साल 2019 में हुए चुनाव में बीजेपी ने दूसरी बार राव इंद्रजीत को गुरुग्राम सीट से चुनाव मैदान में उतारा था। इसमें राव इंद्रजीत का मुकाबला कांग्रेस नेता और छह बार विधायक रहे कैप्टन अजय सिंह यादव से रहा। इसमें राव इंद्रजीत सिंह को 8,81,546 वोट मिले। कैप्टन अजय सिंह यादव को 4,95,290 वोट मिले थे।

### शाहरुख के पिता थे ताज मोहम्मद

1957 के चुनाव में ताज मोहम्मद खान ने कांग्रेस नेता अबुल कलाम आजाद के खिलाफ चुनाव लड़ा था। वे बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के पिता थे। देश आजाद होने के बाद सन 1957 में दूसरा लोकसभा चुनाव था। इस साल हरियाणा (तत्कालीन पंजाब) की सात सीटों पर भी चुनाव हुए थे। ऐसे में गुड़गांव (अब गुरुग्राम) सीट 1957 लोकसभा चुनाव में बेहद अहम हो गयी थी।

इस सीट से चुनाव लड़ रहे थे देश के पहले शिक्षा मंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार अबुल कलाम आजाद, उनके खिलाफ थे आजादी की लड़ाई में उन्हीं के साथी मीर ताज मोहम्मद थे। दूसरे लोकसभा चुनाव में गुड़गांव सीट से केवल तीन उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। पहले कांग्रेस के टिकट पर अबुल कलाम आजाद, दूसरे भारतीय जनसंघ के मूल चंद और तीसरे निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर शाहरुख खान के पिता मीर ताज मोहम्मद खान थे। आजादी के आंदोलन में कांग्रेस के साथ रहे ताज मोहम्मद इस चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ मैदान में उतरे थे। गुड़गांव सीट से ताज मोहम्मद खान चुनाव तो लड़े, लेकिन उन्हें बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। इस चुनाव की सबसे खास बात यह थी कि ताज मोहम्मद खान को एक भी वोट नहीं मिला था। कांग्रेस के मौलाना अबुल कलाम आजाद को 1 लाख 91 हजार 221 वोट (66.7%) मिले थे। जनसंघ के मूल चंद को 95 हजार 553 मत (33.3%) हासिल हुए, जबकि ताज मोहम्मद खान को जीरो वोट मिले। उनकी इस चुनाव में बुरी तरह हार हुई। शाहरुख खान के पिता ताज मोहम्मद खान एक स्वतंत्रता सेनानी थे और कांग्रेस से जुड़े थे। महात्मा गांधी और अब्दुल गफ्फार खान के साथ आजादी की लड़ाई में उन्होंने हिस्सा लिया था। आजादी से पहले ताज मोहम्मद का परिवार पाकिस्तान के पेशावर में रहता था। आजादी के बाद वह दिल्ली में रहने लगे थे।

# छह सीटों पर नये लड़ाके, रोचक होगी भिड़ंत

विद्यासागर

बिहार का रणक्षेत्र

**बिहार** की सभी सुरक्षित लोकसभा सीटों पर इस बार आमने-सामने नये लड़ाके होंगे। इन सीटों पर एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों के सभी उम्मीदवारों के बीच पहला मुकाबला होगा। इनमें कुछ सीटें गठबंधन के तहत दूसरे दल के कोटे में जाने से तो कहीं उम्मीदवार के बदल जाने से ऐसी स्थिति आयी है। राज्य में छह सीटें गया, समस्तीपुर, हाजीपुर, जमुई, गोपालगंज और सासाराम सुरक्षित हैं। गया में हम पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी मैदान में हैं। उनके सामने पूर्व मंत्री राजद के कुमार सर्वजीत हैं। मांझी तो पहले भी गया से लोकसभा का चुनाव लड़ते रहे हैं। पर, कुमार सर्वजीत पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में इन दोनों प्रत्याशियों के बीच पहली बार मुकाबला हो रहा है।

इसी तरह समस्तीपुर में लोजपा आर की उम्मीदवार शांभवी पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। वह जदयू के मंत्री अशोक चौधरी की बेटी हैं। यहां पर कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है, पर जो भी होंगे, उनके और शांभवी के बीच पहली लड़ाई ही होगी। यहां पर रालोजपा के प्रिंस राज सांसद थे, पर इस बार यह सीट लोजपा आर को मिली है। रालोजपा एनडीए से ही बाहर हो गयी है। हाजीपुर में भी स्थिति समस्तीपुर की तरह ही हैं। यहां पर भी राजद ने अपने उम्मदीवार का नाम घोषित नहीं किया है, हालांकि पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम की चर्चा है। उधर एनडीए के तहत यहां से लोजपा आर के प्रमुख चिराग पासवान मैदान में हैं। वह पहली बार हाजीपुर से लड़ रहे हैं। यहां से उनके पिता रामविलास पासवान आठ बार और उनके चाचा पशुपति कुमार पारस एक बार सांसद रह चुके हैं। यहां पर भी एनडीए और महागठबंधन के उम्मीदवार के बीच का मुकाबला नया ही होगा। वहीं, जमुई में लोजपा आर के उम्मीदवार अरुण भारती और राजद की अर्चना रविदास दोनों ही पहली बार मैदान में हैं। जमुई से पिछली बार लोकसभा का चुनाव लोजपा के चिराग पासवान जीते थे, पर इस बार उन्होंने अपने बहनोई अरुण भारती को यहां से मैदान में उतारा है। सासाराम में भी पहली बार भाजपा के शिवेश राम मैदान में हैं। यहां पर भी महागठबंधन के तहत कांग्रेस को लड़ना है, पर उसने अभी अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। यहां पर भी कांग्रेस उम्मीदवार से शिवेश राम की पहली बार लड़ाई होगी। इन छह में सिर्फ गोपालगंज ही एक मात्र सीट है, जहां से वर्तमान सांसद को टिकट मिला है। जदयू सांसद डॉ आलोक कुमार सुमन लगातार दूसरी बार यहां से मैदान में हैं। वहीं, महागठबंधन के तहत इस बार यह सीट वीआइपी को चली गयी है। वीआइपी पहली बार यहां से चुनाव लड़ेगी। राज्य की छह सुरक्षित सीटों में तीन लोजपा आर को मिली हैं। इस तरह देखें तो राज्य की आधी सुरक्षित सीटों पर एनडीए के अंतर्गत लोजपा आर के उम्मीदवार होंगे। एनडीए के तहत लोजपा आर को बिहार में कुल पांच सीटें मिली हैं, जिनमें तीन सुरक्षित हैं। वहीं, तीन अन्य सीटों में एक-एक एनडीए के तहत भाजपा, जदयू और हम को मिली है।

# निकाय चुनाव पर कोर्ट में खुली सरकार की कलई: अमर बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने मंगलवार को नगर निकाय चुनाव नहीं कराने के मसले पर सरकार पर हमला बोला। पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 2023 से राज्य में 48 नगर निकाय भंग है। रांची नगर निगम की पूर्व वार्ड पार्षद रोशनी खलखो ने इस संबंध में चुनाव कराने की मांग को लेकर जनहित याचिका डाली थी। अपील याचिका में राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि पिछड़ा आयोग को ही डेडिकेटेड कमीशन के रुप में नियुक्त कर दिया है। वह जिलों से ओबीसी की आबादी का आकलन करेगा और मिले डाटा के आधार पर निकाय चुनाव में वार्डों में ओबीसी आरक्षण दिया जायेगा। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेवए प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूरए मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाइक भी उपस्थित थे।

अमर बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार ने हाइकोर्ट में सूचना आयोग, लोकपाल की नियुक्ति के मसले पर भी झूठ बोला है। अधिकारियों ने कोर्ट में गलत एफिडेविट दिया। कहा गया कि नियुक्ति तैयारी पूरी है। आदर्श आचार संहिता के कारण मामला रुका है। बतौर नेता प्रतिपक्ष सच यह है कि ऐसा कुछ नहीं हो सका है। सीएम चंपाई सोरेन को चाहिए कि निकाय चुनाव के मामले में स्थिति स्पष्ट करें। नेता प्रतिपक्ष ने सोरेन परिवार को निशाने पर लेते कहा कि मैडम कल्पना ही सारा लाइमलाइट ले रही हैं। सीएम चंपाई को पूछा नहीं जा रहा। सोरेन परिवार की हालत यह है कि सीता सोरेन को अपने हक, अधिकार के लिए बगावत करना पड़ा। बसंत सोरेन में योग्यता होने के बावजूद उन्हें साइडलाइन किया जा रहा है।

# पीएम दस साल का हिसाब दें : सुप्रियो

**जेएमएम को भरोसा: छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की तरह हेमंत सोरेन को फंसाया गया, कोर्ट करेगा इंसाफ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से संबंधित मामले में आरोपियों को बड़ी राहत दे दी। शीर्ष कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ मनी लांड्रिंग के मामले को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर जेएमएम ने खुशी जाहिर की है। जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अब यह साफ हो गया है कि बीजेपी कंगारू के रूप में सामने आयी है और वही झोला पीएम ने साथ ले लिया है। इस झोले में इडी, सीबीआइ और भ्रष्टाचारियों को भर लिया है। इस चीज को सुप्रीम कोर्ट ने पकड़ लिया और इलेक्टरोल बॉड को गलत साबित कर दिया गया। ठीक इसी तरह से हमारे नेता हेमंत सोरेन के साथ हुआ। जब चुनाव नजदीक आया, तो उन्हें जेल में डाल दिया गया कि चुनाव प्रचार नहीं कर पायें। राज्य के साहू परिवार पर आइटी छापा पड़ा, लेकिन कुछ नहीं हुआ, क्योंकि उन्होंने पूरा हिसाब दे दिया।

**पीएम दें 10 साल का हिसाब: जेएमएम :** हेमंत सोरेन को बदनाम करने की कोशिश की गयी। जब हमने पकड़ लिया तो उठा कर जेल में डाल दिया गया। उनकी आवाज को बंद नहीं किया जा सकता है। अडानी को खनन करने के लिए हमारे नेता को जेल में डाला गया। अब बीजेपी की साजिश खुल कर सामने आ गयी है। पीएम अपने 10 साल के कार्यों का हिसाब दें।

## पाइपलाइन बिछाये जाने से संबंधित प्रगति की समीक्षा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में एनएच-31 पर पाइपलाइन बिछाये जाने से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गयी। एनएच और जुडिको के प्रतिनिधियों ने पाइपलाइन बिछाये जाने में आ रही दिक्कतें के बारे में उपायुक्त को जानकारी दी। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिस बिंदुओं पर भु-अर्जन का मामला है, उसका निराकरण करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही एनएच और जुडिको के प्रतिनिधि को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जहां-जहां पाइपलाइन लिकेज है या टूट गया है, यथाशीघ्र मरम्मत करें ताकि निर्बाध रूप से पानी की सप्लाई हो सके और आमजनों को पानी की समस्या न हो। पाइपलाइन बिछाये जाने में आ रही दिक्कतें को दूर करते हुए स्थल निरीक्षण कर इसका समाधान करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, प्रशासक नगर पंचायत, नगर परिषद, एनएच और जुडिकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## रामनवमी और ईद पर्व को लेकर हुई बैठक



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** रामनवमी और ईद को लेकर मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक मे बीडीओ हुलास महतो, सीओ परमेश्वर कुशवाहा, थाना प्रभारी सौरव शर्मा के साथ-साथ विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान रामनवमी और ईद त्योहार हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने साथ साथ आदर्श आचार संहिता के नियमों के अनुसार और सरकार द्वारा जारी नियमों के तहत मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक मे उपस्थित लोगों ने अपने अपने विचार रखे तथा अपने अपने अखाडा कमिटी की जानकारी दी। बैठक मे प्रखंड प्रशासन के लोगों ने डीजे पर अश्लील व धार्मिक भावनाओ को ठेस पंहुचाने वाले गानो पर प्रतिबंध और जुलुस मे किसी भी राजनीतिक पार्टी के झंडा को नहीं लगाने की बात कही। बैठक मे पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, राजकुमार यादव, सकलदेव सिह, मुखिया रंजीत कुमार सिह, विजय यादव, टीपन पासी, सुनील यादव, जनार्दन यादव, संजू यादव, रविन्द्र गुप्ता, सुरेन्द्र यादव, रविशंकर सिह, मो. खलील, तोकीर अहमद, मो. अफजल, दिवाकर तिवारी, जाकिर अंसारी, शम्भू सिंह, रविन्द्र पाण्डेय, सतीश सिंह, मनोज सिंह, जगरनाथ कुशवाहा, चंद्रिका प्रसाद, देवी सिंह यादव, शंकर बर्मा, एसआई गोविन्द सिंह आदि मौजूद थे।

## योग और आयुर्वेद के लिए सुषमा सम्मानित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार आयुष विभाग के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन शगुन बैंक्विट होटल में किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि आयुष विभाग के डीएमओ डॉ प्रभात कुमार, विशिष्ट अतिथि सुबोध कुमार ओझा, पूर्व जिला न्यायाधीश अर्जुन मोदी, बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व मैनेजर आलोक कुमार सिंह, नारायण सिंह और पंजाबी समाज के कोषाध्यक्ष भजन सिंह और मोदी बरनवाल महिला समिति के संरक्षक गायत्री देवी थीं। मंच संचालन प्रदीप कुमार सुमन और रामकिशोर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर और गायत्री मंत्र का उच्चारण करके किया गया। डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि जिला के लिए बहुत गर्व की बात है, सुषमा सुमन कड़ी मेहनत करके गांव-गांव में जाकर योग आयुर्वेद को पहुंचा रही है। इस कार्य को देखते हुए झारखंड सरकार सम्मानित कर रही है। सुषमा सुमन को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के द्वारा मोमेंटो, अंग वस्त्र और सर्टिफिकेट देकर और माला पहनकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रदीप कुमार सुमन और देवराज पांडे को भी सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम में सेवा निवृत्त शिक्षक गोवर्धन यादव, उपेंद्र दुबे, रामचंद्र यादव, डीलो साव, सुधारानी, रीना देवी, पुष्पा देवी, कृति सुमन, शशि देवी, दीपा भारती, विजय बरनवाल, पिंकी देवी, प्रीति देवी, राजेश वर्मा, पवन दास, सुनील कुमार, नेहा देवी, मनोज यादव, गौतम कुमार उपस्थित थे।

## सुरेंद्र भाई मोदी बने कोडरमा लोस चुनाव प्रभारी



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के निर्देश पर झारखंड के विभिन्न लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रभारी का मनोनित किया है। इस संबंध में उन्होंने जयनगर निवासी भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी को कोडरमा लोकसभा का चुनाव प्रभारी मनोनीत किया है। अपने मनोनयन पर श्री मोदी ने अर्जुन सिंह व पवन साहू के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी सोपी है वह उसका पूरा-पूरा निर्वहन करेंगे और इस सीट से लोकसभा चुनाव की प्रत्याशी सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाकर केंद्र में एक बार फिर से पूर्ण बहुमत वाली मोदी सरकार बनाने में अपनी भूमिका निभायेंगे।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** चंदवारा प्रखंड के ग्राम पिण्डारो, कांको में श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकली। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी शामिल हुईं। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भगवान राम और हनुमान के जयकारों से गूंजता रहा। जयकारे की गुंज से माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान के लिए वे सर्वप्रथम आयोजन कमेटी के साथ तमाम सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हैं। इस प्रकार के अनुष्ठान का आयोजन करने से क्षेत्र में भक्ति का माहौल बनता है और धार्मिक वातावरण की उत्पत्ति होती है। क्षेत्र के तमाम भक्तजनों से अपील करते हुए कहा कि इस यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य का भागी बनें। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज साव, धनेश्वर ठाकुर, रामचंद्र शर्मा, दिनेश यादव, भोला राम, लडन खान, सुवेश्वर भारती, सिकंदर गिरी, अरुण भारती, अरुण यादव, दिलीप यादव, शिवपूजन भारती, शत्रुघ्न भारती, विनोद यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

### रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

# चलंत डीजे पर प्रतिबंध रहेगा

**लाउडस्पीकर पर भक्ति गाने बजाने, पारंपरिक ढोल ताशे की धुन, संगीत पर कोई रोक नहीं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** आगामी रामनवमी पर्व के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे, भाईचारा के साथ व्यवस्थित तरीके से गरिमामय माहौल में रामनवमी मने इसको लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक नगर भवन सभागार में हुई। उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में जिला भर के शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुये उपायुक्त ने कहा पर्व त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बनी रहे। सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे इसके लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक और प्रशासन की प्राथमिकता है। शोभा यात्रा और पर्व के दौरान नागरिकों को निरंतर मूलभूत सुविधाएं, सेवा मिले इसके लिए प्रशासन संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा की शांतिपूर्ण, भक्ति भाव तरीके से ऐतिहासिक रामनवमी संपन्न हो इसके लिए जिला प्रशासन पिछले साल की तरह लोगों से सहयोग की अपेक्षा रखती है। उन्होंने कहा शोभा यात्रा में लाउडस्पीकर पर भक्ति गाने बजाने, पारंपरिक ढोल ताशे की धुन, संगीत पर कोई रोक नहीं है। भड़काऊ और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाले गाने और डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध पूर्व की तरह जारी है। प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों, हिस्ट्रीशीटर लोगों पर निगरानी रखी जा रही है। असामाजिक तत्वों के निगरानी के लिए ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी कैमरा का उपयोग किया जायेगा।

### ट्रैफिक व्यवस्था और बेरकेटिंग की मांग

रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष जीत यादव ने जुलूस मार्ग पर सुगम ट्रैफिक व्यवस्था और सही जगहों पर बेरकेटिंग की मांग की। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता, विशाल बाल्मिकी, सुनील साहू, रवि सिंह, गणेश कुमार सीटू समेत कई अन्य लोगों ने रामनवमी के मद्देनजर बिजली, पानी, सड़क आदि को दुरुस्त किये जाने की मांग रखी। शोभा यात्रा में आने वालों के लिए अलग-अलग अस्थाई शौचालय की पर्याप्त सुविधा हो, सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाये, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो। साथ ही उन्होंने प्रशासन से शांतिपूर्ण, व्यवस्थित तरीके से रामनवमी आयोजन के लिए प्रशासन से सहयोग का भरोसा दिलाया। मौके पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, मुन्सिपल कमिश्नर शैलेंद्र लाल, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीना, एसी संतोष सिंह, सदर एसडीओ शैलेश कुमार, सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष के अलावा जिले के सभी डीएसपी, इंस्पेक्टर, बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह शिव शक्ति होमात्मक नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर बोंगा शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा बोंगा शिव मंदिर से निकल सिवाने नदी तक गया, वहां पूरे विधि विधान से बनारस से आये आचार्य तीर्थ देव त्रिपाठी और धर्मेंद्र शास्त्री के द्वारा मंत्र उच्चारण कर जल कलश में भरकर पुनः मंदिर पहुंचा। सैकड़ों भक्तों द्वारा जय श्री राम, हर हर महादेव से गूंज उठा। कमेटी के अध्यक्ष भागवत मेहता और सचिव उमेश मेहता ने बताया कि 9 दिन तक चलने वाले यज्ञ कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के जागरण, प्रवचन, नाट्य कला का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता, जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, जिप सदस्य रेणु देवी, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता, उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, जिला मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, कांग्रेस नेत्री रेणु कुमारी, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता, महेश साव, मुखिया मोदी मेहता, जयनंदन मेहता, इंद्रदेव मेहता, राजेंद्र मेहता, राजेश मेहता, अशोक मेहता, जागेश्वर मेहता के अलावे सैकड़ों भक्त हुए शामिल। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के दशरथ कुमार मेहता, सचिव उमेश मेहता, कोषाध्यक्ष मुकेश प्रसाद मेहता, अजय मेहता, रामचंद्र मेहता, सुभाष मेहता, मुरली मेहता, दिलीप मेहता, मिथिलेश कुमार मेहता, विनोद कुमार, वीरेंद्र मेहता, बालेश्वर मेहता के अलावा दर्जनों ग्रामीण शामिल है।

## सीएसआर समिति की बैठक, मतदाता जागरूकता पर बल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सीएसआर समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में उपायुक्त ने सीएसआर समिति अंतर्गत सभी ईकाईयों को समाज के उत्थान के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सीएसआर के तहत कार्य करने को निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी अपने उद्योग में बूथ अवेयरनेस फोरम बनायेंगे और लोगों को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें। बैठक उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, डॉ अनिल कुमार, अभिषेक आनंद, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुजुर, राजीव कुमार सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## भगवान भास्कर को अर्घ्य के साथ नव वर्ष का स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** चैत्र शुक्ल एकम को भारतीय नव वर्ष वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 आरंभ हो गया। ये हमारी सभ्यता संस्कृति के लिए विशेष दिवस है। भारतीय काल गणना के अनुसार आज ही के दिन नव संवत्सर प्रारंभ होता है। भारतीय काल गणना का संबंध प्रकृति से है, हमारे यहां नक्षत्रों, मासों, ऋतु सहित दिवसो आदि के नाम पूर्ण रूप से वैज्ञानिक आधार पर सुनिश्चित किये है। आज का पावन दिन वर्ष का प्रथम दिवस है। आज ही के दिन भगवान ब्रह्मा जी ने पृथ्वी की रचना की थी। इस अवसर पर संस्कार भारती हजारीबाग इकाई के तत्वावधान में स्थानीय झील परिसर में वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 का भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। इस पावन अवसर पर सर्वप्रथम संस्कार भारत के ध्येय गीत का गायन शोभा सिन्हा संगीत कला विद्या संयोजक और उनके साथी दिव्या, शशि, मधु, हंसिका, शशिबाला, किरण, वंदिता के मधुर कंठ के द्वारा किया गया। पंडित प्रवेश पांडे के द्वारा मंत्रोचार के माध्यम से पूरे विधि विधान के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पण किया गया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष प्रसिद्ध गायक कुमार केशव और साथी कलाकार द्वारा माता रानी की स्तुति करते हुए मनमोहक कर्णप्रिय भजन गया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से आरएसएस के संघ संचालक श्रद्धानंद सिंह, संस्कार भारती के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, विभाग प्रमुख शंकर चंद्र पाठक, संरक्षक राधे श्याम सिन्हा, शोभा सहाय और विशेष आमंत्रित संस्कार भारती की अभिभावक सदस्या अखौरी वीना प्रसाद की उपस्थिति ने सभी का उत्साहवर्धन किया। संचालक संजय तिवारी ने किया।

## सांढ़-छपेरवा में कलश यात्रा के साथ हनुमंत महायज्ञ

**छवनिया गांव में कलश यात्रा को लाठी डंडों से रोकने का किया प्रयास, थाना प्रभारी ने मामले को कराया शांत**





आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के सांढ़-छपेरवा में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमंत और विश्वकर्मा महायज्ञ कलश स्थापना के साथ शुरू हुआ। जिसमें महावीर मंदिर की प्रांगण से हजारों महिलाओं ने कलश लेकर यात्रा यात्रा में शामिल हुए। सभी श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश लेकर सांढ़-छपेरवा, होरम मोड़, ब्लॉक मोड़, गुरुचट्टी, थाना रॉड होते हुए सिरमा छवनिया पहुंचा। जहां असामाजिक तत्वों के द्वारा लाठी डंडे लेकर कलश यात्रा को रोकने का प्रयास किया और कलश लिए महिलाओं को भद्दी गालियां दी। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के पहल पर मामला शांत कराया गया तब कलश यात्रियों को आगे बढ़ाया गया, वही साउंड सिस्टम को बंद करा कर कलश यात्रियों को छावनिया गांव पार कराया गया। तत्पश्चात, खैरातरी गांव का भ्रमण करते हुए बुढ़वा महादेव के प्रांगण स्थित डूमारो नदी पहुंच कर श्रद्धालुओं ने मां गंगे की पूजा अर्चना कर जयकारा लगाते हुए यज्ञ स्थल पहुंचे। कलश यात्रियों को कांडतरी पंचायत में मुखिया संघ जिला उपाध्यक्षयज्ञ पारस प्रसाद और गुरु चट्टी कुशवाहा समाज के द्वारा में गुड़ का शरबत और पानी पिलाकर स्वागत किया। कलश यात्रा में मुख्य पुजारी मनोहर प्रसाद, सहित अन्य के उपस्थिति में यज्ञाचार्य जय नंदन मिश्रा, आचार्य पंडित ऋषि राज वेदव्यास मिश्र ने विधिवत रूप से यज्ञ में पूजन शुरू किये।

मौके पर विधायक अंबा प्रसाद, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी, जीप सदस्य सुनीता देवी, प्रमुख फुलवा देवी, उपप्रमुख बचनदेव कुमार, यज्ञ समिति अध्यक्ष हरि शंकर प्रसाद, सचिव पूरन महतो, कोषाध्यक्ष कृतियानंद महतो, सोहनलाल मेहता, खिरोधर प्रसाद मेहता, मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया सुलेखा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद, पूर्व जीप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, झमन प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार प्रसाद, आजसू पार्टी के केंद्रीय संदीप कुशवाह, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, दमोदर प्रसाद, सबूर महतो, आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, पूर्व मुखिया कार्तिक महतो, पिंटू गुप्ता, बिगल किशोर महतो, मीडिया प्रभारी शिव शंकर कुमार आनंद कुमार पासवान, शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता सत्यजीत विद्या अलंकार सहित हजारों, महिला पुरुष शामिल थे।

### यज्ञ से धार्मिक चेतना जागृत होती है: अंबा

इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि यज्ञ से लोगों में धार्मिक चेतना जागृत होती है। लोगों में धार्मिक आस्था प्रबल होती है। यज्ञ से आध्यात्मिकउन्नति का मार्ग प्रशस्त होता हैं। आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि यज्ञ से लोगों में सामाजिक और धार्मिक जागृति आती है और यज्ञ होने से यज्ञ का धुआं जितने दूर-दूर तक जाता हैं पूरा वातावरण शुद्ध और पवित्र होता है। क्षेत्र में सुख शांति धन-धान्य की वृद्धि होती है, लोगों की मन्नतें पूरी होती है।

### आरोपियों पर निश्चित ही कार्रवाई होगी : एसडीओ

बड़कागांव। मंगलवार को सांढ़- छपेरवा गांव-गांव में कलश यात्रा के दौरान छवनिया में कलश यात्रियों को रोकने और अभद्र गालियां देने की घटना से उत्पन्न समस्या के समाधान को लेकर शांति समिति की बैठक बुलायी गयी। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ शैलेश कुमार और संचालन एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने किया। शांति समिति की बैठक में काफी गहमी रही, जिसमें ग्रामीणों ने कलश यात्रा में छवनिया गांव में लाठी डंडे के साथ व्यवधान डालने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की । ग्रामीणों को शांत करते हुए एसडीओ ने कहा है कि जो भी आरोपी है उन्हें बख्शा नहीं जायेगा। वहीं थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि मेरे सामने घटना घटी है आप आवेदन दीजिए आपके आवेदन के आधार पर कार्रवाई होगी। वीडियो के आधार पर आरोपियों को चिह्नित किया जायेगा और कार्रवाई होगी।

## वासंतिक नवरात्र पर निकाली कलश यात्रा



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जमीरा गांव में वासंतिक दुर्गा पूजा के अवसर पर मंगलवार को भव्य और आकर्षक कलश यात्रा निकाली गयी। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बद्री नारायण सिंह के नेतृत्व में करीब 151 महिला श्रद्धालु भक्तों ने माथे पर कलश लेकर जयघोष करते हुवे घाघरा नदी पहुंचे और वहां से वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना के बाद कलश में जल भर कर विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए वापस जमीरा स्थित दुर्गा मंदिर पहुंचे और कलश को स्थापित किया गया। अब अगले नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा विधि विधान के साथ की जायेगी और शाम में आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी होगा। मौके पर केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी, सरकार सिंह, राजेन्द्र सिंह, पारस सिंह, बसंत सिंह, आशुतोष मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, गणेश सिंह, केदार सिंह, रणवीर सिंह, कर्णवीर सिंह, दिलीप सिंह, विनय सिंह, संजय सिंह, अवधेस सिंह, महेंद्र सिंह, सुनील राज सिंह, बासमती देवी, खुसबू कुमारी, रीता देवी, चिंता देवी, कलावती देवी, सुनीता देवी, अंजू कुमारी, सजना कुमारी, कांग्रेस नेता प्रेमरंजन पासवान, संजय कुमार सिंह, रामस्वरूप सिंह, ललन सिंह, विजय यादव, अजय यादव, बालेश्वर यादव, गणपत यादव, पदुम यादव, धनेश्वर भुइयां, रामचंद्र राम, बंधू भुइयां, अशोक सिंह, सुरेश सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## रामनवमी महासमिति कमेटी का गठन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** रामनवमी महासमिति के द्वारा शहर के पंचमंदिर में बैठक संपन्न हुई। महासमिति अध्यक्ष जीतू यादव के द्वारा महासमिति कमेटी का विस्तार किया गया, जिसमें सहमति से उपाध्यक्ष संजय यादव, रितेश तिवारी, गणेश मेहता, दीपक देवराज, आकाश गुप्ता, तरुण शर्मा, महामंत्री रामधनी यादव, कृष्ण यादव, संतोष पासवान, संतोष यादव, मंदिप यादव, वशिष्ठ कुमार, नीरज यादव, सागर यादव, विकास यादव, पूजा प्रभारी गौरव गोस्वामी, साज सज्जा प्रभारी सोनू कुमार, गोलू कुमार, साहिल सिंह, राहुल यादव, रूट प्रभारी वेंकटेश कुमार, मुक्कू पासवान, शुभम सागर ओझा, सानू गोस्वामी, सुधीर मेहता, रोहित यादव, महासचिव-सुरेश गोप (पंडल गोप) तिलक गोप, दिलीप गोप, सुरेश सोनी, जुलूस नायक सत्यम तिवारी, हर्ष कुमार, कृष कुमार, सुजल कुमार, कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव, रितेश यादव, दिलीप कुमार, वेंकटेश कुमार, मनीष गुप्ता, रवि कुमार, पवन यादव, दीप प्रकाश नारायण, मीडिया प्रभारी राजकुमार सोनी, सोनू राय, प्रभात कुमार, कार्यालय प्रभारी उत्तम कुमार, दीपांशु कुमार, सोनू कुमार, रवि कुमार, सर्बजीत ओझा, बैठक में उपस्थित रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार यादव, शशि केसरी और शहर के गणमान्य लोग उपस्थित हुए और अपने विचार को रखा।

## दस दिवसीय वासंतिक दुर्गा पूजा शुरू



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में वासंतिक दुर्गा पूजा प्रारंभ होते ही टाटीझरिया प्रखंड भक्तिमय हो गया है मंगलवार को कलश स्थापना के साथ देवी के प्रथम रूप देवी शक्ति स्वरूप माता शैलपुत्री का आराधना किया गया, वही शक्ति के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी की आराधना आज किया जायेगा पूरा प्रखंड या देवी सर्व भूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता: नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमो नम: मंत्रो के उच्चारण से पूरा प्रखंड भक्तिमय हो गया। प्रखंड के झरपो, होलंग, लोधी, भराजो, खैरा, अमनारी, बेडमक्का, टाटीझरिया, डहरभंगा, घुघलिया, केसड़ा, नारायणपुर, खम्भवा, बेडम, बांडीह, दूधमनियां, डूमर, धर्मपुर सहित अन्य गांवो में भी मां दुर्गा की आराधना के लिए अपने अपने घरों में लोग कलश रखकर पूजा करते है माता के भक्तगण कोई पंचमी से तो कोई सप्तमी में भी कलश रखते है। नवमी तिथि को पूजा अर्चना करने के बाद हवन कर नवरात्र समाप्त हो जाता है झरपो में चैत्री दुर्गा मंदिर में वर्ष 1957 से पूजा हो रही है। झरपो के दुर्गा मंदिर में गंगा पंडा द्वारा और होलंग में गोपाल पंडा द्वारा दुर्गापाठ किया जा रहा है। सप्तशती पाठ में कहा गया है कि जो भी भक्त बासंतिक दुर्गा पूजा में नवरात्रा व्रत रखता है या करता है अथवा सुनता है। वे सभी बाधाओं से मुक्त धनधान्य, सुख और पुत्रादि से संपन्न हो जाता है। झरपो पूजा समिति के मंदिर व्यवस्थापक बालेश्वर महतो और सरयू प्रसाद और राजेंद्र प्रसाद ने शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए क्षेत्र के जन जनप्रतिनिधि, प्रतिनिधि, समाजसेवी, ग्रामीण जनता और प्रशासन से शांति पूर्वक पुजा को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

## दो छात्राओं ने किया इसरो का शैक्षिक भ्रमण



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ की दो छात्राओं ने किया इसरो का शैक्षिक भर्मण। डीएमएफटी जिला हजारीबाग के द्वारा तीन चरणों में जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की गयी थी, जिसमें प्रथम चरण विद्यालय स्तर, द्वितीय चरण प्रखंड स्तर और तृतीय चरण जिला स्तर पर आयोजित की गयी। आयोजित प्रतियोगिता में जिले के कुल 54 विद्यालयों से 108 छात्रों ने भाग लिया था। जिसमें परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ से दो छात्राएं राशि कुमारी वर्ग दशम और कोमल कुमारी वर्ग नवम विद्यालय स्तर से चयनित की गयी थी जो बाद में प्रखंड स्तर में भी चयनित होकर जिला स्तर तक गयी। अंतिम रूप में जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को डीएमएफटी हजारीबाग द्वारा 31 मार्च से 5 अप्रैल 2024 तक शैक्षिक भ्रमण हेतु भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) श्री हरिकोटा, क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र तिरुमला और तिरुपति मंदिर ले जाया गया। 5 दिनों तक शैक्षिक भ्रमण कर विद्यालय की छात्राएं राशि कुमारी, कोमल कुमारी और सहायक शिक्षिका शालिनी गुप्ता की 6 अप्रैल 2024 अपने-अपने घर लौट आये। छात्राओं की इस सफलता के लिए परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार, सहायक शिक्षक रामदेव प्रसाद, अजय कुमार, मनोज कुमार, पवन कुमार, शिक्षिका मंजू कुमारी और शांति कुमारी ने छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मूलनिवासी समाज पार्टी से अजय होंगे उम्मीदवार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मूलनिवासी समाज पार्टी से अजय कृष्ण कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार होंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीमसेन भारशिव के द्वारा अजय कृष्ण को कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया गया है। पार्टी नेता महेंद्र प्रसाद यादव ने इस आशय की घोषणा की। इधर अजय कृष्ण ने बताया कि 30 अप्रैल को गिरिडीह उपायुक्त सह निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया जायेगा।

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.2 °C | 19.8 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.33 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


रामगढ़, हजारीबाग और रांची में पांडेय गिरोह सक्रिय

# 25 हजार के इनामी गोविंद राय को पुलिस ने दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़, हजारीबाग और रांची में सक्रिय पांडेय गिरोह के अपराधी गोविंद राय को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। एसपी ऋषभ कुमार झा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने ओड़िशा से गोविंद राय को गिरफ्तार किया है। गोविंद पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। इसके खिलाफ सात मामले दर्ज हैं। गोविंद से एटीएस की टीम पूछताछ कर रही है। गोविंद पर हत्या, रंगदारी और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। गोविंद की तलाश हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो के साथ-साथ कई जिलों की पुलिस कर रही थी। इसी दौरान एटीएस को सूचना मिली कि गोविंद ओड़िशा में छिप कर रह रहा है। इसके बाद एटीएस की टीम पिछले कई दिनों से गोविंद के पीछे लगी हुई थी। सूचना के आधार पर गोविंद को उस समय एटीएस की टीम ने पकड़ लिया, जब वह मोबाइल खरीदने के लिए बाहर निकला था। पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी के जेल जाने के बाद गोविंद ही गैंग को संचालित कर रहा था। गोविंद आदतन अपराधी है। रामगढ़ के रहने वाले गोविंद राय पर रामगढ़, बोकारो सहित कई जिलों में हत्या के मामले भी दर्ज हैं। खासकर रामगढ़ के पतरातू और उसके आसपास के कोयला क्षेत्र में गोविंद राय का ज्यादा ही आतंक था।

## राशन उठाव के लिए आयी महिला की गिरकर मौत

**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** जन वितरण प्रणाली की दूकान में राशन का उठाव करने आयी प्रखंड क्षेत्र के कुंदा पंचायत ग्राम लेवाड़ गांव निवासी झरी गंझू की 50 वर्षीय पत्नी बसंती देवी की गिरने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतक महिला बसंती देवी बीमार अवस्था में थी और अपने घर से तेज धूप में डीलर सुनैना देवी ग्राम सरजामातु के जन वितरण दुकान कुंदा से राशन का उठाव करने के लिए कुंदा आयी थी। वह अचानक गिर गयी जिससे उसके मुंह से खून निकल आया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया।

## कुजू में निकला भव्य मंगला जुलूस



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पर्व के मौके पर मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। डटमामोड़ स्थित अलंकार सिनेमा हॉल स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर जुलूस डटमामोड़ हनुमान मंदिर, कुजू बस्ती, कुजू चौक, ट्रांसपोर्टनगर होते वापस मंदिर परिसर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के जय श्री राम, जय हनुमान के जयघोष से पूरा क्षेत्र राममय हो गया। इस दौरान नवयुवकों की टोली ने एक से बढ़कर एक हैरत-अंगेज लाठी व तलवार बाजी का प्रदर्शन किया। जुलूस में जिप सदस्य प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, मुखिया जयकुमार ओझा, राकेश मेहता, अशोक कुमार, ज्ञान मिश्रा, विद्याभूषण त्रिवेदी, प्रदीप सिन्हा, भोला उपाध्याय, फुदन मिश्रा, उमाशंकर गुप्ता, पवन करमाली, पंचित महतो, पप्पू ठाकुर, मनोज सिंह, वीरेंद्र करमाली, शिवबचन सिंह, संतोष पासवान, संतोष मेहता, कुला पांडेय, नागेश्वर गिरी उर्फ नागो, राजकुमार चौहान, विक्की ओझा, प्रवीण रजक, गौरव गुप्ता, सुभाष यादव, शंकर मेहता, राजेश कुमार, करण रजक, शुभम कुमार, अंश कुमार, सनी सिंह, सोनू केसरी, हर्षित कुमार, रोशन कुमार, नीरज कुमार, अनुराग कुमार ओझा, अनुराग वर्मा, गोलू कुमार, आर्यन रजक, अनुज शर्मा, रवि गुप्ता, गौरव दास, राहुल सिंह, शिवम सिंह आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

## कलश स्थापना के साथ चैती नवरात्र प्रारंभ

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू और इसके आस पास के क्षेत्रों में कलश स्थापना के साथ वासंतिक नवरात्र (चैती दुगार्पूजा) की शुरुआत हो गयी। श्रद्धालु आदिशक्ति की आस्था और भक्ति में डूब गये। चारों और पूजा का उल्लास दिख रहा है। अति प्राचीन शिव मंदिर स्थित वैष्णो माता मंदिर, मांडू डीह स्थित पड़ाव दुर्गा मंदिर और मांडू बस्ती स्थित दुर्गा मंदिर में पूरे विधि-विधान के साथ आचार्यों के द्वारा कलश स्थापना कर चैत नवरात्र पर्व में मां आदिशक्ति की पूजा-अर्चना मंगलवार से शुरू हो गयी है। क्षेत्र के कई घर, मंदिरों व पूजा पंडालों में कलश स्थापना की गयी। पूजा के अवसर पर नौ दिनों तक माता की नित्य दिन पूजा-अर्चना होगी। पहले दिन भक्तों ने मां शैलपुत्री की अराधना की। विद्वानों के अनुसार मान्यता है कि पर्वतों के राजा हिमालय के घर में पुत्री का जन्म हुई थी। मां शैलपुत्री ने अपनी भुजाओं में त्रिशुल व कमल का फूल धारण की है। इधर पूजा को लेकर पूजा समितियों के द्वारा क्षेत्र के सभी मंदिरों में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाया गया है। जिससे बजने वाले भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र राममय बना हुआ है। सूर्योपासना का चार दिवसीय महान पर्व छठ 12 अप्रैल से नहाय-खाय के साथ शुरू हो जायेगा। सभी छठवर्ती 13 अप्रैल को खरना पूजन करेगी। 14 अप्रैल को संध्या पहला अधर्य दिया जायेगा। वहीं 15 अप्रैल को सुबह के अधर्य के साथ छठ महापर्व का समापन होगा।

## बरकाकाना में शांति समिति की बैठक



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** आगामी त्योहार सरहुल, ईद और रामनवमी को लेकर बरकाकाना ओपी परिसर मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू मनोज गुप्ता एवम संचालन बरकाकाना ओपी प्रभारी मो अख्तर अली ने किया। बैठक में विभिन्न समुदाय के लोग और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के दौरान आगामी त्योहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण मे मनाने की बात कही गयी। बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोगों ने अपनी बात रखी। मौके पर उपस्थित बरकाकाना ओपी प्रभारी मो अख्तर अली ने कहा की शांति पूर्ण माहौल में अपने त्योहारों को मनाए। मौके पर पुलिस पदाधिकारी विकाश सिंह आर्यन, वार्ड पार्षद प्रदीप शर्मा, सनियारो बारला, दुर्गी पंचायत मुखिया मोकिम अहमद, पंचायत समिति सदस्य फरीद अंसारी, सांसद प्रतिनिधि रेलवे संजय लाला, आदिवासी छात्र नेता पंचदेव करमाली उर्फ पंचम, आजसू नेता हरीरत्नम साहू, सुदर्शन महतो, भाजपा युवा नेता कुश श्रीवास्तव, डॉ शहनवाज खान, हाजी खलील, गोविंद बेदिया, आजाद अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## ईद को लेकर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त

**मांडू (आजाद सिपाही)।** ईद पर्व को लेकर जिला उपायुक्त के निर्देश पर क्षेत्र में विधि व्यवस्था को लेकर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया है। जिसमें मांडू थाना में बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, पुअनि रंजीत कुमार यादव, मांडू चट्टी में अंचल निरीक्षक उमेश्वर यादव, सअनि सुरेंद्र सोय, हुवाग में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कामख्या प्रसाद, सअनि दिलीप कुमार, कुजू ओपी में मोदस्सर नजर मंसूरी, ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय, दिगवार में डॉ उदय कुमार, पुअनि रौशन कुमार, करमा, बरकट्ठी में डॉ उदय भूषण मेहता, सअनि तालेबर महतो, आजाद नगर में डॉ शैलेंद्र कुमार तिवारी, पुअनि मनीष कुमार सिंह, वेस्ट बोकारो ओपी में आत्मा परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार सिंह, पुअनि सदानंद कुमार, लईयो में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय राम, सअनि जीतेंद्र तैसुम, परेज में वन क्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार, सअनि राजेश कुमार राय, बासोडीह में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मधुसूदन ठाकुर, सअनि शंकर कच्छप आदि को प्रतिनियुक्त किया गया है।

# भगवाधारियों ने निकाला मंगला जुलूस जय श्री राम के नारों से गूंज उठा शहर

**जुलूस में दिखी अयोध्या में स्थापित श्रीराम मूर्ति की झलक**

आजाद सिपाही संवाददाता







**रामगढ़।** रामनवमी पूजा महासमिति के तत्वावधान में मंगलवार को बाजार टांड़ स्थित सिदो-कान्हू जिला मैदान से भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। मंगला जुलूस में जिले के अखाड़े और पूजा समितियों ने जुलूस में शामिल हुए। जय श्री राम के नारे के साथ भगवाधारियों ने आस्था के साथ मनायी जाने वाली इस रामनवमी त्योहार का बड़ा सुंदर आगाज किया है। अयोध्या में भगवान श्री राम की मूर्ति की स्थापना के बाद यह पहला रामनवमी है। इसलिए भगवाधारियों में एक नया जोश दिख रहा था। मंगला जुलूस बाजारटांड़, चट्टी बाजार, झंडा चौक, थाना चौक, मेन रोड होते हुए छावनी फुटबॉल मैदान पहुंचकर संपन्न हुई।

**जुलूस में दिखा प्रभु श्री राम की झलक :** मंगला जुलूस की झांकी में भगवान श्री राम की झलक भी दिखाई दी। रामनवमी पूजा महासमिति के पदाधिकारी ने भगवान राम की उस मूर्ति का प्रारूप झांकी में शामिल किया था, जो अयोध्या राम मंदिर में स्थापित किया गया है। उस आकर्षक छवि को देखने के लिए आम नागरिकों की भीड़ भी सड़क के किनारे मौजूद थी। भगवान श्री राम कि यह प्रतिमा झांकी में आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। लोग उस प्रतिमा की पूजा कर रहे थे और उसपर पुष्प अर्पित कर रहे थे। वही, जुलूस में हनुमान जी का जीवन स्वरूप पेश किया गया।

**परंपरागत हथियार के साथ सड़क पर उतरे भगवाधारी :** मंगला जुलूस में परंपरागत हथियार के साथ भगवाधारी शामिल हुए थे। तलवार, भाला, भुजाली, गड़ासे और अन्य परंपरागत हथियारों का प्रदर्शन भी किया गया। सुभाष चौक पर कई प्रबुद्ध नागरिकों ने परंपरागत हथियार के साथ युद्ध कौशल की कला का भी प्रदर्शन किया।

**मंगला जुलूस में ये थे शामिल:** पूर्व विधायक ममता देवी, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता सरदार अनमोल सिंह, संजीत सिंह, विजय जायसवाल, महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा, राजेश ठाकुर, बलजीत सिंह बेदी, विनय विश्वकर्मा, सुरेंद्र शर्मा, अरुण अग्रवाल, जगदीश शर्मा, दीपू गुप्ता, आजाद सिंह, पवन करमाली, विक्की कुमार, दिनेश सिंह, सत्यजीत चौधरी, राजीव जायसवाल, अमन राजा, सिद्धार्थ मेहता, दुर्गा विश्वकर्मा, शिबू दांगी, प्रवीण कुमार सोनू सहित कई लोग शामिल थे।

### जगह जगह मंगला जुलूस का हुआ स्वागत

मंगला जुलूस का स्वागत बाजारटांड़, चट्टी बाजार, थाना चौक, झंडा चौक सहित अन्य कई स्थानों पर हुआ। स्थानीय कमेटी के सदस्यों ने जुलूस में शामिल भगवाधारियों के लिए जलपान की व्यवस्था की थी। पूरे रास्ते पेयजल की व्यवस्था विभिन्न समाज के लोगों के द्वारा किया गया था। रामनवमी और नव वर्ष प्रतिपदा की शुभ कामना देते हुए आजाद सिंह ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यह पहली रामनवमी मनाई जा रही है। आम नागरिकों में इसे लेकर काफी उत्साह है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** संतानपक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष** कानूनी उलझनों से छुटकारा,रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से मुक्ति मिलेगी।

**मिथुन** कामकाज की स्थिति बेहतर होगी। परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

**कर्क** कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

**सिंह** जमीन-मकान, आवास,वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझने दूर होगी।

**कन्या** राजनीतिक लाभ,अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी।

**तुला** धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

**वृश्चिक** जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी,चल-अचल सम्पत्ति से लाभ होगा।

**धनु** सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे,गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

**मकर** व्यावसायिक स्थिति में निरन्तर मजबूती बढेगी,शत्रु पराभूत होंगे। आकस्मिक धनलाभ होगा।

**कुंभ** प्रेम प्रसंग में सफलता,विरोधियों पर विजय,पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**मीन** परिस्थिति में सुधार,महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,धनलाभ,शुभ समाचार मिलेगा।

रामगढ़ पहुंचे आइजी और डीआइजी, चुनाव को लेकर की बैठक, कहा

# त्योहार और चुनाव में रहें हाई अलर्ट पर, रखें नजर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव और रामनवमी का त्यौहार रामगढ़ जिले में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को आइजी बोकारो माइकल राज एस रामगढ़ पहुंचे। उनके साथ हजारीबाग डीआईजी सुनील भास्कर भी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस जवानों ने आइजी को एसपी कार्यालय के बाहर गॉड ऑफ ऑनर दिया।

**एसपी और जिले के थाना प्रभारियों के साथ की बैठक:** जिसके बाद एसपी डॉ बिमल कुमार और जिले के तमाम थाना प्रभारियों के साथ आईजी और डीआइजी ने बैठक की। बैठक में आइजी माइकल राज एस ने स्पष्ट निर्देश दिया की त्योहार और चुनाव में पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। किसी भी स्थान पर चूक हुई तो मामला बेहद गंभीर हो सकता है। कानून का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसके अलावा ईद और सरहुल त्योहार भी है। सार्वजनिक स्थानों पर बिना परमिशन के राजनीतिक कार्यक्रम ना हो इसका भी ध्यान रखना है। इसके लिए दंडाधिकारी के निर्देशों का भी पालन करना है।

**एसपी डॉ बिमल कुमार ने जिला वासियों से की अपील:** बैठक के बाद एसपी डॉ बिमल कुमार ने रामगढ़ वासियों से अपील करते हुए एक संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि रामनवमी, सरहुल और ईद-उल-फितर को आपसी भाईचारे, शांति और सद्भावके साथ मनायें, किसी भी तरह कि भ्रामक तथ्यहीन सूचना, तस्वीर, वीडियो और धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर साझा करने से बचे। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, भड़काऊ और धार्मिक विद्वेष फैलाना, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने से संबंधित पोस्ट कर अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

**असामाजिक तत्वों के खिलाफ इन नंबरों पर कर सकते हैं शिकायत:** किसी भी अप्रिय घटना का प्रयास या असामाजिक गतिविधि से संबंधित सूचना रामगढ़ पुलिस के मीडिया सेल के मोबाईल नंबर 9162388444 या डायल 100 पर शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने कंट्रोल रूम मोबाइल नंबर 9262998529, रामगढ़ एसडीपीओ मोबाइल नंबर 9431706300, पतरातू एसडीपीओ 9430165994, मुख्यालय डीएसपी 9631076117 का नंबर भी सार्वजनिक किया है। उन्होंने कहा है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

# भाजपा प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**उन्होंने लोगों से मिलकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी मनीष जयसवाल ने मंगलवार को भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी की बात ही भारत के विकास की गारंटी है। इस बार 400 के पार का नारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुलंद किया है। भाजपा के हर सिपाही इस कार्य को संकल्प के रूप में करने के लिए अभी से ही कमर कस लें। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मंत्रणा करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाते हुए मोदी की सरकार तीसरी बार बनाने का आहवान करें। उन्होंने कहा कि इस बार देश के सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशी नहीं बल्कि मोदी खुद चुनाव लड़ रहे हैं। उनके गारंटी को गारंटी में तब्दील करना हमसबों का कर्तव्य है। मनीष जयसवाल ने बिरसा चौक, सुंदर नगर, पटेलनगर, चोरधरा रंकाटोला, लपंगा, जवाहर नगर, भुरकुंडा थाना मैदान, रिभर साईड दुंदुवा, इमलीगाछ आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान में हजारीबाग लोकसभा के सह संयोजक रणंजय कुमार उर्फ कुटू बाबू, भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, राजू चतुवेर्दी, आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, योगेश दांगी, भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, महामंत्री अशोक सोनी, बालेश्वर साव, गुलाब देवी, प्रदीप मांझी, विनोद सिंह, देवकुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में विशेष आयोजन

**हिंदू नव वर्ष और चैत्र नवरात्र को लेकर भारी संख्या में जुट रहे हैं श्रद्धालु**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में मंगलवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिर न्यास समिति और जिला प्रशासन की ओर से तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसके अलावा हिंदू नव वर्ष को लेकर भी भक्त यहां पूजा करने के लिए पहुंच रहे हैं।

इस बार श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो, इसके लिए कई तरह के इंतजाम किये गये हैं। इसके साथ ही साधकों के लिए धर्मशाला और हवन कुंडों की साफ-सफाई कर दी गयी है, जिससे यहां आने वाले साधकों को किसी भी तरह की कोई दिक्कत ना हो। रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में चैत्र नवरात्र में नौ दिनों तक मां का अलग-अलग श्रृंगार किया जाता है और विभिन्न तरह के भोग लगाये जाते हैं।

अमावस्या के बाद चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्र आरंभ हो जाती है। इस दिन हिंदू नव वर्ष की भी शुरुआत होती है। चैत्र नवरात्र को लेकर भक्त कलश की स्थापना कर माता की पूजा करते हैं। रजरप्पा मंदिर में मां की आराधना करने के लिए कोलकाता, बिहार, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ समेत प्रदेश के अन्य जिलों और दूसरे राज्यों से भी भक्त यहां पहुंचते हैं।

शारदीय नवरात्र और चैत्र नवरात्र में मां छिन्नमस्तिका मंदिर में भारी संख्या में साधक और श्रद्धालु मां की आराधना करने के लिए पहुंचते हैं। चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है। प्रथम दिन मां शैलपुत्री, द्वितीय दिन मां ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन मां चंद्रघंटा, चौथे मां कूष्मांडा, पांचवें दिन मां स्कंदमाता, छठे दिन मां कात्यायनी, सातवें दिन मां कालरात्रि, आठवें दिन मां महागौरी और नवे दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है।

रजरप्पा मंदिर के पुजारी छोटू पंडा ने बताया कि मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को पूजा में किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। मंदिर परिसर में चारों ओर शेड लगाया गया है, ताकि चिलचिलाती धूप में भी श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो। इसके अलावा दूर-दराज से आने वाले साधकों के ठहरने की व्यवस्था धर्मशाला में की गयी है। इसके साथ ही मंदिर परिसर में स्थित सभी हवन कुंडों की साफ-सफाई कर दी गयी है, जिससे साधक और श्रद्धालु यहां हवन कर सकेंगे।

हिंदू नव वर्ष और चैत्र नवरात्र को लेकर मां छिन्नमस्तिका मंदिर को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। पूरा मंदिर परिसर फूलों से अटा हुआ है। भारत भ्रमण में निकले एक भक्त ने कहा कि यह सिद्धपीठ है और मां की महिमा अपरंपार है। कामाख्या के बाद दूसरे नंबर पर यह सिद्धपीठ आता है। जो जिस भाव से यहां आता है, माता सबकी सुनती हैं। इस पूरे मंदिर प्रक्षेत्र में एक शक्ति का एहसास होता है, एक ऊर्जा यहां पर मिलती है।

## ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना परिसर में मंगलवार को ईद सरहुल और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाएं रखने को लेकर बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम ने की। बैठक के माध्यम से ईद सरहुल और रामनवमी का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाने के लिए लोगों से अपील की गयी। इस मौके पर थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, एस आई प्रदीप कुमार रजक, शिव कश्यप, मुखिया पानो देवी, गिरिजेश कुमार, विजयालक्ष्मी, देवंती देवी, संजू देवी, शशि पाठक, कमालुद्दीन वीरेंद्र झा, जयप्रकाश सिंह, परमानंद राजीव, चंदन कुमार, प्रदीप महतो, सुजीत पटेल, पकयूम अंसारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में मनाया गया सरहुल



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** महाविद्यालय के सांस्कृतिक समिति और खोरठा विभाग द्वारा महाविद्यालय बहुउद्देशीय भवन में सरहुल पर्व के पूर्व सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें खोरठा विभाग के विद्यार्थियों ने लोकनृत्य और लोकगीत से दर्शकों का खूब मनोरंजन कराया। विद्यार्थियों की प्रदर्शन की सराहना की गयी। महोत्सव के मुख्य अतिथि प्राचार्या रत्ना पांडेय ने कहा कि विज्ञान और विशेष रूप में पर्यावरण विज्ञान आज हमें पर्यावरण संरक्षण का महत्त्व बताता है। लेकिन सरहुल पर्व हमें आदि काल से पर्यावरण से प्रेम करने अर्थात पेड़ पौधा से लगाव रखने, उसकी उपासना करने और उसका संरक्षण करने का संदेश देता है। हम सब ये कर्तव्य निभाएं की पर्यावरण को प्रदूषित न करें। इसलिए विशेषकर झारखंड में सरहुल, सोहराई और कर्मा जैसा पर्व मनाया जाता है। ये पर्व बसंत का महत्वपूर्ण पर माना जाता है। महोत्सव की अध्यक्षता खोरठा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो बीरबल महतो ने किया और संचालन खोरठा विभाग के विद्यार्थी ईश्वरचंद्र महतो ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन सांस्कृतिक समिति के समन्वयक डॉ अनामिका ने किया। महोत्सव को डॉ प्रीति कमल, डॉ बलवंती मिंज, डॉ साजिद हुसैन, डॉ शाहनवाज खान, जितेन्द्र कुमार राणा, किशुन महतो, बासुदेव प्रसाद ने भी संबोधित किया। महोत्सव में सक्रिय भूमिका निभा रहे छात्र छात्राओं में ईश्वरचंद्र महतो, पुष्पा कुमार, निशा कमरी, मोनिका, सोनिका, हेमंती, अंजू, राखी, संध्या, प्रीति, नीलू कुमारी आदि का नाम शामिल है।

## मारवाड़ी महिला समिति ने किया पनशाला का शुभारंभ




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा के तत्वाधान में मंगलवार को बढ़ती गर्मी के मद्देनजर राहगीरों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था करते हुए पनशाला का शुभारंभ किया गया। पनशाला की व्यवस्था शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ शरद जैन के आवास के प्रांगण में की गयी। पनशाला का शुभारंभ समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने किया। मौके पर समिति की अध्यक्ष ने बताया समिति का उद्देश्य गर्मी से तप्त राहगीरों को शीतल और शुद्ध जल पिलाना है, जिससे राहगीरों को पीने की पानी की कमी का एहसास न हो। उन्होंने कहा कि हमारी शाखा अपने पूर्व के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए जनकल्याण के कार्यों में अपनी भागीदारी प्रदान करती रहेगी। इस अवसर पर सचिव रिद्धि जैन, संरक्षिका अरुणा जैन, पुष्पा अग्रवाल आदि उपस्थित थी।

## भुरकुंडा में निकला भव्य मंगला जुलूस

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोयलांचल में रामनवमी को लेकर मंगलवार को भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। पहली बार भुरकुंडा में मंगला जुलूस में नागपुर की औघड़ टीम ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मंगला जुलूस में भाजपा हजारीबाग के लोकसभा प्रत्याशी मनीष जयसवाल, भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय, आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, उप प्रमुख बबीता पांडेय, पूर्व उप प्रमुख रामाशंकर पांडेय उर्फ नूनू पांडेय, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, मुखिया अभय कुमार, अनामिका श्रीवास्तव, विश्वरंजन सिन्हा, राकेश सिन्हा, भुनेश्वर मेहता, सलील मोहन सिन्हा, दीपक अग्रवाल, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा, राहुल प्रसाद, प्रशांत कुमार, अमित शर्मा, मिंटू कुमार, विक्की सिंह, प्रेम कुमार, मोनू, बिट्टू सिंह, ववेक कुमार, बैजू कुमार सहित सैंकड़ों लोग शामिल थें।

# संतुलित नजरिया

राजस्थान और गुजरात में अत्यंत दुर्लभ प्रजाति के पक्षी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (सोहन चिड़िया) के लिए खतरनाक माने गये सोलर एनर्जी प्रॉजेक्ट से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जो संतुलित रुख अपनाया है, वह पर्यावरण, पारिस्थितिकी और विकास को लेकर जुडिशरी की नयी सोच का संकेत करता है। पहली बार इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिकी के असंतुलन को संविधान में दिये गये मूल अधिकारों से जोड़ा है। मामला 90,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले ओवरहेड ट्रांसमिशन लाइन के प्रॉजेक्ट से जुड़ा है, जिस पर 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने ही अपने एक फैसले में रोक लगा दी थी। उस समय कोर्ट के ध्यान में यह बात लायी गयी थी कि बिजली के इन तारों से टकराकर ग्रेट इंडियन बस्टर्ड पक्षियों की बड़ी संख्या में मौत होती है। राजस्थान और गुजरात का वह इलाका इन पक्षियों के आवागमन की राह में पड़ता है। मगर यही इलाका सौर ऊर्जा उत्पादन की संभावनाओं से भरपूर भी माना जाता है। इस प्रॉजेक्ट पर रोक के कारण सौर ऊर्जा उत्पादन से जुड़ी देश की योजनाएं बुरी तरह बाधित हो रही थीं। ताजा फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने महसूस किया कि इस तरह की एकतरफा रोक से बात नहीं बनती। पक्षियों को बचाना अगर महत्वपूर्ण है, तो वैकल्पिक ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ाने का देश का संकल्प पूरा होना भी जरूरी है। लिहाजा, कोर्ट ने नये आदेश में 13000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को इन पक्षियों के आवास के रूप में संरक्षित रखने और 77,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में ओवरहेड पावर ट्रांसमिशन लाइन पर लगी रोक हटाने की बात कही। जलवायु बदलाव के प्रतिकूल प्रभावों को देखते हुए सरकार अपनी नीतियों में जो भी बदलाव ला रही हो, हालात की गंभीरता के मद्देनजर यह काफी नहीं माना जा रहा। इन प्रयासों को बल प्रदान करने के लिए इन्हें संवैधानिक मूल्यों से जोड़ने की जरूरत थी। जलवायु परिवर्तन से आम लोगों के जीवन पर पड़ते विपरीत प्रभावों और ऊर्जा की कमी जैसे संकटों को नागरिकों के जीवन व समानता के अधिकारों से जोड़ कर सुप्रीम कोर्ट ने इसी जरूरत को पूरा करने की कोशिश की है। अगले दो दशकों में वैश्विक ऊर्जा की डिमांड में होने वाले कुल इजाफे का 25% भारत में होगा। पर्यावरण प्रदूषण का दबाव स्वच्छ ऊर्जा की जरूरत बढ़ायेगा। भारत में सौर ऊर्जा के विकास की अपार संभावना भी है। इसे देखते हुए ही भारत सरकार ने 2030 तक 500 गिगावॉट गैर जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने और 2070 तक शून्य उत्सर्जन की स्थिति में पहुंचने का लक्ष्य रखा है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले में इन सभी तथ्यों का ध्यान रखा गया है। कुल मिला कर शीर्ष अदालत का यह फैसला ऐसा कानूनी नजरिया देता है जो पर्यावरण और पारिस्थितिकी को बचाए रखते हुए विकास सुनिश्चित करने की राह पर आगे बढ़ना आसान बनायेगा।

**भारत में सौर ऊर्जा के विकास की अपार संभावना भी है। इसे देखते हुए ही भारत सरकार ने 2030 तक 500 गिगावॉट गैर जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने और 2070 तक शून्य उत्सर्जन की स्थिति में पहुंचने का लक्ष्य रखा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रकृति को समर्पित सरहुल पर्व आदिवासियों का प्रमुख पावन त्योहार है। इस त्योहार को मनाने के बाद ही नयी फसल का उपयोग किया जाता है। हर साल यह त्योहार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया से प्रारंभ होता है। यह त्योहार झारखंड के अलावे बंगाल, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्रों, नेपाल, भूटान और बांग्लादेश में भी मनाया जाता है। यह महोत्सव वसंत ॠतु में मनाया जाता है।**

# जीवन को प्रकृति से जोड़ता है सरहुल

**नमन तिर्की**

आज विश्व का बौद्धिक जगत आदिवासियों के जीवन, परिवेश, रहन-सहन, पर्व- त्योहार, दर्शन आदि के बारे में जानने-समझने के लिए उत्सुक है। आदिवासियों के पर्व-त्योहार केवल नाच-गान करने, हंड़िया पीने, पशु-पक्षी का बलि चढ़ाने का अनुष्ठान भर नहीं है, बल्कि इनमें प्रकृति, मनुष्य और धरती से जुड़ी सहजीविता, एकजुटता और उनके समग्र जीवन-चक्र को सम्मानपूर्वक सृजनशील, उर्वर बनाये रखने के लिए नये संकल्प और उत्साह के साथ जीने का संदेश भी समाहित है। प्रकृति को समर्पित सरहुल पर्व आदिवासियों का प्रमुख पावन त्योहार है। इस त्योहार को मनाने के बाद ही नयी फसल का उपयोग किया जाता है।

हर साल यह त्योहार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया से प्रारंभ होता है। यह त्योहार झारखंड के अलावे बंगाल, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्रों, नेपाल, भूटान और बांग्लादेश में भी मनाया जाता है। यह महोत्सव वसंत ऋतु में मनाया जाता है।

**सरहुल दो शब्दों से मिलकर बना है 'सर' और 'हुल'। 'सर' का अर्थ है सखुआ का फूल और 'हुल' का अर्थ क्रांति होता है।**

सरहुल दो शब्दों से मिलकर बना है 'सर' और 'हुल'। 'सर' का अर्थ है सखुआ का फूल और 'हुल' का अर्थ क्रांति होता है। इस प्रकार सखुआ फूलों की क्रांति को सरहुल कहा गया है। इस त्योहार में सरना स्थल पर पारंपरिक रूप से पूजा की जाती है। बैगा द्वारा साल के पेड़ की पूजा श्रद्धापूर्वक उत्साह और पवित्रता के साथ की जाती है। साल की शाखाएं फूलों से सजी होती हैं। इन नये फूलों से देवताओं की पूजा की जाती है। सरना में महादेव का निवास माना जाता है। फिर घड़े में जल रखकर सरना के फूल से पानी छींटा जाता है।



**आदिवासियों की मान्यता है कि जो नाचेगा, वही बचेगा। उनके लिए नृत्य ही जीवन है। नृत्य और गायन ही संस्कृति है। नाचते-गाते हुए काम करना और काम करते हुए नाचना-गाना। सुखमय जीवन की आकांक्षा है, तो तनाव रहित सहज जीवन जीना सीखो। सुख बाह्य संसाधनों में नहीं, अपितु आंतरिक उत्साह और आनंद में है।**

पूजा-अर्चना के बाद सामूहिक रूप से प्रार्थना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की जाती है और पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प लिया जाता है। ठीक इसी समय सरहुल नृत्य प्रारंभ किया जाता है। सरहुल नृत्य की अनुपम छटा का मनोरम दृश्य मन मोहता है। सरहुल के दिन धरती एक कुंवारी कन्या का रूप लेती है, जिसकी शादी सूरज से होती है। प्रकृति का कितना सुंदर रूप है यह पर्व, जहां धरती बेटी है, पेड़ भाई हैं और फूलों के पौधे बहने हैं। तरु के कोमल हरित किसलयों के बीच नव पल्लव ललाम धरती बेटी की मांग का सिंदूर है, जो अपूर्व आभा के साथ चमक रहा है और प्रकृति के आंगन में दूर खड़ा आदिवासी युवक अप्रतिम सौंदर्य को निहार कर मुग्ध हो रहा है। धरती बेटी की शादी में शरीक होना अपना सौभाग्य मानने वाले आदिवासी नवयुवक अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए लालायित और उत्साहित हैं। इस तरह ये आदिवासी प्रकृति के साथ मिलकर एक परिवार का सृजन कर रहे हैं और यह संदेश प्रेषित कर रहे हैं कि सुखमय जीवन और परिवार की आकांक्षा है, तो प्रकृति के साथ कदम मिलाकर चलना सीखो।

आदिवासियों की मान्यता है कि जो नाचेगा, वही बचेगा। उनके लिए नृत्य ही जीवन है। नृत्य और गायन ही संस्कृति है। नाचते-गाते हुए काम करना और काम करते हुए नाचना-गाना। सुखमय जीवन की आकांक्षा है, तो तनाव रहित सहज जीवन जीना सीखो। सुख बाह्य संसाधनों में नहीं, अपितु आंतरिक उत्साह और आनंद में है। आनंद चमकीले-आकर्षक संसाधनों का मोहताज नहीं। वन प्रांतों के निःसृत निर्झरों के कलकल निनाद से निनादित कर्णप्रिय मधुर संगीत के वातावरण में और मधुमास के सानिध्य में जब आदिवासी युवतियां पैरों में नुपुर बांधकर और अपने जूड़े में बगुले के पंख की कलगी लगाकर पीला साफा बांधे नवयुवकों के कमर में लटकते मांदर की थाप और झांझ पर थिरकने लगती हैं और सुरीली तान अलापती हैं, तो गजब का समां बंध जाता है। लाल पाढ़ की साड़ी पहनी, गीतों की लय और तोड़ के अनुसार पद संचालन करती हुई ये वन बालाएं शुद्धता, पावनता और शालीनता की देवियां प्रतीत होती हैं।

इस उत्सव में सफेद रंग शुद्धता का और लाल रंग संघर्ष का प्रतीक है। सफेद सर्वोच्च देवता सिंगबोंगा और लाल बुरा बोंगा का प्रतीक है। सचमुच आदिवासियों की आत्मा गीतों में बसती है। उनकी आत्मा मांदर, ढोल, नगाड़ों और बांसुरी में बसती है। आदिवासियों के जीवट और संगीत-प्रेम की झलक इस बात में मिलती है कि ये लोग कई किलोमीटर दूर जंगल और पहाड़ों से होकर रात में भी अखड़ा में नृत्य-संगीत के लिए आते हैं। अभावों से भरे जीवन में भी संस्कृति के पोषक ये आदिवासी नृत्य और गायन में मग्न रहते हैं। इन गीतों और नृत्यों के माध्यम से आदिवासी जनजीवन के यथार्थ, लोक गंध, सांस्कृतिक वैशिष्ट्य और जीवन- शैली को समझा जा सकता है। इन गीतों में मिट्टी की गंध, जंगलों की हरियाली और झरनों का संगीत विद्यमान रहता है। लोक गंध में रचे-बसे ये गीत प्रेम और प्रकृति के यथार्थ चित्र प्रस्तुत करते हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

# पूर्वी सिंहभूम में छह बाइक से 11.16 लाख कैश बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पुलिस कड़ाई से गाड़ियों की जांच कर रही है। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में पुलिस को वाहनों की तलाशी के क्रम में मंगलवार को 11 लाख रुपये से अधिक कैश मिले हैं। कोवाली थाना क्षेत्र के तिरिंग चेकपोस्ट से पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान छह बाइक से 11 लाख 16 हजार 550 रुपये बरामद किये हैं। इधर, खूंटी जिले में भी पुलिस द्वारा वाहनों की तलाशी में एक लाख से अधिक कैश, सोना और एक किलो चांदी बरामद की गयी है। पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी ने कैश बरामदगी को लेकर जानकारी दी है।

**कैश को लेकर वैध कागजात नहीं दे सके बाइक सवार**

पूर्वी सिंहभूम पुलिस मंगलवार को वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान छह बाइक सवार गुजर रहे थे। इनके वाहनों की तलाशी ली गयी। इस दौरान छह बाइक से 11 लाख 16 हजार 550 रुपये कैश मिले। इस दौरान जब उनसे पूछताछ की गयी, तो वे कैश को लेकर वैध कागजात पेश नहीं कर सके। इसके बाद कोवाली पुलिस ने कैश जब्त कर लिये।

# झामुमो जिला समिति की बैठक आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम झारखण्ड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की एक बैठक बुधवार को सुबह 11 बजे से सीतारामडेरा (लेबर ऑफिस के सामने) आदिवासी एसोएिशन हॉल में किया जायेगा। मंगलवार को इसकी जानकारी जिला अध्यक्ष सह घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने दी। आदिवासी एसोएिशन हॉल में आयोजित होने वाले बैठक में जिला समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य, केंद्रीय समिति सदस्य, सभी प्रखंड के अध्यक्ष और सचिव, नगर अध्यक्ष और सचिव, अनुषांगिक ईकाई के अध्यक्ष व सचिव को आमंत्रित किया गया। झामुमो जिला समिति की बैठक में विशेष रूप से आगामी 21 अप्रैल को रांची मे आयोजित होने वाले उलगुलान न्याय रैली में ज्यादा से ज्यादा की संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विचार-विमर्श किया जायेगा। वही बैठक के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की जायेगी। साथ ही बैठक में आगामी दिनों जिले में संपन्न हुई न्याय यात्रा की समीक्षा के बाद पार्टी नेताओं से अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा की जायेगी। विधायक श्री सोरेन ने बैठक में झामुमो के सभी पदाधिकारी को ससमय उपस्थित होने के लिए आग्रह किया।

# जीएसटी इंटेलिजेंस ने शेल कंपनी बना कर टैक्स चोरी करने वाले जुड़वा भाई को कोलकाता से किया गिरफ्तार, 5000 करोड़ के फर्जीवाड़े की आशंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टैक्स चोरी के लिए शेल कंपनियां बनाने वाले जुड़वा भाइयों को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम अमित गुप्ता एवं सुमित गुप्ता हैं। दोनों कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में रहते थे। सीबीडीटी के अधीन काम करने वाली जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने इन्हें उनके आवास से धर दबोचा है। टैक्स चोरी के आरोपी को जमशेदपुर की टीम ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इसने 3,000 करोड़ रुपये का ट्रांजैक्शन किया है। अब तक 300 करोड़ के फर्जीवाड़ा की पुष्टि हो चुकी है। जांच कर रहे अधिकारियों ने बताया कि 522 करोड़ रुपये का घोटाला अब तक पकड़ा जा चुका है। यह 5,000 करोड़ रुपये का स्कैम हो सकता है। अधिकारी ने बताया कि शिवकुमार देवड़ा केस की जांच के दौरान इसके तार मिले थे। इसके बाद से ही इन दोनों भाइयों की तलाश विभाग को थी। ये लोग लगातार छिपते फिर रहे थे। लेकिन, अंततः अधिकारियों को इस बात का पता चला कि दोनों भाई कोलकाता के साल्टलेक स्थित अपने आवास में छिपे हैं। इसके बाद एक टीम ने इनकी गिरफ्तारी की कोशिश शुरू की। कई दिनों से इंटेलिजेंस की टीम कोलकाता में डेरा डाले हुए थी। जैसे ही पक्की सूचना मिली, दोनों को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। एक भाई को मकान के 9वें तल्ले से गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरे को उसी मकान के चौथे तल्ले से। अधिकारी ने बताया कि दोनों भाइयों ने कोलकाता में शेल कंपनियां खोल कर सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाया है। इनके तार बंगाल के बाहर झारखंड, बिहार, तेलंगाना, महाराष्ट्र, तमिलनाडु समेत कई अन्य जिलों में फैले हैं। यहां तक कि इनका कनेक्शन चीन तक है। चीन भागने की तैयारी कर रहे थे अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता अधिकारियों ने बताया कि अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता अब चीन भागने की तैयारी कर रहे थे। इससे पहले ही इंटेलिजेंस की टीम ने इन्हें धर दबोचा। पश्चिम बंगाल के अलग-अलग इलाकों (कोलकाता न्यू टाउन, हावड़ा, राजारहाट, साल्टलेक) में भी इन्होंने अच्छी-खासी प्रॉपर्टी बना रखी है। 131 करोड़ की टैक्स चोरी में पकड़ा गया था शिवकुमार देवड़ा ज्ञात हो कि कोलकाता से ही पिछले दिनों जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने शिवकुमार देवड़ा को गिरफ्तार किया था। उस पर आरोप था कि उसने फर्जी कंपनी बना कर उसमें फर्जी डायरेक्टर नियुक्त किये और 131 करोड़ रुपये के टैक्स की चोरी की।




# अवैध बालू भंडारण के खिलाफ एनजीटी टीम की कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चांडिल।** सरायकेला खरसिया जिले के कपाली पुलिस ने अवैध बालू के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। मंगलवार को टीम ने कारवाई करते हुए 7000 सेफ्टी बालू को जप्त कर लिया। बताया जारहा है मंगलवार को अहले सुबह कपाली के गोरी घाट में डीएमओ की टीम, चांडिल एसडीएम,एसडीपीओ, कपाली प्रभारी सहित अन्य सशस्त्र पुलिस टीम ने अवैध बालू के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जगह जगह पर छापेमारी की।हालांकि कार्रवाई के दौरान किसी भी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। बताया जारहा है बालू माफिया रात के अंधेरे का फायदा उठाते अवैध खनन करके एक जगह बालू एकत्रित करते हैं। जिसे ट्रैक्टर, 407 वाहन और संसाधनों से ढुलाई करते हैं। उधर कार्रवाई के बाद बालू माफिया में हड़कम मच गया। फिलहाल टीम के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।



# मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र समस्त मानव जाति के लिए आदर्श : काले

**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। शहर के प्रतिष्ठित अखाड़ा समिति श्री श्री बजरंग विजय मंदिर (जंबू अखाड़ा) में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर रामनवमी महोत्सव का आयोजन किया गया। मंगलवार को उद्घाटन संमरोह में भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल हुए। रामनवमी महोत्सव का शुभारंभ हरि नाम संकीर्तन से किया गया। मौके पर सैकड़ो श्रद्धालुओं को के बीच श्री काले ने माथा टेक कर रामनवमी महोत्सव की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। अमरप्रीत सिंह काले ने कहा मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का जीवन चरित्र समस्त मानव जाति के लिए एक आदर्श है। श्रीराम की कृपा समस्त विश्व पर बनी रहे, सभी का जीवन सुख,शांति,उत्तम स्वास्थ्य व समृद्धि से परिपूर्ण रहे।उन्होंने कहा भारतवासियों की आत्मा में प्रभु श्री राम बसते हैं। इस अवसर पर जम्मू अखाड़ा के संरक्षक बंटी सिंह सहित कमेटी के सभी सदस्य के साथ सैकड़ो श्रद्धालु शामिल रहे।**

# श्रीराम नवमी पूजा महासमिति जनरल ने मंगला जुलूस निकाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** श्रीराम नवमी पूजा महासमिति जनरल के द्वारा मंगलवार को मंगला जुलुस बाइक के द्वारा निकाला गया। जनरल के अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में तथा दौलत सोनी के नेतृत्व में जुलूस निकली गयी। जो चीनिया मोड़ मां काली मंदिर के प्रांगण से शुरू होकर रंका मोड़ संकट-मोचन मंदिर के पास पूजन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। फिर मेन रोड होते हुए मां गढ़देवी का पूजन कर रामलला मंदिर में पूजन कर तपोभूमि निमियाँ स्थान अखाड़ा में समापन किया गया। निमिया स्थान अखाड़ा के सदस्यों के द्वारा शोभा यात्रा में आए राम भक्तों को मुरब्बा खिलाकर और ठंडे पानी पिलाकर स्वागत किया गया।

मौके पर जनरल के अध्यक्ष ने कहा कि प्रथम नवरात्र और रामजन्मोत्सव के प्रथम मंगलवार पर यह शोभायात्रा निकाली गयी। अगले 16 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 2 बजे से मां काली मंदिर के प्रांगण से दूसरी मंगला शोभायात्रा निकाला जायेगा। जिसमें सभी अखाड़ा के राम भक्त मां काली मंदिर के प्रांगण में पहुंचने का कार्य करेंगे। वहां से पूरे हर्षोल्लास के साथ शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसमें महिलाएं, पुरूष, बच्चे बुजुर्ग और युवा साथी सभी को जनरल आमंत्रित करती है। उन्होंने कहा कि हजारों हजारों की संख्या में महिलाएं दुर्गा, काली, लक्ष्मीबाई, झांसी की रानी और अन्य रूप में सज्जा कर आयेंगे और प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ पूरा शहर राम जन्मोत्सव मनायेगा। 17 अप्रैल को रंका मोड़ पर सभी अखाड़ा के जुलूस सभी झांकी अपने अपने प्रदर्शन करेंगे।

इस अवसर पर जनरल सभी का स्वागत करेगा। आज के मंगला जुलूस में मुख्यरूप उपस्थित संयोजक मुरली श्याम सोनी, महामंत्री रोहित कुमार, राजकुमार गुप्ता, कमल चौबे, मयंक सोनी, सूर्य प्रकाश सिंह, अरविंद पटवा, चंदन पासवान, भार्दुल पासवान, विवेक सिन्हा, पवन सोनी विशाल गुप्ता, सन्नी शर्मा, मनीष गुप्ता, विशाल गुप्ता, पवन सोनी, नीतेश सिंह, उत्तम कश्यप सहित कई राम भक्त उपस्थित थे।

## या देवी सर्वभूतेषु से शहर हुआ भक्तिमय



श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापन के साथ ही मां शक्ति की आराधना का नौ दिवसीय अनुष्ठान बुधवार से आरंभ हो गया। 9 अप्रैल दिन मंगलवार से शुरू हुआ और 17 अप्रैल को रामनवमी पर्व के साथ संपन्न होगा। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर जंगीपुर पेट्रोल पंप स्थित गायत्री शक्तिपीठ परिसर में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान या देवी सर्वभूतेषु गायत्री रूपेण संस्थिता.. नमस्तस्य नमस्तस्य नमस्तस्य नमो नमः के साथ मातृशक्ति का आवाह्न नमन, वंदन किया गया। तत्पश्चात गायत्री परिवार के लोगों ने प्रतिदिन का जप भी किया। इसके बाद कलश स्थापना के साथ पूरे विधि विधान और वैदिक मंत्रोचार के साथ नवरात्र शुरू हो गया। मौके पर जोखू प्रसाद, ललसू राम, अखौरी प्रसाद ज्योतिष, रवि प्रकाश अग्रवाल, शुभम, जोखू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## नवरात्र के प्रथम दिन भक्तिमय रहा केतार प्रखंड



केतार (आजाद सिपाही)। केतार नवरात्र के प्रथम दिन मां चतुर्भुजी मंदिर, मां शायरी भगवती पाचाडुमर,श्री सूर्यनारायण मंदिर मुकुन्दपुर, माहामाया मंदिर परसीडीह के प्रांगण से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली, मंदिर प्रांगण से बाजे-गाजे के साथ केतार बाजार होते हुए ढाढरा पण्डा नदी के संगम स्थल से श्रद्धालुओं ने कलश उठाया। इसके बाद जय श्री राम, जय हनुमान व जय मां दुर्गे का जयकारा लगाते हुए पुनः मंदिर में पहुंचकर यज्ञ मंडप में कलश स्थापना की गयी। वहीं मां शायरी भगवती मंदिर पाचाडुमर में नवरात्र महानुष्ठान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया श्याम सुंदर बैठा और समाज सेवी पंकज कुमार सिंह के द्वारा कलश देकर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर चतुर्भुजी मंदिर विकास समिति के संरक्षक रामविचार साह, अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव हेमंत पाठक, कोषाध्यक्ष विनोद भगत, उपाध्यक्ष छोटे शर्मा, उपसचिव प्रमोद मेहता, उपकोषाध्यक्ष अमरनाथ जायसवाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# पल भर में चार एकड़ में लगी गेहूं की फसल जल कर खाक, मुआवजा की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** थाना मुख्यालय में मंगलवार के दोपहर में गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से करीब चार एकड़ का फसल जल कर खाक हो गया। आग इतनी तेजी से लगी की देखते ही देखते मेराल पूर्वी पंचायत के फुलवारी टोला में चार किसानों के खेतों में खड़ी करीब चार एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी।

### किसानों को हुआ भारी नुकसान, मुआवजा की मांग

भुक्तभोगी किसान रामराज मेहता, रामलाल मेहता, राहुल मेहता तथा सरजू मेहता ने बताया कि खेत में पक्का हुआ गेहूं की फसल में अचानक आग लग गयी, तेज आंधी की वजह से देखते ही देखते करीब चार एकड़ में लगा गेहूं का फसल जलकर राख हो गया। हो हल्ला करने पर कई ग्रामीणों के साथ आग पर काबू पाने का प्रयास किया, परंतु कुछ नहीं बच पाया। इस घटना में हम सभी बर्बाद हो गये। भुक्तभोगी किसानों ने सरकार से मुआवजा की मांग की है।

### सूचना पर मुखिया और थाना पुलिस पहुंची, लिया जायजा

आग लगी की सूचना मिलने पर पहुंचे स्थानीय मुखिया रामसागर महतो ने बताया कि गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से चार किसानों का करीब 4 एकड़ में लगा गेहूं का फसल जल का राख हो गया। विलंब से पहुंची दमकल की गाड़ी ने पूरी तरह से आग पर काबू पाया।

इस घटना में किसानों का भारी नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने किसानों को फसल का मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर थाना पुलिस के जवानों के साथ पहुंचे एएसआई शिव शंकर पासवान ने भी खेत में जले हुए फसल का जायजा लिया।

## हनुमान मंदिर में भंडारा का आयोजन

श्री बंशीधर नगर। विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं के जन सहयोग से भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 600 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभंडारा का प्रसाद ग्रहण किये।

## नये समाहरणालय भवन में काम-काज हुआ शुरू

गढ़वा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त शेखर जमुआर के दिए निर्देश पर आज से कल्याणपुर स्थित नए समाहरणालय भवन गढ़वा में आधिकारिक रूप से काम-काज प्रारंभ कर दिया गया। उपायुक्त ने नये समाहरणालय भवन पहुंच अपने कार्यालय कक्ष से मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन नये समाहरणालय भवन में नए ऊर्जा के साथ कार्य करेगी। लोगों को नये समाहरणालय भवन से बेहतर सेवाएं मिलने में भी आसानी होगी। इस दौरान उपायुक्त कार्यलय कक्ष में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय , उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतीयश विजय टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, गोपनीय शाखा प्रभारी संजय प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं नए समाहरणालय भवन के सभागार में पहले दिन हीं जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक भी की गयी। साथ हीं विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा अपने-अपने विभागों से जुड़े कार्यालयों का संचालन आज से सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया गया।

## हिंदू नव वर्ष पर सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने निकाली प्रभात फेरी

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। हिंदू नव वर्ष के अवसर पर प्रखंड के मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना करने वालों की भीड़ लगी रहे।वही सरस्वती शिशु मंदिर भवनाथपुर के बच्चों के द्वारा पथ संचलन कर वर्ष प्रतिपदा मनाया गया। इस दौरान नववर्ष मंगलमय हो, जय श्री राम, वंदे मातरम, भारत माता की जय का जय घोष बच्चे लगा रहे थे।पथ संचलन करने वाले बच्चों को किसी तरह का दिक्कत ना हो इसके लिए भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के सदस्यों ने जगह जगह स्टॉल लगाया गया था। कर्पूरी चौक पर कमलेश होटल ने बच्चों को शरबत पिलाई, वन विभाग के चेकनाका के पास व्यवसायी वीरेंद्र सेठ, अंजनी दुबे, ओम प्रकाश सिंह सहित अन्य के द्वारा शरबत पिलाया गया। भवनाथपुर बाजार में व्यवसायी सुधीर सोनी, साकेत गुप्ता, अमन सिंह, सूरज गुप्ता सहित अन्य ने बच्चों को शरबत पिलाई। सूर्य मंदिर के पास व्यवसायी संघ अध्यक्ष नीतीश कुमार, सचिव नवल किशोर प्रसाद, राजू गुप्ता, शशि भूषण शर्मा, अजय शाह, संजय गुप्ता, दिवाकर गुप्ता, सुनील गुप्ता, छोटू कुमार, सौरभ गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता सहित अन्य के द्वारा फल का वितरण किया गया। वहीं दुर्गा वाहिनी के सदस्यों के द्वारा पथ संचलन करने वाले बच्चों के ऊपर पुष्प वर्षा किया गया। जिसमें सह संयोजक प्रियंका कुमारी, तमन्ना कुमारी, निभा गुप्ता, अनु कुमारी, कुमारी, रिचा गुप्ता, मनीषा कुमारी, आकांक्षा कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी

भंडारिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड कार्यालय परिसर से आज दिन मंगलवार को निर्वाचित पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड कर्मियों व जेएसएलपीएस की दीदी एवं आंगनबाड़ी केंद्र के सुपरवाइजर व बिलो के कर्मियों के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। जागरूकता रैली में शामिल लोग प्रखंड कार्यालय से चलकर भंडारिया बाजार देवी मंदिर होते हुए इंदिरा गांधी चौक से प्रखंड भंडारिया ग्रामीण बैंक होते हुए इस मतदाता जागरूकता रैली में प्रखंड के विभिन्न गांव से महिलाएं एवं प्रखंड कर्मी शामिल थे। मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर विभिन्न तरह के स्लोगन तक थी एवं बैनर अपने-अपने हाथ में लेकर कई नारे लगा रहे थे जाति पर न धर्म पर ओट करें कर्म पर मतदाता लोकतंत्र की जान राज को तू अपना मान वोट की शक्ति को जान सबसे पहले करें मतदान, तब कर जलपान सहित अन्य नारे लगा रहे थे। रैली का नेतृत्व करता प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार बीपीआरओ राकेश भूषण सिंह कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस के नकुल लोहार रैली में उपस्थित अभिषेक कुमार सुभाष कुशवाहा, अजय राम कार्यक्रम पदाधिकारी रवि शंकर बाल विकास परियोजना के लीलावती देवी और इस जागरूकता रैली में समस्त ब्लॉक कर्मी उपस्थित थे।

# मां शायर देवी की जयकारा के साथ शुरू हुआ 10 दिवसीय वार्षिकोत्सव

**प्रभु श्री राम कुटिया से भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं तो रामनवमी भी ऐतिहासिक होना चाहिए : अलखनाथ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** मां शायर देवी की जयकारा के साथ मंदिर प्रांगण में बड़े ही उत्साह के साथ 10 दिवसीय चतुर्थ वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडे ने प्रमुख दीपमाला कुमारी, थाना प्रभारी विष्णुकांत, मुखिया उर्मिला देवी, रामसागर महतो, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय भगत, मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, दशरथ प्रसाद, अजय प्रसाद गुप्ता, रूपू महतो आदि के साथ मुख्य यजमान को कलश देकर तथा ध्वज दिखाकर किया गया।

इस अवसर पर श्री पांडे ने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां शायर देवी धाम मंदिर हजारों लोगों के आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन से आसपास के क्षेत्रों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

श्री पांडे ने कहा कि साढ़े पांच सौ वर्ष बाद इस वर्ष भगवान श्रीराम कुटिया से भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं तो राम जन्मोत्सव भी महत्वपूर्ण तथा ऐतिहासिक है। प्रखंड प्रमुख सहित अन्य वक्ताओ ने भव्य व आकर्षक देवी धाम मंदिर निर्माण के बाद लगातार धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाने के लिए आयोजन समिति के लोगों की प्रशंसा की।

# श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड प्रदेश राजद ने एकीकृत बिहार-झारखंड के वरिष्ठ विधायक रहे झारखंड के प्रथम ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो और श्री बंशीधर नगर के पूर्व शिक्षक सह अधिवक्ता बैजनाथ प्रसाद के आकस्मिक निधन पर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी के चचेरिया स्थित आवासीय कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों दिवंगतों के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। यहां दर्जनों लोगों ने 2 मिनट का मौन रख कर दिवंगतों आत्मा की शांति व ईश्वर से अपने श्री चरणों में स्थान देने के लिए प्रार्थना किया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने कहा कि लालचंद महतो जीवन भर पिछड़ों, दलितों बहुजन समाज के नेता के रूप में आवाज बुलंद करते रहे। उन्होंने कहा कि लालचंद महतो बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूरी ठाकुर के समूह में राजनीतिक करने वाले नेताओं में शुमार रहे थे। मेरा उनसे काफी गहरा लगाव था। उनके मंत्री कार्यकाल में उनके समकक्ष में कार्य करने का मौका मिला। झारखंड के महान आंदोलनकारी, जुझारू, कर्मठ और जनप्रिय नेता खो दिया।

पूर्व मंत्री रामचंद्र ने सरल स्वभाव, मृद्धुभाषी व हंसमुख स्व बैजनाथ प्रसाद का निधन हो जाना आपूर्णीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि हमारे विधायक कार्यकाल में हमारे साथ मिलकर शिक्षा के प्रति कई अधूरे कार्य को पूरा किया। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। पूर्व मंत्री ने स्व बैजनाथ प्रसाद को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना।

शोक सभा को संबोधन करने वालों में पूर्व मंत्री के अलावे अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व चेयरमैन शिवधारी राम, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, अश्विनी प्रसाद, कमला सिंह, पूर्व शिक्षक सीताराम जायसवाल आदि ने किया।

## पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ईद व रामनवमी पर्व को लेकर मंगलवार को हरिहरपुर ओपी परिसर में हिन्दू व मुस्लिम धर्मावलंबियों के साथ शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित लोगों ने बिक रहे देशी शराब पर रोक लगाने की मांग किया। सभी ने कहा कि यदि सड़कों के किनारे से पशुओं का बांधना नही हटाया गया तो यह आय दिन बड़ी घटना को आमंत्रित करेगा। वंही शांति समिति में उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों से पुलिस ने आग्रह किया कि ईद, रामनवमी, सरहुल व चैती छठ को शांति व सौहार्द पूर्वक मनाने का आग्रह किया। शांति समिति में एएसआई आर के पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद बिहारी द्विवेदी, दिलीप कुमार सिंह, उस्मान अंसारी, मो. सफीक अंसारी, अरुण मिश्रा, मुकेश चौबे, अवधेश कुमार सिंह, डूमरसोता मुखिया राजेश्वर विश्वकर्मा, सतीश सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डीसी और एसपी ने जिलेवासियों को दी रामनवमी, ईद और सरहुल की बधाई

**शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का किया अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व संपन्न कराने को लेकर आज नए समाहरणालय भवन के सभागार में उपायुक्त गढ़वा, शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व संपन्न कराने की बात कही गयी। साथ ही ईद और सरहुल पर्व को भी शांतिपूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे से मनाने की बात कही गयी।

## मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न गांव मुहल्ले में मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया रैली सगमा स्वास्थ केन्द्र से निकाल कर मुख्य पथ होते हुए सगमा बाजार में समाप्त हुआ रैली में लोगों ने जाति-धर्म से ऊपर उठकर मतदान करने की शपथ ली तथा लोगों को जागरूक किया। रैली में लालच देकर वोट जो मांगे, भ्रष्टाचार करेगा आगे, जो बांटे दारू साड़ी नोट, उनको कभी ना देंगे वोट, बहकावे में कभी न आना, सोच समझकर मुहर लगाना। निर्भय हो मतदान करेंगे, देश का हम सम्मान करेंगे, मत बेचकर न बनो व्यापारी, पड़ेगा तुम सब पर यह भारी, वोट करें वफादारी से, चयन करें समझदारी से, वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, छोड़कर अपने सारे काम, पहले चलकर करें मतदान, सबकी सुनें सभी को जानें, निर्णय अपने मन का मानें, जागरूक समाज की क्या पहचान, शत प्रतिशत हो मतदान। जागो जागो हे मतदाता, तुम भारत के भाग्य विधाता। बहकावे में कभी न आना, सोच-समझकर मुहर लगाना। न जाती पर न धर्म पर, मुहर लगेगा कर्म पर। एक वोट से होती जीत-हार, वोट न हो कोई बेकार, मत- देना अपना अधिकार, बदले में न लो उपहार आदि नारे लगाते हुएं लोगों को जागरूक किया।

# ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में तीन की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता





**रमना।** गढ़वा- नगर ऊंटरी एन एच 75 मार्ग पर सोमवार की देर रात्रि रमना थाना क्षेत्र के कबिसा गांव के समीप मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर से टक्कर में मोटरसाइकिल सवार तीन युवक की मौत हो गयी। मृतकों में नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के झुमरी गांव निवासी रामाशंकर यादव के 24 वर्षीय पुत्र विकास यादव और गरबांध गांव निवासी केसर प्रसाद यादव के 24 वर्षीय पुत्र विनोद यादव और गढ़वा थाना क्षेत्र के बघौता गांव निवासी उदेश प्रसाद यादव के 22 वर्षीय सूरज कुमार यादव के नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार विकास कुमार यादव और विनोद कुमार यादव पलामू जिले के बिश्रामपुर मे फार्मासिस्ट का फॉर्म भरने कर वापस लौट के दौरान विकास कुमार यादव ने अपने मौसेरा भाई सूरज कुमार यादव को भी रमना थाना क्षेत्र के मड़वनिया गांव स्थित अपने नानी के मृत्युभोज कार्यक्रम में अपने साथ मोटरसाइकिल पर बैठाकर तीनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। इस दौरान रमना थाना क्षेत्र के कबिसा के समीप तेज रफ्तार होने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर खड़े ट्रैक्टर में टकरा गया। इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि सूरज कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद राहगीरों की मदद से उन तीनों को रमना सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सूरज कुमार यादव को प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के द्वारा उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सूरज कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा सदर अस्पताल से भी उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। परिजन के द्वारा उसे निजी एंबुलेंस से रांची रिम्स ले जाने क्रम में सूरज कुमार यादव कि मौत हो गयी। इसके बाद गढ़वा सदर अस्पताल में पुलिस ने अंत्य परीक्षण कराकर भेज दिया है।

विकास कुमार यादव और विनोद कुमार यादव को होने वाली थी, शादी परिजनों ने बताया कि विकास कुमार यादव की शादी 18 अप्रैल को डंडई थाना क्षेत्र के झोतर गांव में उसकी शादी होने वाली थी। जबकि विनोद कुमार यादव को मेराल थाना क्षेत्र के लोआदाग गांव में उसकी भी शादी तय हो गयी थी। 24 अप्रैल को ही उसकी भी शादी होने वाली थी।

# सीएम ग्राम गाड़ी योजना के तहत चल रही बस में यात्रियों से मनमाना भाड़े की हो रही है वसूली

**एक विकलांग महिला ने कहा हम विकलांग है निःशुल्क सेवा समझ कर बैठा कर ले लिये गये अधिक भाड़े**

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत चल रही बस में यात्रियों से मनमानी भाड़े की राशि की वसूली की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय से सीधा जुड़ाव के लिए सरकार के द्वारा बहुत कम राशि में यह सुविधा मुहैया करायी गयी थी। लेकिन ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। सरकार के यह महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गांव से जिला मुख्यालय के बीच की दूरी को कम करना था। वही पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं, बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग और एचआईवी संक्रमित लोग मुफ्त यात्रा की प्रावधान था। लेकिन इस योजना का लाभ लोगों को नही मिल पा रहा है। गढ़वा से डंडई भया पनघाटवा, सुखलदरी तक चल रही मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की बस में मनमानी तरीके से यात्रियों के द्वारा भाड़े की राशि वसुली जा रही है। जिससे यात्री काफी परेशान है। सोमवार को देर शाम गढ़वा से डंडई पहुंची बस के दर्जनों यात्रियों ने उतरकर भाड़े वसूली का जमकर विरोध किया। बस यात्रियों ने बताया कि बस कंडक्टर के द्वारा यात्रियों से प्राइवेट बस के बराबर भाड़े की वसुली किया जा रहा है। बस में विकलांग, बुजुर्ग, विधवा व छात्र-छात्राओं से भी एक समान भाड़े लिया जा रहा है। इस दौरान विकलांग महिला तमन्ना बीबी ने भावुक होकर अपने विकलांग पैर को दिखाते हुए कहा कि हम बिल्कुल असहाय हैं इलाज के लिए बस से गढ़वा गये थे। हम सरकारी बस समझ बैठ गई की भाड़ा विकलांग को नहीं लगेगा। जब बस कुछ दूर आगे बड़ी तो मेरे पास बस कंडक्टर आया और बोला कि भाड़ा दिजिये तो हम उनसे बोले की यह सरकारी बस है न इसमें तो सरकार दिव्यांगों को मुफ्त यात्रा करने का प्रावधान है तो आप कैसे भाड़ा मांग रहे है। इस पर बस कंडक्टर के द्वारा बोला गया की आप चुपचाप भाड़ा दीजिए कोई निशुल्क सेवा नहीं है। विकलांग महिला ने बताया कि जब भाड़ा देने से इनकार किया तो बस कंडक्टर के द्वारा बीच रास्ते में ही उतार देने की बात कही जाने लगी। इसके बाद कंडक्टर को भंडार जाने के लिए 70 रुपये भाड़ा दिया।वही बताया कि अन्य वाहनों की अपेक्षा हमसे अधिक किराया लिया गया। सरकार के द्वारा भले ही दिव्यांग, विकलांग को मुफ्त में बस सेवा शुरू की है। लेकिन इसका लाभ हम असहाय विकलांग को लाभ नहीं मिल रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in
08

## 32 घंटे से लापता हैं सहायक पुलिसकर्मी जयराम साव



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला अंतर्गत बालूमाथ थाना में कार्यरत सहायक पुलिसकर्मी जयराम साव थाना परिसर से बाहर निकालते करीब 32 घंटे से लापता है । परिजनों ने थक हार कर थाने में आवेदन देकर के खोजबीन करने का लगा रहे हैं गुहार। बावजूद इसके बालूमाथ थाना पुलिस विभिन्न स्थानों पर छापामारी करने पर भी घटना के आज दुसरे दिन भी फलाफल शून्य रहा है। सक पर बालूमाथ पुलिस दो लोगों को गिरफ्तार कर पुछताछ करने जुटी हुई है। सूत्रों के अनुसार लापता सहायक पुलिसकर्मी जयराम साव की सादी भी ठीक हो गया है तथा शादी आगामी 26 अप्रैल को होना है। जिसके लिए परिजनों ने पुरी तैयारी भी कर चुके हैं।

# गैंग रेप के तीन आरोपियों को 25 वर्ष की सजा और जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय सह पोकसो एक्ट की विशेष अदालत अमित कुमार ने चर्चित लोटो ग्राम सामूहिक बलात्कार कांड के तीन आरोपियों को 25-25 वर्षों की सजा का ऐलान किया है।

पोक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार दास के अनुसार लातेहार शहर थाना क्षेत्र के लोटो ग्राम में गत 29 फरवरी 2020 को एक घटना घटी थी। जिसमें एक किशोरी को अपराधियों ने बाइक से उठाया और खेत में ले जाकर उसके साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया था। मामले की तहकीकात लातेहार थाना में पोक्सो एक्ट और एससी एसटी एक्ट के तहत दर्ज किया




गया था।

पुलिस ने मामले की तहकीकात कर गत 26 अप्रैल 2020 को अदालत में जितेंद्र राम उर्फ छोटू चंद्रवंशी, अभय प्रजापति उर्फ लालू, करण प्रजापति उर्फ कारण विद्यार्थी के खिलाफ मामला सत्य पाते हुए पोक्सो एक्ट के तहत आरोप पत्र समर्पित किया था। अभियोजन के द्वारा अदालत में कुल 11 गवाहों को पेश किया गया। गवाहों ने पीड़िता के साथ हुई घटना का समर्थन किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के उपरांत श्री कुमार की अदालत ने आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित होने पर उन्हें 25-25 वर्षों की कारावास और 25 25 हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाया है।

# जनता दरबार में आये आवेदन का निष्पादन जल्द होगा: डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी और अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा। ज्ञात हो कि जनता दरबार में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से अबुआ आवास, नियोजन, जमीन विवाद, मुआवजा आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## शांति आश्रम के ब्रह्मचारियों ने निकाली प्रभातफेरी




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** गुरुकुल शांति आश्रम द्वारा लोहरदगा में हिंदी नव वर्ष विक्रम संवत 2081 के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गयी। गुरुकुल के आचार्य शरदचंद्र आर्य की अगुवाई में गुरुकुल के ब्रम्हचारियों द्वारा वेद की ज्योति जलती रहे, नव वर्ष मंगलमय हो, विक्रम संवत अमर रहे, ओम का झंडा ऊंचा रहे आदि उदघोष से शांति नगर, किस्को मोड़, ब्लॉक कालोनी फिर वापस शांति आश्रम में समापन किया गया। आचार्य शरदचंद्र आर्य के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा विश्व कल्याण के लिए पूरे विधि विधान से आश्रम परिसर में हवन किया गया।

## चैत नवरात्र कलश यात्रा के साथ शुरू



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय में 9 अप्रैल दिन मंगलवार को चैत्र नवरात्र कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई। कैरो दुगार्बाड़ी से सैकड़ो महिला, पुरुष और बच्चे सहित सरना सनातन धर्मावलंबियों ने कलश यात्रा के लिए पश्चिम दिशा स्थित नंदनी नदी जयकारों के साथ पहुंच कर प्रोहित कौशलकान्त त्रिपाठी के द्वारा विधिवत पूजन के पश्चात अपने- अपने कलश में जल भर कर पुनः दुर्गाबाड़ी पहुंचे। कलश स्थापना के साथ मंगलवार से रामनवमी सह भरत मिलाप शोभा यात्रा कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। वहीं नवमी व दशमी को मेला सह भरत मिलाप शोभा यात्रा को सफल शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर समिति अपने अपने कार्य का निर्वाहन करेंगे। मौके पर महाबीर मंडल के अध्यक्ष विवेक प्रजापति, शरत कुमार विद्यार्थी, शम्भू सोनी, सुजीत प्रसाद, बजरंग प्रसाद सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# स्वीप कार्यक्रम में स्काउट गाइड की छात्राओं ने की वॉल पेंटिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव महापर्व को लेकर भारत स्काउट और गाइड के द्वारा स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का नियमित आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधीक्षक के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला के कैरो कुडू और भंडरा प्रखंड में वॉल पेंटिंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। भारत स्काउट और गाइड के जिला सचिव शैलेन्द्र कुमार सुमन और जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन की देखरेख में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राजकीय अपग्रेटेड उच्च विधालय सलगी, प्रोजेक्ट उच्च विधालय कुडू, उच्च विधालय हेंजला, केजीवीपी कैरो और कुडू के भारत स्काउट और गाइड के बच्चों के द्वारा पहले जागरूकता



रैली और फिर पेंटिंग साथ ही वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वीप के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बेहतर परिणाम देने वाले भारत स्काउट और गाइड के बच्चों को प्रमाण पत्र दिया जायेगा। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने इस बार 90% मतदान की अपील मतदाताओं से की है। जिसे धरातल में उतारने के लिए स्कूली बच्चें बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। साथ ही अपने अभिभावकों माता पिता और रिश्तेदारों को भी 13 अप्रैल को अपने घरों में जाकर मतदान करने की अपील कर रहे हैं। वोट प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य पुरा करने का संकल्प जिला प्रशासन के साथ साथ भारत स्काउट और गाइड लोहरदगा ने भी ले रखा है। प्रखंड स्तर पर स्वीप के तहत भारत स्काउट और गाइड के कार्यक्रमों को सफल बनाने में कुडू सीआरपी परवेज आलम की अहम भूमिका निभाने का कार्य कर रहे हैं। अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने में कोई पीछे न रह जाये इसके लिए घर-घर तक जिलेवासियों को जागरूक करने का काम भारत स्काउट और गाइड के बालक बालिकाओं के द्वारा किया जायेगा।

## मतदान केंद्र पर चार चार वोलेंटियर रहेंगे : बीडीओ

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखण्ड सभागार में मंगलवार को प्रखण्ड सह अंचलाधिकारी छन्दा भटाचार्य की अध्यक्षता में बी एल ओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ वोलेंटियर चयन कर सभी को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह प्रखण्ड सहायक निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ में 85 प्लस उम्र एवं वैसे दिव्यांग को चिन्हित करते हुए उनको मतदान के दिन मतदान केंद्र तक लाने में जो सुविधा या दिशानिर्देश निर्वाचन आयोग के तरफ से दिया गया है उसका पालन करते हुए मतदान केंद्र में मतदान कराना सुनिश्चित करना है। लोकतंत्र में चुनाव एक अहम प्रक्रिया है जो प्रत्येक पांच वर्षो में आता है इस में हम सब को मिलकर शांतिपूर्वक, सही तरीके से मतदान संपन्न कराने में सहयोग करना है।

# रामनवमी, सरहुल और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार थाना परिसर में चैती छठ, रामनवमीं व सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई.बैठक की अध्यक्षता सीओ अरविंद देवाशीस टोप्पो ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें सीओ श्री टोप्पो ने चैती छठ, रामनवमी व सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने रामनवमी जुलूस में शांतिपूर्ण तरीके से भाग लेने व सांउड सिस्टम को नियंत्रित रखने की बात कही। वहीं थाना प्रभारी पीके सिंहा ने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जायेगी। कहा कि पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। साथ ही सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी। मौके पर उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद, सरयु प्रसाद सिंह, ललित पांडेय, सुदामा प्रसाद, राजन तिवारी, गोपाल सिंह, हरिओम प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, श्रवण पासवान, कन्हाई पासवान, मनोज प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य शिविर में 82 ग्रामीणों की मुफ्त जांच




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लोहरदगा जिला सेवा विभाग के द्वारा वर्ष प्रतिपदा उत्सव के मौके पर सुदूर वनांचली पेशरार प्रखंड के चैनपुर गांव में कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा संचालित विकास भारती बिशनपुर के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 82 ग्रामीण वृद्ध महिला पुरुष एवं बच्चों का स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क औषधि वितरित किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, बुखार, सर्दी खांसी, डायरिया कमजोरी आदि बीमारी के रोगियों का इलाज किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ प्रेम प्रकाश सिंह एएनएम अंशु कुमारी सीमा कुमारी प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक अरुण राम सुभाष उरांव जिला बौद्धिक प्रमुख देवेंद्र मंडल सह जिला बौद्धिक प्रमुख सचित सिंह जिला प्रचारक दीपक कुमार पेशरार खंड कार्यवाह संदीप तूरी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित जिला सेवा प्रमुख प्रणव कुमार पाठक के द्वारा समाज से संग्रहित लगभग 100 बच्चों को नए कपड़े वितरित किए गये।

# नववर्ष हमारे लिए खुशियों की सौगात लाया है : सुरेश चंद्र पांडेय




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में नव वर्ष महोत्सव विक्रम संवत 2081 का भव्य आयोजन किया गया। प्रभात फेरी एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भारत माता की जय एवं नव वर्ष मंगलमय हो तथा वंदे मातरम के गगन भेदी नारों के साथ भैया बहनों का पद संचलन शारदा नगर मुख्य पथ होते हुए मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय प्रांगण के साथ संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा नव वर्ष हमारे लिए प्रेरणादायी है तथा यह खुशियों के सौगात को लेकर आयी है। इस अवसर पर हम राजा विक्रमादित्य के महान पराक्रम को याद करते हुए घर-घर में दीप जलते हैं भगवान राम के महान त्याग एवं पराक्रम की गाथा को हम गाते हैं। मौके पर महेंद्र कुमार मिश्रा, त्रिलोचन साहू, सुनीता कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, लक्ष्मी देवी, दीपिका कुमारी, गणेश साहू, अशोक प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, अशोक कु सिंह, रवि रंजन कु. उपाध्याय समेत सभी आचार्य उपस्थित रहे।

## जेसीइआरटी, रांची की टीम ने 10 विद्यालयों का भ्रमण किया

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीइआरटी), रांची की ओर से उप निदेशक सुरेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम का लोहरदगा जिला भ्रमण का दूसरा व अंतिम दिन रहा। जेसीइआरटी, रांची की टीम ने जिला के 10 विद्यालयों के भ्रमण के पश्चात उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उप निदेशक, जेसीइआरटी, रांची ने लोहरदगा जिला के विद्यालय भ्रमण के प्रतिवेदन से उप विकास आयुक्त को अवगत कराया। जिसमें विद्यालयों में आधारभूत संचरनाओं व सुविधाओं की स्थिति, परियोजना के क्रियान्वयन की स्थिति व प्रभाव, विद्यालयों में साफ-सफाई की स्थिति, पढ़ाई की गुणवत्ता आदि बिंदु शामिल हैं।

# नववर्ष पर जय श्रीराम समिति ने निकाली शोभायात्रा, लगे जय श्रीराम के जयकारे

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत पर मंगलवार को जय श्री राम समिति के नेतृत्व में शहर के मुख्य मार्गो पर शोभा यात्रा निकाला गया। जय श्रीराम समिति के सदस्यों के साथ कई हिंदूवादी संगठनों ने भी इसमें हिस्सा लिया। शोभा यात्रा ललित नारायण स्टेडियम से निकली जो शहर के बरवा टोली चौक, मिशन चौक, महावीर चौक, अपर बाजार, शास्त्री चौक, थाना चौक, अमला टोली, सुभाष चौक, रेलवे साइडिंग, बाबा मठ, न्यू रोड होते हुए पुनः स्टेडियम परिसर पहुंच सम्पन्न हुई। इससे पूर्व स्टेडियम से भैरव सिंह की अगुवाई में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कराई गई थी। इस बीच पूरा शहर भगवा रंग में रंगा रहा। जुलूस में हजारों की संख्या में शामिल रामभक्त भगवा




झंडा थामे और जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। जय श्री राम समिति द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा भारत माता की पूजन के साथ समाप्त हुआ। प्रशासन द्वारा जुलूस की ड्रोन से निगरानी की जा रही थी। भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। प्रमुख चौक चौराहों पर भगवा झंडा और स्वागत द्वार बनाए गए थे। हिंदू नव वर्ष को लेकर जिले में लोगों में खासा उत्साह था। सिर पर चुनरी बांधे युवा नजर आ रहे थे। पूरा शहर भारत माता की जय और जय श्री राम के नारों से गूंज रहा था। जुलूस ललित नारायण स्टेडियम में पहुंचने के बाद सभी अतिथियों ने अपने- अपने विचार रखे। मंच पर हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष संजय वर्मा, ऋषि नाथ साहदेव, भैरव सिंह, जय श्रीराम समिति के मुख्य संरक्षक रमेश उरांव, संरक्षक सुषमा सिंह, परमेश्वर साहू, राजीव रंजन, सुनील अग्रवाल, ओम महतो सहित काफी संख्या में सनातन धर्मावलंबी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जय श्रीराम समिति के जिला, प्रखंड पंचायत एवं नगर कमेटी के सभी कार्यकर्ता का सामूहिक प्रयास रहा।

## गांजा और जिंदा गोली के साथ दो गिरफ्तार



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा थाना के कुसुम टोली के समीप गांजा का कारोबार करने की लातेहार एसीपी अंजनी अजंन के गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही। चंदवा थाना में एक टीम का गठन किया गया और टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी रणधीर कुमार की टीम ने छापेमारी किया। छापेमारी में 2.30 किलोग्राम के साथ पांच जिंदा गोली के साथ एकलब्य कुमार और विपिन कुमार को चंदवा पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया गया।

## लोहरदगा के नये पीडीजे अरविंद कुमार पांडेय ने लिया चार्ज



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के 16वें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में अरविंद कुमार पांडेय ने अपना योगदान दिया । मॉर्निंग कोर्ट होने के कारण सुबह 7:00 बजे उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया एवं उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश जारी किए । इस संबंध में डालसा सचिव राजेश कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि 12:00 बजे से लेकर 12:30 तक प्रत्येक कोर्ट दिवस में प्रि सिटिंग कॉन्सिलिएशन के रूप में चेक विवाद संबंधित, बिजली संबंधित एवं अन्य सुलहनीय वादों से संबंधित विवादों का मध्यस्थ एवं न्यायिक पदाधिकारियों को लेकर बेंच का गठन किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा मामले आगामी लोक अदालत में सुलझ सके।

# सीआरपीएफ 158 बटालियन में मना शौर्य दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** 158 बटालियन, सीआरपीएफ मुख्यालय में शौर्य दिवस मनाया गया। सीआरपीएफ शौर्य दिवस पर राहुल कुमार, कमाण्डेन्ट-158 बटालियन ने क्वार्टर गार्ड पर तैनात स्पेशल गार्ड की सलामी ली। कमांडेंट ने सभी जवानों और उनके परिवारजनों को सीआरपीएफ शौर्य दिवस की शुभकामनाएं दी। अतीत को याद करते हुए व्याख्यान किया कि आज ही के दिन 09 अप्रैल 1965 में पाकिस्तानी सैना की इन्फेन्ट्री ब्रिगेड द्वारा भारतीय सीमा पर रन कच्छ (गुजरात) में सरदार पोस्ट और टॉक चौकी के विरूद्ध चलाए गये। ऑपरेशन 'डेजर्ट हॉक' को पोस्ट



पर तैनात सीआरपीएफ के जवानों ने अपनी दृढ़ता और पराक्रम से विफल किया जिसमें सीआरपीएफ के जवानों ने पाकिस्तानी इंफेंट्री के एक ब्रिगेड को 12 घंटे तक रोके रखा, जो सैन्य युद्ध के इतिहास में एक अद्वितीय परिचालनिक कार्रवाई है। उक्त कार्रवाई में अर्द्धसैनिक बल की एक छोटी सी टुकड़ी के जवानों ने एक पाकिस्तानी बिग्रेड के नियोजित आक्रमण को विफल कर दिया । इसमें पाकिस्तानी सेना के 34 जवान मारे गए थे तथा 4 को जीवित पकड़ लिया गया था एवं सीआरपीएफ के 8 जवान कर्तव्य पथ पर दुश्मनों से लड़ते हुए शहीद हो गये थे। सरदार पोस्ट के रणबांकुरों के द्वारा किये गये साहसिक कार्यों को यादगार बनाए रखने के लिए इस महान दिन को शौर्य दिवस के रूप में प्रत्येक वर्ष 09 अप्रैल को मनाया जाता है। कमाण्डेन्ट ने बताया कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी सभी उच्चकोटी की कर्तव्य परायणता तथा व्यावसायिक क्षमता का प्रतिदिन विकास करते हुए देश एवं बल की सेवा करते रहेंगे तथा विकट परिस्थितियां आने पर भी 158 वीं वाहिनी के जवान बटालियन के आदर्श वाक्य 'सर्वदा श्रेष्ठ-158' को फलिभूत करते रहेंगे। इस अवसर पर शहीद शिव नारायण भगत की पत्नी गंगीया देवी को कमांडेंट महोदय द्वारा फूल गमला तथा शॉल उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में 158 बटालियन मुख्यालय में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

# नगर परिषद ने मस्जिदों के आसपास करायी सफाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार आगामी 11 अप्रैल को संभवत ईद का त्योहार मनाया जायेगा। शहर के विभिन्न मस्जिदों में लोग ईद का नमाज अदा करते हैं। इसे देखते हुए जिले के उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर लातेहार नगर प्रशासक राजीव रंजन के द्वारा शहर के सभी मस्जिदों के आस पास और शहर की सभी प्रमुख सड़कों की विशेष तौर पर सफाई कराने का निर्देश दिया था। जिसके बाद नगर पंचायत के सफाई कर्मियों के द्वारा मस्जिदों के आस पास साफ सफाई करायी गयी। इसी का निरीक्षण करने आज नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा, कनीय अभियंता संजीव बेदिया और क्षेत्र प्रवेक्षक रंधीर कुमार ने निरीक्षण कर जमीन स्थिति को देख संतुष्ट नजर आये। इस अवसर पर नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा ने कहा कि वरीय पदाधिकारियों के आदेश के बाद शहर के सभी मस्जिदों के आस पास साफ सफाई करवाई गई है। साथ ही खराब स्ट्रीट लाईट को भी बनाया गया है, ताकि ईद के दिन किसी भी नमाजियों को कठिनाईयों का सामना ना करना पड़े।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों ने निकाली शोभायात्रा



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहनों और आचार्य ने हिन्दू नव वर्ष प्रतिदा उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के सभी भैया बहन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, आचार्य तथा भैया बहनों द्वारा घोषदल के साथ नगर भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण मुख्य पथ से प्रारम्भ होकर शिव मंदिर होते हुए दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचे। शोभायात्रा में विद्यालय के आचार्य आचार्या तथा भैया बहनों के साथ सैकड़ो ग्रामीण महिलाएं कलश यात्रा के रूप में सामूहिक रूप में शामिल थे। शोभायात्रा और नगर भ्रमण के दौरान राजा विक्रमादित्य के प्रतिरूप में भैया अनिकेत कुमार भारत माता के प्रतिरूप में बहन निलकुशुम और रानी लक्ष्मी बाई के प्रतिरूप में बहन शिवानी कुमारी,माता दुर्गा के प्रतिरूप में बहन आरती कुमारी आकर्षण का केंद्र थे।

# सरहुल, ईद और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** सिसई थाना परिसर में मंगलवार को सरहुल, ईद और रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान बीडीओ रमेश कुमार यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर देश भर में लागू आचार संहिता के तहत सरकारी गाइडलाइन्स के अनुसार हम सभी को पर्व मनाना है। उन्होंने कहा कि त्यौहार को सभी कोई शांति व सौहार्द्रपूर्ण के साथ मनायें। प्रशासन आपके साथ है। पर्व त्यौहार में कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी भी व्यक्ति या समुदाय को ठेस पहुंचे। वहीं सर्किल इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रसाद राम ने कहा कि आप सभी लोग पर्व को शांत व सौहार्द्रपूर्ण से मनाई हमे मालूम है कि आपके थाना क्षेत्र में सभी पर्व त्यौहार अच्छी तरह से आपसी भाईचारा के साथ मनाते आएं हैं। इसी पर कायम रखने की जरूरत है। इस दौरान मौके पर बैठक में जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, प्रखंड प्रमुख मीना देवी, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, सीओ नीतेश रौशन खलखो, अभियान इंस्पेक्टर महेन्द्र कुरमाली सहित कई लोग उपस्थित थे।

# गर्भवती को खटिया पर तीन किमी लेकर आये ग्रामीण

सिमडेगा में दर्द से तड़प रही थी महिला

सड़क खराब थी गांव तक नहीं पहुंची एंबुलेंस

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा के जलडेगा इलाके में हुतुतुआ स्कूल टोली में गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा हुई तो घरवालों ने एंबुलेंस बुलाया। लेकिन सड़क नहीं होने के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकी। एंबुलेंस घर से तीन किमी दूर आकर खड़ी हो गयी। महिला को एंबुलेंस तक पहुंचाने के लिए खाट पर लिटाया गया और घर से तीन किमी दूर दर्द से तड़पती महिला को उठा कर परिवार और गांव के लोगों ने एंबुलेंस तक पहुंचाया।

घटना सिमडेगा जिला के जलडेगा प्रखंड अंतर्गत हुतुतुआ गांव की है। यहां जयंती कंडूलना को अहले सुबह लेबर पेन हुआ।



एंबुलेंस गिरजा टोली से आगे जा नहीं सकी, क्योंकि रास्ता नहीं था। जयंती को लगभग तीन किलोमीटर खटिया पर लिटा कर गिरजा टोली तक लाया गया। तब जाकर उसे एंबुलेंस में बैठाया जा सका।

**जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ**

राहत यह है कि महिला सही समय पर जलडेगा अस्पताल पहुंच गयी और उसे बेटा पैदा हुआ। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ है। अगर घर वाले अस्पताल खटिया में लाद कर उसे एंबुलेंस तक नहीं पहुंचाते तो कोई भी हादसा हो सकता था।

**तमाम दावों के बाद भी नहीं बनी सड़क**

गांव वाले लंबे समय से सड़क की मांग कर रहे हैं। यह पहली बार नहीं है। इससे पहले भी अगर गांव में कोई गंभीर रूप से बीमार पड़ा तो खटिया पर लिटा कर उसे पहले तीन किमी दूर लाया जाता। यहां एंबुलेंस खड़ी रहती है, फिर उसे अस्पताल ले जाया जाता है। स्थानीय नेता, प्रशासनिक अधिकारी सभी से गांव वालों ने सड़क की मांग की, लेकिन तमाम वादे और दावों के बावजूद सड़क अब तक नहीं बनी है।

**झारखंड के कई इलाकों में यही स्थिति**

झारखंड में ऐसे कई इलाके हैं, जहां सड़क नहीं है। एंबुलेंस तो दूर कई रास्तों पर बाइक से भी सफर करना मुश्किल है। सिर्फ सिमडेगा ही नहीं, खूंटी, गुमला, कोल्हान सहित कई इलाके ऐसे हैं, जहां गांव में पहुंचने के लिए सड़क नहीं है।

सिमडेगा जिले में सिर्फ यही गांव नहीं, अलग-अलग प्रखंडों में दूर दराज के कई ऐसे इलाके हैं, जहां सड़क नहीं है। इस कारण यहां पहुंचने वाली विकास की योजनाएं भी दूर हैं, जिससे बुनियादी सुविधा का अभाव है।

## सरस्वती शिशु मंदिर से निकली प्रभात फेरी



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों ने मंगलवार को विद्यालय के समस्त आचार्य और दीदी के मार्गदर्शन में भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2081 के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी में बच्चे विक्रमादित्य और भारत माता के स्वरूप में दिखे। यह स्कूल परिसर से निकलकर पीपल चौक, थाना रोड होते हुए पुन: स्कूल परिसर में पहुंचा। सैकड़ो भैया बहनों ने भारतीय नव वर्ष के नारों से नगर को गुंजायमान किया। बताते चले की चैत माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिंदू नव वर्ष की शुरूआत होती है। धरती के अपनी धूरी पर घूमने और धरती के सूर्य का एक चक्कर लगाने के बाद जब दूसरा चक्र प्रारंभ होता है तभी हिंदू नव वर्ष मनाया जाता है इस दिन गुड़ी पड़वा, उगादि और चैत्र नवरात्रि का त्यौहार मनाया जाता है।

## हिंदू नववर्ष पर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** चैत्र शुक्ल हिंदू नववर्ष की शुरूआत मंगलवार को होने के साथी बसिया के विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा की शुरूआत स्कूल से की गयी जो पूरे बसिया नगर का भ्रमण करते हुए पुन: स्कूल तक गयी। इस शोभा यात्रा में बच्चों के द्वारा मन को मोह लेने वाली झांकियां भी निकाली गयी। शोभा यात्रा के दौरान बच्चे भारत माता की जय और अन्य कई जयकारों से पूरा बसिया प्रखंड गूंज उठा। इस शोभा यात्रा में मुख्य रूप से स्कूल के प्रधानाध्यापक अभिमन्यु महतो, शिक्षक नवीन मिश्रा, सहदेव सिंह, पूजा कुमारी, हरगोविंद सिंह समेत स्कूल के सभी विद्यार्थी शामिल थे।

**महत्वपर्ण खबरें**

## सविमं गुमला में नव वर्ष पर पथ संचलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर गुमला के छात्र छात्राओं के द्वारा प्रात: वर्ष प्रतिपदा के उत्सव पर पथ संचलन का कार्यक्रम अयोजित किया। जिसमें भारत माता, राजा विक्रमादित्य, तथा सुभाष चंद्र बोस की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। पूरा नगर भारत माता की जय, नव वर्ष मंगलमय हो के जय घोष से गूंज उठा। इस कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 800 छात्र छात्राओं ने घोष दल के साथ समाज में हिंदू नव वर्ष लोगों से मनाने की अपील की । पूरा नगर भारत माता की जय, नव वर्ष मंगलमय हो के जयघोष से गूंज उठा। पथ संचलन कार्यक्रम को देखने के लिए नगर में काफी संख्या में लोग देखे गए। इस अवसर पर स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक,सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा सहित सभी आचार्य और दीदी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन आचार्य संजय कुमार के नेतृत्व में हुआ। मौके पर अध्यक्ष रामकिशोर रजक ने सभी भैया बहनों तथा उनके अभिभावकों से नव वर्ष को पूरे उत्साह से मनाने की अपील की। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने पूरे विद्यालय परिवार को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## हज ए उमरा के लिए सात लोग मक्का रवाना



**गुमला (आजाद सिपाही)।** बस स्टैंड रोड निवासी 70 वर्षीय समाजसेवी पूर्व इदरिसीया पंचायत के सदर मोहम्मद लियाकत हुसैन साहित उनके परिवार के कुल सात लोग हज ए उमरह के लिए मक्का रवाना हो गए। मो. लियाकत के साथ उनकी पत्नी सैरुन निशा , पुत्री रेहाना खातून, रजिया खातून ,मोहम्मद रमजान एवं मोहम्मद रिजवान उमरह के लिए उनके साथ गए हैं। उमरह में जानें वाले इन 7 व्यक्तियों को शहर वासियों ,समाजसेविय, अंजुमन इस्लामिया गुमला तथा परिवार के लोगों ने हार माला पहनकर विदा किया। लियाकत हुसैन के पुत्र मोहम्मद रागीब ने बताया कि हमारे परिवार से माता-पिता बहन बहनोई तथा भगना पाक सर जमीन मक्का शरीफ सऊदी अरब जा रहे हैं यह सभी ईद की नमाज मक्का में ही पढ़ेंगे और ईद वहीं मनायेंगे। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमीं, सचिव मकसूद आलम अंजुमन के पूर्व सचिव शहजाद हाजी रियाज अनवर मोहम्मद खुर्शीद उर्फ पप्पू, नगर परिषद के उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीम अख्तर हाजी सुल्तान अंसारी तथा गुमला के सभी पंचायत के पदाधिकारी ने हज ए उमरा मैं जाने वाले सभी लोगों को मुबारकबाद पेश किया तथा शहर गुमला और देश में अमन चैन के लिए दुआ करने की अपील किया है।

## नव वर्ष के अवसर पर शोभायात्रा निकाल सरना स्थलों पर पूजा अर्चना की गयी



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** नव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद् जिला समिति के तत्वावधान में नव वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित सरना स्थल महादेव सरना में पूजन का कार्यक्रम आयोजित की गई. जिसमें सभी ने सरना में वास करने वाले सभी देवी देवताओं का पूजन कर समस्त जिले वासियों के सुख समृद्धि और तरक्की के लिए और विश्व के कल्याण के लिए उनसे आशीर्वाद की कामना की गयी। पाहन बाबूलाल और पाहन बिरसा मुंडा ने पूर्ण विधि विधान से पूजन करवाया, जिसमे सभी समाज से सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। मौके पर उपस्थित विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष और बिरुगढ़ राज परिवार के युवराज कौशलराज सिंहदेव जी ने नववर्ष प्रतिपदा की सभी को शुभकामनायें और बधाई देते हुए कहा काल गणना में सबसे आगे हमारा नव वर्ष विक्रम संवत 2081 आज अयोध्या जी में अपने भव्य प्रासाद में विराजे प्रभु श्रीराम के सूर्य तिलक के साथ प्रारम्भ हो रहा है। आज नव वर्ष प्रतिपदा के साथ ही प्रकृति भी मानव जगत को अपने अद्भुत श्रृंगार के साथ सुखद एहसास कराती है। शाल के खूबसूरत हरे पत्तों और फूल धरती माँ का श्रृंगार करती दिखती है।

## विक्षिप्त पुत्र ने पत्थर से कूच कर की मां की हत्या, गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कलिगा गांव निवासी मुन्नी देवी (42) की पत्थर से कूच कर उसके ही मानसिक विक्षिप्त बेटे संजय गोप (27) ने महुआ टोली टंगरा में हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलने पर गुमला थाना के एसआइ मुनेश तिवारी घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। वहीं ग्रामीणों द्वारा पकड़े गये आरोपी बेटे संजय गोप को हिरासत में लेकर थाना ले आई है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के बेटे संजय गोप का पांच वर्ष से मानसिक विक्षिप्त है। उसे दो बार कांके में भी भरती कराया गया था। लेकिन घर आने के बाद उसकी मानसिक स्थिति पुनः खराब हो गयी थी। संजय का विवाह हुआ था। लेकिन उसकी पत्नी भी उसे उसके मानसिक विक्षिप्त होने के कारण छोड़कर चली गयी।

## एसडीओ के नेतृत्व में निकला मतदाता जागरूकता अभियान




आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** अनुमंडल मुख्यालय में निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी सह एसडीओ जयवंती देवगम के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से लोकसभा चुनाव में बसिया के युवाओं, महिलाओं और आमजनों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। रैली में शामिल कर्मचारियों और मतदाताओं द्वारा सारे काम बाद में, सबसे पहले मतदान, पहले मतदान फिर जलपान आदि का नारा भी लगाया गया। यह अभियान बसिया के धर्मशाला से शुरू होकर बसिया मुख्य सड़क से होते हुए बसिया हाई स्कूल तक गया। बसिया एसडीओ ने बसिया अनुमंडल के सभी आम जनों से आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में निडर होकर मतदान करने की अपील भी की। इस रैली में मुख्य रूप से बीडीओ सुप्रिया भगत, सीओ नरेश कुमार मुंडा, सुपरवाइजर डेजी कुजुर, सलोमी तिग्गा, डीलर संघ के सभी सदस्य, छात्र और छात्राओ के साथ सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण भी शामिल थे।

## मामूली विवाद में चार लोगों ने एक युवक के साथ की मारपीट

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के आजाद बस्ती में एक अर्ध निर्मित घर में काम करने के दौरान मामूली विवाद में चार लोगों ने मिलकर दो युवक के साथ मारपीट किया। मारपीट में घायल युवक सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत गुमला थाना पहुंचा जहां मामले की शिकायत की। जानकारी के मुताबिक रजा कॉलोनी निवासी मोहम्मद कादिर पिता मोहम्मद इदरीश और अहमद लेन निवासी मोहम्मद साहब पिता मोहम्मद सुहैल बिजली का काम कर रहे थे। इसी घर में छोटा अंबवा निवासी मोहम्मद अरमान और अबू तालिब सहित अन्य दो युवक भी पुट्टी का काम कर रहे थे। किसी बात को लेकर चारों युवक ने मोहम्मद कादिर के साथ मारपीट की। उसे बचाने गए मोहम्मद साहब के साथ भी लप्पड़ थपड़ किया। मोहम्मद कादिर ने बताया एक वर्ष पूर्व भी इन लोगों ने मेरे साथ मारपीट किया था।

## रामनवमी, सरहुल और ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना परिसर में रामनवमी, सरहुल और ईद पर्व को लेकर अंचलाधिकारी सुप्रिया एक्का की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक रखी गयी। अंचलाधिकारी सुप्रिया एक्का ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि रामनवमी, सरहुल और ईद के त्योहार को आपसी भाईचारा और शांतिपूर्ण तरीके से मानना है। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार आपति जनक पोस्ट या भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। सोशल मीडिया मे ऐसा किसी प्रकार का पोस्ट एवं ऐसा किसी प्रकार का गाना ना बजाए जिससे किसी समुदाय को ठेस पहुंचे। आगे उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का वाद्य यंत्र का प्रयोग ना करें एवं किसी भी धार्मिक प्रोग्राम में किसी भी राजनीतिक दल का झंडा और बैनर का प्रयोग ना करें यह आचार संहिता का उल्लंघन होगा। थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने पूरे कामडारा प्रखंड के लोगों को रामनवमी,सरहुल और ईद की शुभकामनाएं भी दी। मौके पर तारकेश्वर बड़ाइक, यमुना प्रसाद, संतोष साहु, अलाउद्दीन खां, राममोहन साहु, अनिरुद्ध ठाकुर, सरिता, मुखिया वीरेंद्र सुरीन सहित प्रखंड के सभी गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## वन विभाग की टीम ने मृत हिरण किया बरामद, दो लोग गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के पतगच्छा गांव में बुधवार की शाम प्रतिबंधित हिरण के मांस के साथ वन विभाग की टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं गुरुवार की शाम न्यायालय में पेश करते हुए दोनों को गुमला जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना मिली कि पतगछा गांव में एक हिरण को काटकर उसका मांस खाने की तैयारी की जा रही है। सूचना के बाद कोटाम पिकेट को घटना के सत्यापन के लिए गांव भेजा गया। गांव पहुंचते ही अखाड़ा के पास स्थित चापानल में कुछ लोग की भीड़ इकट्ठी थी। वही एक हिरण के चमड़ी को लोग छिल रहे थे। पुलिस को देखते ही सभी लोग वहां से फरार हो गए। तब तक वन विभाग की टीम भी घटनास्थल पहुंची। वही छापामारी करते हुए गांव के ही एक घर से चाचा भतीजा को पकड़ा गया।

## स्वीप गतिविधि के तहत गुमला में फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को फुटबाल प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिला मुख्यालय के अलबर्ट एक्का स्टेडियम में बालक एवं बालिकाओं के इस फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले से चयनित नए मतदाताओं को उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया। उक्त प्रतियोगिता में 4 बालिका एवं 4 बालक की टीम ने भाग लिया जिसमें लगभग 88 बालक एवं बालिकाएं शामिल रहें।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो द्वारा फुटबॉल को प्रथम किक मार कर उक्त प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने जिले के नए मतदाताओं को मतदान दिवस के लिए जागरूक किया सभी को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में बताया। साथ ही आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत नैतिक मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित भी किया।

इस दौरान इंटरनेशन फुटबॉल प्लेयर एवं जिला की स्वीप आइकन अष्टम उरांव की भी कार्यक्रम में उपस्थिति रहीं। अष्टम उरांव ने भी वहां उपस्थित नए मतदाताओं एवं खिलाड़ियों को 13 मई को जिले में में होने वाले मतदान दिवस में भाग लेते हुए चुनाव के महा पर्व में अपना योगदान देने के प्रति सभी से अपील की। इस फुटबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में सिसई एवं बालिका वर्ग में एफ.सी. रियू गुमला की टीम ने विजय हासिल की। विजेता टीमों को उपायुक्त के द्वारा ट्रॉफी एवं स्वीप के तहत वाटर बॉटल देकर सम्मानित किया गया।

## स्कूल बैंड के साथ बच्चों ने निकाली शोभा यात्रा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2081के शुभारंभ( वर्ष प्रतिपदा) के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई। स्कूल बैंड के साथ विद्यालय के छात्रों ने विद्यालय से तेतरा बस्ती होते हुए पुन: विद्यालय तक का पथ संचलन किया। छात्र विक्रम संवत अमर रहे,भारत माता की जय जैसे नारे लगाते हुए पथ संचलन कर रहे थे।वंदना सभा मे प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने विक्रम संवत से जुड़ी अनेक जानकारियाँ छात्रों को दी।भारतीय नव वर्ष के अवसर पर विद्यालय में नव वर्ष का शुभकामना कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी-अपनी कल्पनाशीलता के आधार पर अनेक खूबसूरत कार्ड का निर्माण किया। कार्ड निर्माण की इस प्रतियोगिता में आशीष भगत ने प्रथम,बुटाना असुर ने द्वितीय तथा प्रिंस जोएल तोपनो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## मंडा मेला की तैयारी को लेकर बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** हापामुनी में होने वाले मंडा मेला की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस आशय की जानकारी चुंदरी पंचायत के पूर्व उप मुखिया आदित्य भगत ने मंगलवार को दिन के साढ़े 3 बजे देते हुए बताया कि उक्त मेला 6 दिवसीय होगी। जिसकी शुरूआत आगामी 18 अप्रैल भोक्ता का मंडप प्रवेश से साथ होगी,वही आगामी 19 अप्रैल को कलश यात्रा, आगामी 20 अप्रैल को देर शाम में झांकी, आगामी 21 अप्रैल को देर शाम में झांकी, आगामी 22 अप्रैल को रात में फुलकुंदी के साथ-साथ नागपुरी कार्यक्रम और आगामी 23 अप्रैल को भक्तो के झूलन कार्यक्रम के साथ मंडा मेला की समाप्ति होगी। कार्यक्रम की तैयारी धूमधाम से की जा रही है। जिसके लिए बैठक का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने का अपील भी समिति द्वारा किया गया।मौके पर संरक्षक अवध मनी पाठक, बिरसा उरांव, आदित्य भगत, महादेव उरांव, नीलेश मनी पाठक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विजयी प्रतिभागियों को ब्रह्माकुमारी संस्थान ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में ब्रह्माकुमारी संस्थान के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ रामाकांत साहू जी और ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सदस्य उपस्थित थे।

प्राचार्य डॉ रामाकांत साहू ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वरीय ब्रह्म कुमारी संस्था के माध्यम से छात्रों के बीच आध्यात्मिक और मानसिक चेतना को जागृत करने के लिए जो ज्ञान प्रदान किया जा रहा वह अत्यंत




सराहनीय है। एक मजबूत राष्ट्र की संकल्पना तभी संभव है जब देश का हर युवा शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त हो और ईश्वरीय ब्रह्मकुमारी संस्था के द्वारा यह पुनीत कार्य बहुत ही सकारात्मक के साथ किया जा रहा है। आज मनुष्य के विकास के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा मानसिक तनाव है। जिसकी सबसे बड़ी वजह मोबाइल फोन है । इसने बच्चों की तार्किकता और सृजनशीलता को प्रभावित किया है और ध्यान तथा योग के द्वारा ही इस विकार को दूर करके बच्चों की सृजनात्मक को बढ़ाया जा सकता है।

इस अवसर पर ईश्वरीय ब्रह्म कुमारी संस्था के द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की सातवीं कक्षा की छात्रा राधिका कुमारी को जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया और सातवीं कक्षा की छात्रा नीतीश्री बघेल को तृतीय स्थान प्राप्त करने हेतु मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मिथिलेश कुमार दुबे, संजुक्ता खटुआ, शांतनु कुमार पटनायक एवं सभी शिक्षक और छात्र छात्राएं उपस्थित थी।

## प्रखंड के कई मंदिरों में चैती नवरात्र की शुरुआत कलश स्थापना के साथ



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कई मंदिरों में चैती नवरात्रा की शुरूआत कलश स्थापना के साथ मंगलवार से प्रारंभ की गयी। इस दौरान हापामुनि महामाया मंदिर व थाना चौक दुर्गा मंदिर के अलावा कई जगहों पर कलश स्थापना कर चैती नवरात्रि की शुरूआत की गई। हापामुनि मंदिर के पुजारी निलेश मनी पाठक ने बताया कि 9 दिनों तक माता रानी का पूजा अर्चना धूमधाम से की जाएगी और सुख शांति व समृद्धि की दुआ माता रानी से किया जायेगा।

## शार्ट सर्किट से श्रृंगार दुकान में लगी आग, 20 लाख की क्षति होने का अनुमान



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। शहर के मेन बाजार गोपाल मंदिर के समीप स्थित राघो मार्केट में संचालित शुभम श्रृंगार स्टोर नामक दुकान में मंगलवार की अहले सुबह आग लग गई। इससे दुकान का सामान, फर्नीचर व अन्य सामान जलकर खाक हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि इस पर काबू पाने के लिए आसपास के लोगों का प्रयास नाकाम होने लगा। वहीं आस पास के दुकान तक आग फैलने का डर बन गया। बाद में सूचना पाकर हुसेनाबाद से आई अग्निशमन दल द्वारा आग पर काबू पाया जा सका। इस संबंध में दुकानदार विनय कुमार सिंह ने बताया कि दुकान में शार्ट सर्किट होने से आग लगने की संभावना है। इस घटना में उसे लगभग 17 से 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि आग की लपट से दुकान की उपरी मंजिल पर रहने वाले मकान मालिक गणेश जायसवाल के घर का कई इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिक सामान भी जल गया। उन्होंने कहा कि सुबह करीब 4 बजे मकान मालिक ने फोन कर दुकान से धुआं निकलने की जानकारी दी। जबतक दुकान का शटर तोड़ा गया तबतक सामान पूरी तरह जल चुका था। बाद में बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया ने घटनास्थल पर आकर नुकसान का जायजा लिया। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार द्वारा हरिहरगंज थाना में सनहा दर्ज कराई गई है।

## दावत-ए-इफ्तार पार्टी में शामिल हुए राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। पाक महीना रमजान के मौके पर शहर के बंजारी मदीना मस्जिद प्रांगण में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों के साथ ही अन्य धर्म के लोग भी शामिल हुए। आयोजित इफ्तार पार्टी के बाद रोजेदारों ने नमाज अदा कर क्षेत्र में अमन की दुआ मांगी। इस मौके पर शामिल हुए राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम से हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की मिसाल होते हैं। सभी धर्म के लोग एक साथ मिल बैठकर भाईचारे का पैगाम देते हैं। वहीं बाद में पहुंची पलामू संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी ममता भुइंया ने ईद के अवसर पर लोगों को बधाई दी। इस मौके पर राजद प्रखण्ड अध्यक्ष महेन्द्र यादव,बुधन सिंह यादव, आनंद यदुवंशी, विकास यादव, दीपक यादव, समसाद अंसारी, टुडे आलम, मो राजा, डायमंड, मोहम्मद नसरुल्ला,सूरज यादव, युगेश्वर भुइंया, बलदेव भुइंया, ओम प्रकाश यादव सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## हिंदू नववर्ष के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर ने निकाली भव्य शोभायात्रा



हुसैनाबाद। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विक्रम संवत् 2081 हिंदू नववर्ष के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला के छात्र-छात्राओं के द्वारा शहर में शोभायात्रा निकाल कर हिन्दू नव वर्ष का स्वागत किया गया।इस शोभा यात्रा से पूरा शहर हिंदू नववर्ष के उत्साह में रंगा नजर आया।शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।शोभा यात्रा निकालकर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने समस्त जपलावासियों को नववर्ष की शुभकामना दी।उल्लेखनीय है कि भारतीय कैलेंडर के अनुसार नववर्ष का आगाज एक जनवरी से नहीं बल्कि चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से नवसंवत्सर आरंभ होता है जो अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार अक्सर मार्च-अप्रैल माह में आता है। नववर्ष पूजा-पाठ के लिहाज से बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है।नगर भ्रमण सह प्रभात फेरी में 700 से अधिक छात्र-छात्राएं और विद्यालय परिवार के लोग शामिल हुए।घोष दल के साथ सभी छात्र- छात्राओं ने हिंदू नववर्ष मंगलमय हो,विक्रम सम्वत अमर रहे,भारत माता की जय,वंदे मातरम् का जयकारा लगाते हुए, शोभायात्रा विद्यालय परिसर से आरंभ होकर नहर मोड़,जयप्रकाश चौक,थाना चौक, गांधी चौक, पुरानी बाजार, कायस्थ मुहल्ला तथा नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए विद्यालय पहुंची।मुख्य बाजार में कई स्थानों पर लोगों ने प्रभातफेरी पर पुष्प वर्षा किया।मौके पर सचिव राकेश तिवारी, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार चंदेल, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा,शिक्षक राजेश्वर सिंह यादव,मृत्युंजय प्रसाद,रंजीत मिश्र,राजकुमार सिंह, शशि कुमार,अभिषेक पाठक, दीपक पाण्डेय,छाया कुमारी, सुषमा गुप्ता,संजय सिन्हा,धर्मेंद्र कुमार,चंदन कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# दलपतपुर में कलश स्थापना के साथ मंगलवार से नौ दिवसीय महायज्ञ शुरू

कलश यात्रा में सांसद उम्मीदवार भी हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता





हरिहरगंज/पलामू। पीपरा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत दलपतपुर श्री राम महायज्ञ कमिटी के तत्वाधान में आयोजित आनंतः कोटि ब्राह्मण मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम महायज्ञ कलश स्थापना के साथ मंगलवार से नौ दिवसीय महायज्ञ शुरू हुआ। इससे पहले कमिटी के नेतृत्व में गाजेबाजे के साथ हजारों की संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा दलपतपुर पंचायत सचिवालय परिसर से शुरू हो कर करीब चार किलोमीटर देवगन धाम डेम तक पहुंची। जहां से वैदिक ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोचारण के बाद कलश में जल भर कर पुनः यज्ञ स्थल पहुंची और कलश स्थापना की गयी। श्री राम महायज्ञ का नेतृत्व कर रहे श्री साकेत बिहारी दास फलाहारी बाबा ने बताया कि यह नौ दिवसीय महायज्ञ पांच वैदिक ब्राह्मण के द्वारा यज्ञ संपन्न करायी जायेगी। जिसमें आचार्य प्रदीप मिश्रा, उज्वल मिश्रा, अंकित मिश्रा, नितेश मिश्रा, लक्ष्मण दास जी शामिल हैं।

वहीं कलश यात्रा में पलामू संसदीय क्षेत्र की राजद उम्मीदवार ममता भुइंया, प्रदेश महासचिव रवि यादव, राजद नेता कमलेश यादव, एनसीपी जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, जीप सदस्य ददन पासवान, प्रमुख विक्रान्त सिंह यादव, मुखिया राजेंद्र यादव, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष रामशीष पासवान, बसपा नेता राजकुमार गौतम, रंजय कुमार, प्रदीप सिंह, विजय यादव सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

आनंतः कोटि ब्राह्मण मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम महायज्ञ को सफल बनाने में श्री राम महायज्ञ कमिटी दलपतपुर की अध्यक्ष पूर्व मुखिया शिवनंदन यादव, उपाध्यक्ष युगेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष उमेश यादव, उप कोषाध्यक्ष सुनील यादव, सचिव कैलाश यादव, उपसचिव अनिल यादव, संचालक शिवलाल यादव, सदस्य में तिलक यादव, सतेन्द्र यादव, सचिन यादव, कृष्णा यादव, संरक्षक योगेंद्र यादव, बाबुलाल यादव के अलावे सैकड़ो सदस्य लगे हैं।

# भाजपा प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



पांकी(पलामू)। चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने पांकी विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का डोर टू डोर जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने जनसंपर्क अभियान में पांकी प्रखंड के ताल,भुईयां कुरहा,चंद्रपुर,लोहरसी,पगार एवं पांकी सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगो से मिला। उन्होंने कहा कि दौरे के क्रम में मतदाताओं का एनडीए के प्रति काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्हें मोदी सरकार के उपलब्धियों को बताने की आवश्कता नही पड़ रही है। बल्कि वे खुद सरकार की उपलब्धियां गिनाने लगते हैं। जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक डॉ शशिभूषण ने भाजपा कार्यकताओं से अपने संबोधन में कहा कि पांकी विधानसभा से अबकी बार डेढ़ लाख पार मत देकर लोकसभा भेजने का काम करें।

उन्होंने कहा कि भाजपा एनडीए गठबंधनव 400 के पार पंहुचेगी इसमें कोई संदेह नहीं है। इसके लिए यहां के कार्यकताओं ने कमर कस ली है। जनसंपर्क अभियान में पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, मंडल अध्यक्ष शत्रुधन सिंह, प्रो. बचन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि, सुरेन्द्र सिंह, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, मंजुलता दुबे, श्यामनंदन ओझा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# शांति भंग करनेवाले किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जायेगा: एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



विश्रामपुर (पलामू)। रामनवमी ईद और सरहुल पर्व को लेकर मंगलवार को विश्रामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सौरभ चौबे व संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। बैठक में तीन पर्व को आपसी भाईचारे के बीच मनाने का निर्णय लिया गया। जुलूस को भी शांतिपूर्ण तरीके से निकालने का निर्णय हुआ। मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईपीएस सह विश्रामपुर एसडीपीओ राकेश सिंह ने कहा कि समाज में समरसता कायम रहे इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। यह सबों की सामाजिक जिम्मेवारी भी है। उन्होंने कहा कि त्योहार को लेकर किसी भी तरह का अफवाह फैलाना कानूनन जुर्म है। इसलिए किसी भी तरह का अफवाह न फैलाएं और न ही किसी अफवाह पर ध्यान दें। किसी भी तरह की सूचना हो तो पुलिस के साथ साझा करें। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि पर्व को लेकर क्षेत्र में पुलिस गश्ती बढ़ा दी गयी है। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रख रही है। शांति भंग करने वालों को किसी भी कीमत बक्सा नही जायेगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने कहा कि मिलजुल कर मनाने से पर्व का महत्व और भी बढ़ जाता है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनूज पांडेय, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रविन्द्र नाथ उपाध्याय, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, इद्रीस हवारी, पंकज कुमार लाल,पूर्व नगर अध्यक्ष देव नारायण सिंह, सुनील कुमार चौधरी, सलीमुद्दीन अंसारी, विजय कुमार रवि, संजय उपाध्याय, मनीष कुमार सहित दोनो समुदाय के काफी लोग मौजूद थे।

## रेहला मे भी हुई शांति समिति की बैठक

रेहला थाना परिसर मे भी मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी संतोष कुमार दास व संचालन फिरोज खान ने किया। बैठक में रामनवमी और ईद पर्व आपसी भाईचारे के बीच मनाने पर सहमति बनी। बैठक में पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान सहित कई पुलिस पदाधिकारी और काफी संख्या में दोनो समुदाय के लोग मौजूद थे।

## रामनवमी व ईद को लेकर उंटारी रोड थाने परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

उंटारी रोड़ (पलामू)। जिला के उंटारी रोड थाना परिसर में मगंलवार को रामनवमी व ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ आशा साहू ने किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रामनवमी व ईद पर्व के अवसर पर शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकाली जानी चाहिए। वहीं बैठक में पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने कहा कि त्योहार के दौरान आचार संहिता का अनुपालन करते हुए आपसी प्रेम भाईचारा सौहार्द वातावरण में संपन्न करें। वहीं रामनवमी पूजा समितियों से कहा कि जुलूस मे असामाजिक लोगों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। वहीं बीडीओ आशा साहू ने कहा कि अपने अपने बच्चो को सोशल मीडिया से दूर रखें। मौके पर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, एसआई, सब इंस्पेक्टर असंतोष कुमार रंजक, एएसआई साधूचरण दास, जिला पार्षद सदस्य अरविन्द कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, उपप्रमुख खोखन राम, परीखा मेहता, सुनील सिंह, डॉ जोगी सिंह, अरुण वर्मा, पारस कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## रामनाम जाप से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है: देवव्रत



हुसैनाबाद(आजाद सिपाही)। महावीर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा आयोजित 3 वां रामचरितमानस नवाह परायण यज्ञ की शुरूआत मंगलवार से की गयी। इसके पूर्व समिति के लोगो द्वारा यज्ञ आचार्य व पाठ कताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आचार्य देवव्रत पांडेय ने कहा कि जहां राम नाम का जाप होता है।वहां से नकारात्मक शक्तियां अपने आप दूर हो जाती है।चैत शुक्ल पक्ष में राम नाम का जाप करने से सभी भक्तजनों को मनवांछित फल व शांति की प्राप्ति होती है। मौके पर जिला संघ संचालक दिनेश प्रसाद कश्यप,डॉ शिवप्रसाद मेहता, सचिन आनंद, संतोष गुप्ता पायल, राजेंद्र पाल श्रवन अग्रवाल, अरविंद ओझा, मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी,उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, वरिष्ठ सदस्य पप्पू सोनी, डॉ मलय कुमार राय आदि मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों ने शहर भ्रमण कर नव वर्ष की दी बधाई



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज शहर में स्थित विद्या भारती झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को शहर भ्रमण कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। भ्रमण के क्रम में कई स्थलों पर शहर वासियों ने हौसला बढ़ाते हुए पुष्प की वर्षा करते हुए छात्र-छात्राओं को शर्वत पानी पिलाया। मौके पर प्रधानाचार्य विज्येंद्र प्रसाद ने बताया कि हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 के अवसर पर घोष के साथ भैया बहनों ने संचलन किया। इस पुनीत कार्य में मुकेश प्रसाद सौंडिक, सत्यनारायण प्रसाद सौंडिक, राजेश प्रसाद सौंडिक, नीतीश प्रसाद सौंडिक, पंकज सौंडिक, सुनील सौंडिक,गोलू सौंडिक का अहम योगदान रहा। संचलन कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के घोष प्रमुख आचार्य मोहन ठाकुर, हंसराज गुप्ता, संजय कुमार सिंह, रामप्रवेश कुमार, अंकित कुमार, नीलिमा मेहता, सुनीता, अंजू, प्रियंका की अग्रणी भूमिका रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भैया बहनों को हिन्दू नव वर्ष की सुभकामना और नगरवासियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## शांतिपूर्ण तरीके से मनायें त्योहार: थाना प्रभारी

सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही) रामनवमी पूजा व ईद को लेकर मंगलवार को सतबरवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की एवं संचालन थाना प्रभारी अंचित कुमार ने किया। अध्यक्षता कर रहे सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि सभी लोग त्योहार शांतिपूर्ण तरीके एवं खुशी-खुशी मनाएं, वही थाना प्रभारी अंचित कुमार ने कहा कि जितने भी अखाड़ा एवं कमेटी के लोग हैं सभी अपना जुलूस लाइसेंस में दर्शाए रूट के हिसाब से ही निकले, साथ ही जुलूस के दौरान डीजे पर प्रतिबंध है। बाजा बजाने के लिए लाउडस्पीकर का प्रयोग करें। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, प्रदीप सिंह,भारदुल सिंह,भाजपा नेता अवधेश सिंह चेरो,मनिका विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव,रबदा पंचायत समिति सदस्य धीरज प्रसाद,मो. बाबर हदीस मियां समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एनएच किनारे से दुकान हटाने का मिला अल्टीमेटम

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। मंगलवार को सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने एनएच 39 रांची - मेदिनीनगर मुख्य मार्ग सतबरवा में कर लिए गये अतिक्रमण को हटाने को लेकर दुकानदारों को दो दिनों का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि दो दिनों के अंदर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग का अतिक्रमण होंने से दिन भर रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग में जाम लगा रहता है। इस जाम के कारण लोगों को काफी परेशानी होती है। अतिक्रमण के कारण हो रही परेशानी की शिकायत लगातार मिल रही थी। सीओ ने कहा कि अगर दो दिनों के अंदर अतिक्रमण नहीं हटा तो कानून सम्मत कार्रवाई की जायेगी। इस मौके कर्मचारी थाना प्रभारी अंचित कुमार, जमुना पंडा समेत कई पुलिसकर्मी मुख्य रूप से मौजूद थे।

**शपथ पत्र**

मैं देव कुमार सिंह, पिता स्व. सीताराम सिंह, निवास का पता सरौनि खुर्द पो. सिलवार, थाना मुफस्सील, जिला हजारीबाग, राज्य झारखंड का निवासी शपथपूर्वक बयान करता हूं जो इस प्रकार है -

**वैधानिक चेतावनी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा सरौनि खुर्द मौजा रेहदा थाना मुफ्फसील, जिला हजारीबाग के खाता नं 35 की 20.40 एकड़ जमीन जो कई प्लाटों में समाहित है, के संबंध में हिस्सेदारों के बीच बंटवारा वाद संख्या 96/2022 हजारीबाग व्यवहार न्यायालय के न्यायालय सिविल जज, सिनियर डिवीजन 6 के न्यायालय के यहां लंबित है। हमारे कुछ हस्सेदार भु-माफिया के सहयोग से उपरोक जमीन की जाली दस्तावेज बना कर जमीन बिक्री करने का प्रयास कर रहे हैं। इस नोटिस के द्वारा सभी को चेतावनी दी जाती है। कि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार का खरीद बिक्री का एकरारनामा अधिकार पत्र या किसी अन्य दस्तावेज का निष्पादन नहीं करें अन्यथा वे कानून के अनुसार दंडनीय होंगे। अगर किन्हीं को जमीन के संबंध में जानकारी चाहिए तो वे माननीय न्यायालय में बंटवारा वाद संख्या 96/2022 का अभिलेख का अवलोकन कर सकते हैं।

निवेदनकर्त्ता
देव कुमार सिंह
शपथ पत्र संख्या 4544, दिनांक 09.04.2024

## स्पोर्ट्स



पंत बन सकते हैं वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा, एक मई तक घोषित होगी टीम, कोहली लगभग कन्फर्म, मयंक यादव पर होगा विचार और शुभमन-चहल को लेकर में दुविधा।

# पंत बन सकते हैं वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा, 1 मई तक घोषित होगी टीम

कोहली लगभग कन्फर्म, मयंक यादव पर होगा विचार

एजेंसी

नयी दिल्ली। टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में ऋषभ पंत और मयंक यादव के नामों पर चयनकर्ता विचार कर सकते हैं। टी-20 वर्ल्ड एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में होना है। इसके लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) को 1 मई तक संभावित खिलाड़ियों के नाम भेजना है। धमाकेदार परफॉर्मेंस के चलते विराट कोहली ने अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। वहीं इंजरी से वापसी करने वाले



विकेटकीपर ऋषभ पंत और युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव के नामों पर विचार चल रहा है।

ऋषभ पंत ने विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों से किया प्रभावित विकेटकीपर ऋषभ पंत ने करीब एक साल बाद क्रिकेट में वापसी की। वापसी के बाद उन्होंने दिल्ली की कप्तानी करते हुए विकेटकीपिंग और बैटिंग दोनों से प्रभावित किया। उन्होंने 5 मैचों में 2 फिफ्टी लगयी। पंत का 30 दिसंबर 2022 को कार एक्सीडेंट में घायल हो गए थे। जिसके बाद उनके घुटने की सर्जरी हुई, जिससे रिकवर होने में उन्हें 15 महीने का समय लग गया। उन्होंने अब इस साल मार्च में शुरू हुए क्द्धछ से ही वापसी की।

## जय शाह ने कहा था, फिट हुए तो खेलेंगे पंत

आइपीएल शुरू होने से पहले इउउक सेक्रेटरी जय शाह ने कहा था कि ऋषभ पंत वर्ल्ड कप प्लान का हिस्सा हैं। अगर वह फिटनेस हासिल कर लेते हैं और आइपीएल में बेहतर प्रदर्शन करते हैं तो उनके नाम पर विचार किया जायेगा। पंत ने अब टूर्नामेंट के 5 ही मैचों में विकेट के पीछे 4 कैच लिए और एक स्टंपिंग की। इसके साथ ही उन्होंने 154.54 की स्ट्राइक रेट से 153 रन भी बनाए। इनमें 2 फिफ्टी शामिल हैं।

## विराट कोहली ने 300 प्लस रन बनाकर जगह पक्की की

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली के बारे में कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि उन्हें वर्ल्ड कप टीम से बाहर किया जा सकता है। हालांकि उन्होंने आइपीएल के 5 ही मैचों में 316 रन बनाकर आलोचकों और मीडिया रिपोर्ट्स का मुंह बंद कर दिया।

## मयंक यादव ने भी किया प्रभावित

वहीं आइपीएल के इस सीजन लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से डेब्यू करने वाले मयंक यादव ने अपनी स्पीड से सबको प्रभावित किया है। वह औसतन 150 किमी/घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे हैं और सीजन में 2 बार सबसे तेज स्पीड से बॉल फेंक चुके हैं।

इतना ही नहीं मयंक ने टूर्नामेंट के 3 मैचों में 6 की इकोनॉमी रेट से 6 विकेट भी लिए। जिनमें 2 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड शामिल रहे। हालांकि तीसरा मैच खेलने के दौरान मयंक इंजर्ड हुए और एक ही ओवर बॉलिंग कर सके। अगर वह फिट हुए तो उन्हें भी वर्ल्ड कप टीम में शामिल करने पर विचार किया जा सकता है।

## शुभमन-चहल को लेकर दुविधा

सिलेक्टर्स के मन में ओपनिंग पोजिशन और लेग स्पिनर के नाम पर दुविधा है। कप्तान रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल ओपनिंग करेंगे या शुभमन गिल यह अब तक तय नहीं है। यशस्वी क्द्धछ के शुरूआती मैचों में कुछ खास नहीं कर सके, वहीं शुभमन भी इस सीजन आउट ऑफ फॉर्म लगे। कोहली तो नंबर-3 पर आएंगे लेकिन ओपनर कौन होगा, इसका जवाब अब तक नहीं मिल सका। ऐसे ही स्पिनर युजवेंद्र चहल को लेकर भी संशय बना हुआ है। चहल क्द्धछ के मौजूदा सीजन में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव से कड़ी टक्कर मिल रही है जो फिलहाल चोट के कारण दिल्ली कैपिटल्स के लिए कुछ मैच में नहीं खेल सकेंगे। हालांकि 15 प्लेयर्स के स्क्वॉड में दोनों स्पिनर्स को भी शामिल किया जा सकता है। इनके अलावा ऑलराउंडर अक्षर पटेल के नाम पर भी चर्चा हो रही है। सूर्यकुमार यादव और रिंकू सिंह जैसे टी-20 स्पेशलिस्ट प्लेयर्स का नाम होना कन्फर्म है। तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की दावेदारी मजबूत नजर आ रही है। वहीं मयंक ने भी अपनी दावेदारी पेश कर दी है।

## पेयजल को लेकर बीडीओ ने की समीक्षा बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर।** बलियापुर प्रखंड में बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा द्वारा आज मंगलवार को पेयजल संकट से निपटने के लिए प्रखंड स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष को प्राप्त शिकायतों का निष्पादन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएचडी कनीय अभियंता पेयजल व संवेदक के कार्यों की समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा अलकडीहा में नल जल योजना के तहत पाइपलाइन से कनेक्शन हेतु कनीय अभियंता को निर्देश दिया गया। बलियापुर पूर्वी के नीचे टोला भुस्काडांगा एवं परासबनिया के मेंन लाइन के पास जगनकोचा के रेलवे क्रॉसिंग के पास पाइप लाइन में छेद होने के कारण पानी का सप्लाई बाधित है। जिसे जल्द से जल्द कराकर पानी का सप्लाई आरंभ करने का निर्देश दिया गया। कनीय अभियंता को निर्देश दिया गया की आसन्न गर्मी को देखते हुए प्रत्येक दिन प्रखंड अंतर्गत खराब चपकालों की मरम्मत कर दिया जाए।

## सेवानिवृत्त जीएम से 9 लाख 95 हजार 100 रुपये की ठगी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** साइबर पुलिस को मिली बड़ी सफलता,बीसीसीएल के सेवानिवृत जीएम एके दत्ता से 9 लाख 95 हजार 100 रुपए की ठगी करने वाले तीन आरोपियों को साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी बिहार मुंगेर के अलग-अलग स्थानों के रहने वाले हैं। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद कर लिया है। आरोपियों में कांड में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली है।बता दे कि साइबर ठगों ने पूर्व जीएम को फोन कर कहा था कि ऑनलाइन बैंकिंग के लिए 42 हजार रुपए का चार्ज उन पर है।बैंक की एक स्कीम है, जिससे ये चार्ज माफ हो जाएगा। साइबर ठगों ने पूर्व जीएम को झांसे में लेकर उनसे 9 लाख 95 हजार रुपए की ठगी कर ली थी। इस मामले को लेकर ग्रामीण एसपी ने एक टीम गठित की थी। अनुसंधान में मिले साक्ष्यों और मोबाइल लोकेशन के आधार पर टीम मुंगेर गई थी। कासिम बाजार से गुलशन कुमार, बेटवान बाजार से गौरव कुमार और बेलन बाजार से आदित्य कुमार को दबोच लिया। तीनों के पास से मोबाइल, पासबुक, क्रेडिट कार्ड समेत अन्य सामान जब्त किए गए हैं। पुलिस ने तीनों को मंगलवार को जेल भेज दिया।

## चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 9 में स्थित कचरा के उठाव से लोग परेशान



**एग्यारकुंड।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 9 स्थित सोनारडंगाल के स्थानीय लोगों द्वारा नगर परिषद द्वारा साफ सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था को लेकर काफी नाराजगी व्यक्त की गई है। लोगों ने बताया कि आगामी दिनों में ईद पर्व तथा नवरात्रि के प्रारंभ होने के बावजूद भी नगर परिषद प्रशासन द्वारा स्वच्छता व्यवस्था पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है इसको लेकर स्थानीय मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध लोगों द्वारा निवर्तमान वार्ड पार्षद सुशील चंद्रवंशी के समक्ष साफ सफाई की शिकायत लेकर पहुंचे तो चंद्रवंशी ने बताया कि साफ सफाई को लेकर शांति समिति के बैठक में भी नगर परिषद के अधिकारियों के समक्ष बात को रखी गई थी। कि आगामी पर्व त्यौहार को देखते हुए वार्डों की साफ सफाई को चुस्त दुरुस्त किया जाए वहीं नगर परिषद कार्यालय में भी जाकर सफाई से जुड़े पदाधिकारी को सूचित किया गया। पर आज तक इस विषय पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। और गंदगी के अंबार से स्थानीय लोग परेशान हैं और गंदगी के दुर्गंध से भी लोग अपने घरों की खिड़कियां तक बंद रखते हैं और गंदगी का उठाव नहीं होने से साफ सफाई नहीं होने से स्थानीय लोग काफी आक्रोशित हैं।

# हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की थी योजना

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** झरिया किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के उद्देश्य से घनुडीह मोहरीबांध में पिस्टल लेकर घूम रहे अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देशी कट्टा के साथ दो कारतूत भी बरामद किया है। गिरफ्तार युवक का आपराधिक इतिहास भी है। ये उक्त बातें की जानकारी सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राउत ने तीसरा थाना में प्रेसवार्ता के दौरान



बताया है। उन्होंने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि मोहरीबांध के पास कुछ अपराधी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से जमा हुए थे। और पिस्टल लेकर घूम रहा है। इस दौरान सिंदरी अनुमंडल के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी किया गया जिस दौरान अनील चौहान उर्फ कारू चौहान हथियार के साथ पकड़ा गया। अन्य दो लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। इस संबध में तीसरा (घनुडीह ओपी) में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इसमें संप्लित अन्य लोगों के विरुद्ध छापामारी किया जा रहा है। छापामारी टीम में तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार, घनुडीह ओपी प्रभारी पवन कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

# स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 08 अप्रैल 2024 को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत ब्राह्मणडीहा पैक्स लिमिटेड, तोपचांची प्रखंड द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया एवं स्वतंत्र निष्पक्ष शांतिपूर्ण तथा निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना





सभी निर्वाचनो में अपने मताधिकार के प्रयोग करने हेतु शपथ दिलाई गई। वही धनबाद प्रखंड में हस्ताक्षर अभियान, शपथ ग्रहण एवं इछड द्वारा वोटर कार्ड में नाम सहित विभिन्न अभियान चलाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा आज एग्यारकुंड प्रखंड के रामानन्द स्मारक उच्च विद्यालय चाँच पोटरी बूथ नंबर 376,399 एवं 401 प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक तथा शिक्षिकाओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। तथा मतदाताओं से वोट करने की अपील की गई। साथ ही पूरे धनबाद जिला में स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत चुनाव से संबंधित फ्लोर गेम, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, समेत कई अन्य गतिविधियां की गई एवं लोगों को शपथ दिलाई गई। साथ हीं लोगों में स्वीप गतिविधियों के तहत सेल्फी स्टैंड में सेल्फी भी ली। इस दौरान स्वीप कोषांग द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया।

# अखिल विश्व गायत्री महायज्ञ में पहुंचे इंडिया गठबंधन के गिरिडीह प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो

**गायत्री परिवार ने स्वागत किया, मथुरा महतो ने मंदिर में मन्था टेक जीत का आशीर्वाद लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** अखिल विश्व गायत्री परिवार कतरास के तत्वाधान में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर चार दिवसीय कार्यक्रम के चौथे दिन मंगलवार को गुहीबांध



हीरक कैम्प स्थित प्रज्ञा गायत्री मंदिर में सुबह हवन पूजन में इंडिया गठबंधन के गिरिडीह प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो पंहुचे। जहां पूजा-अर्चना किये. प्रभु के चरण में मत्था टेक जीत के लिए आशीर्वाद लिये। ज्ञायत्री मंदिर परिवार ने श्री महतो का पुष्प वर्षा व गंगा जल छिड़काव कर स्वागत किया। मौके पर राजेंद्र प्रसाद राजा, मदन महतो, दिनेश महतो, रामू शर्मा, सुरेश महतो, बालबाल गोविंद राम मौजूद थे। इससे पूर्व गुहीबांध में झामुको कांग्रेस नेताओ , समर्थको ने माला पहनाकर स्वागत किया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कतरास नगर ने हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081को हर्षोल्लास के साथ मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कतरास नगर के तत्वाधान मे मंगलवार को कतरास सूर्य मंदिर मैदान में हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत 2081 को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवम् संघ के संस्थापक डॉ केशवराव बलिराम हेडगेवार जी को स्मरण कर किया गया। साथ ही नगर के स्वयंसेवको के द्वारा उनकी जयंती पर पूर्ण गणवेश मे आद्य सर संघचालक को प्रणाम दिया गया। गीत, अमृत वचन सुभाषित के बाद संघ के मुख्य वक्ता झारखंड प्रांत के प्रांत कार्यवाह संजय कुमार ने कहा की भारतीय कैलेंडर विश्व के सबसे तप्राचीन काल गणना है, जो लगभग 2 अरब वर्ष पूर्वा ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना के साथ प्रारंभ हुआ था। भारत के कैलेंडर को पंचांग के नाम से जाना जाता है, यह पूर्णतया खगोल पर आधारित एवं वैज्ञानिक काल गणना है। जीवन से लेकर मरण तक एवं सभी शुभ अवसर मुहूर्त हो या वैवाहिक कार्यक्रम पंचांग की तिथि के अनुसार ही होते है।

## मीडिया कोषांग और एमसीएमसी कोषांग के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार आज वरीय पदाधिकारी (मीडिया कोषांग)-सह-उप नगर आयुक्त, विशालदीप खलखों की अध्यक्षता में मीडिया कोषांग व एमसीएमसी कोषांग के अधिकारियों व कर्मियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी के द्वारा सभी अधिकारियो व कर्मियों को उनके दायित्वों और कर्तव्यों से अवगत कराया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी कोषांगो द्वारा किए जा रहे गतिविधियों से संबंधित सूचना प्रेस में दी जानी चाहिए। इसके अलावा जिला स्तर पर की जाने वाली जिला स्तरीय बैठकों की सूचना/प्रेस विज्ञप्ति स-समय प्रेस को भेजना सुनिश्चित करेंगे। साथ सोशल मीडिया साइट्स पर सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान नोडल पदाधिकारी (मीडिया कोषांग) द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों की कार्य प्रणाली एवं कार्य दायित्वों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त सोशल मीडिया, समाचार पत्र, टीवी चैनल आदि पेड न्यूज पर निगरानी रखी जा रही है। नियमित समाचार पत्र की कतरन की जा रही है। बैठक में उपरोक्त के आलावा श्रीमती अंजना भारती, नोडल पदाधिकारी (मीडिया कोषांग)-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, श्री अशोक हांसदा, सहयोगी पदाधिकारी (मीडिया कोषांग) सह सहायक नगर आयुक्त, श्री आशुतोष कुमार तिवारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, अन्य उपस्थित थे।

## धनबाद में प्रथम पोलिंग पीठासीन पदाधिकारियों की ट्रेनिंग शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एसएसएलएनटी महिला महा विधालय में प्रथम पोलिंग पीठासीन पदाधिकारी प्रशिक्षण दी जा रही है। इवीएम पर अच्छी तरह से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रशिक्षण साथ ही बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट के कनेक्शन करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज की इस ट्रेनिंग प्रशिक्षण के दौरान मेडिकल टीम के साथ-साथ बैलेट कोषांग का भी तथा ट्रेनिंग दी जा रही है। एसएसएलएनटी कॉलेज में दो शिफ्टिंग में लगभग 11 रूम में पोलिंग पार्टी ट्रेनिंग प्रशिक्षण चलाया जा रहा है जिसमे हर एक रूम में 43 महिलाओं के साथ लगभग 500 महिलाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। किस तरह से पोलिंग बूथ पर कैसे मतदान करना है और किस तरह से वीवीपैट की प्रयोग करना है तमाम जानकारियां पावर प्रोजेक्ट के माध्यम से दी जा रही है। आज की ट्रेनिंग प्रशिक्षण में पोलिंग बूथ से संबंधित सभी जरूरी उपकरण की जानकारियां साझा की जा रही है और बारकोड के माध्यम से अपनी उपस्थिति कैसे दर्ज करनी है और ज्यादा से ज्यादा संपूर्ण तरीके से मतदान कराने की जानकारी दी जा रही है। इस ट्रेनिंग में राज्य कर्मचारी, केंद्रीय कर्मचारी, तथा बैंक कर्मी को भी सम्मिलित किया गया। मतदान के समय वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वे किसी भी त्रुटि समाधान करे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर ररछठळ महिला कॉलेज में प्रथम पोलिंग पीठासीन पदाधिकारी के प्रशिक्षण दिया गया। लोकसभा चुनाव को सफलता पूर्वक व त्रुटि रहित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी पदाधिकारी गंभीरता से प्रशिक्षण ले रहे है। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य प्रशिक्षक प्रथम मतदान पदाधिकारी को मतदाता सूची चिह्नित करने, मतदाता की पहचान करने आदि का काम करते हैं।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला**

**आम सूचना**

स्पेशल लोक अदालत
दिनांक 27 अप्रैल 2024 (शनिवार)
स्थान –व्यवहार न्यायालय परिसर, गुमला

निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झालसा, रांची के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), गुमला के प्रांगण में दिनांक 27.04.2024 को प्रातः 7.30 बजे से स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त स्पेशल लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामले का निष्पादन किया जायेगा :–

**N.I.Act.U/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) एवं बिजली से संबंधित वाद**

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 7.00 बजे से दिन के 12:30 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला के कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला | उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला, | प्रधान जिला एवं सत्र जिला न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवाप्राधिकार, गुमला

PR 323677 Law(24-25)#D

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा**
**(निःशुल्क सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु)**

**विशेष लोक अदालत**
**बिजली से संबंधित मामलों एवं**
एन. आई. एक्ट (चेक बाउन्स) के मामलों का
दिनांक– 27 अप्रैल 2024 शनिवार
स्थान– व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा, समय– 08:00 बजे

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार ,राँची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के तत्वावधान में दिनांक 27 अप्रैल 2024 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त विशेष लोक अदालत में निम्न दो प्रकार के मामलें का निष्पादन किया जाना है:–

1. धारा 138 एन आई एक्ट (चेक बाउन्स) मामले 2. बिजली से सम्बंधित मामले

अतः सिमडेगा वासियों से निवेदन है कि एन0 आई0 एक्ट चेक से संबंधित मामलों एवं बिजली से संबंधित मामलों को विभाग से सर्म्पक कर अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन करने का प्रयास करें ।

नोटः–उक्त विशेष लोक अदालत हेतु दिनांक 21 अप्रैल 2024 से 26 अप्रैल 2024 तक बिजली एवं एन0 आई0 एक्ट चेक से संबंधित मामलों का Pre Lok Adalat पूर्वाह्न 08:00 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर, सिमडेगा में चलेगा।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा | पुलिस अधीक्षक सह सदस्य जि0 वि0 से0 प्रा0, | उपायुक्त सह सिमडेगा उपाध्यक्ष | प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जि0 वि0 से0 प्रा0,सिमडेगा

निवेदक–जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

PR 323687 Simdega(24-25)#D

# 11 अप्रैल सुबह 6:00 बजे से 12 अप्रैल के सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** ईद-उल-फितर को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) श्रीमती हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को 7 जोन में बांटा है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी 31 थाना व 23 ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही 33 थाना क्षेत्र पर जिला प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी। ईद-उल-फितर के अवसर पर जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी जोन में बाटा गया है।

**7 जोनल दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति**

**कतरास जोन में कतरास और बाघमारा के लिए डीटीओ** दिवाकर सी द्विवेदी व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा आनंद ज्योति मिंज, **धनबाद** में अपर समाहर्ता विनोद कुमार तथा डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर दीपक कुमार, चिरकुंडा जोन के निरसा, **चिरकुंडा** तथा मैथन के लिए निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निरसा रजत मणिक बाखला, **तोपचांची** जोन के तोपचांची व गोमो में अपर नगर आयुक्त महेश्वर महतो तथा पुलिस निरीक्षक तोपचांची संजय कुमार, **झरिया** के सिंदरी, झरिया व जोरापोखर में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंदरी भूपेन्द्र राउत, **गोविंदपुर** व बरवाअड्डा में जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी तथा डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, **टुंडी** जोन के टुंडी, मनियाडीह तथा पूर्वी टुंडी के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता संतोष कुमार गुप्ता तथा पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय प्रभार में रहेंग।

धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, भूली ओपी, धनसार, केंदुआडीह, लोयाबाद, जोगता, पुटकी, झरिया, जोरापोखर, तिसरा, सिंदरी, निरसा, कुमारधुबी, सुदामडीह, पाथरडीह, चिरकुंडा, पंचेत ओपी, गोविंदपुर, बरवाअड्डा, टुंडी, बाघमारा, महुदा, तोपचांची, हरिहरपुर, कतरास, राजगंज, तेतुलमारी, बरोरा, बलियापुर, टुंडी, भौंरा व मधुबन थाना क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाएगी। ईद-उल-फितर के अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष 11 अप्रैल को सुबह 6:00 बजे से 12 अप्रैल की सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। वहीं एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद इसके वरीय प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0326 - 2311217 व 100 है। जिला नियंत्रण कक्ष में नियोजन पदाधिकारी श्री आनंद कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी श्री दीपक दुबे तथा श्री नारायण राम सहित 36 पदाधिकारी व 30 कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

जिला नियंत्रण कक्ष 11 अप्रैल के सुबह 6 बजे से 8-8 घंटे की तीन शिफ्ट में कार्यरत रहेगा। धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तिसरा, सिंदरी, बलियापुर, केंदुआडीह, पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपूरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धमाबाँध, कालूबथान, कुमारधुबी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संयुक्त आदेश में अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक क्ष, थाना प्रभारी, साइबर थाना को सोशल मीडिया व विभिन्न तरह के व्हाट्सएप ग्रुप इत्यादि पर लगातार नजर रखने का भी निर्देश है। इसके अलावा साफ सफाई व स्वच्छता एवं निर्बाध रूप से विद्युत व पेयजल आपूर्ति करने का आदेश है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in
12

## न्यूज रील्स

### हनुमान जयंती पर कोई जुलूस नहीं होगा, बाइक रैली पर प्रतिबंध



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर में इस साल हनुमान जयंती पर जुलूस बंद। बाइक रैलियों को रोकने का भी निर्णय लिया गया है। शांति कमिटी की बैठक के बाद जिला प्रशासन ने यह निर्णय लिया। जिला प्रशासन ने आगामी चुनाव को देखते हुए यह निर्णय लिया है। पिछले साल हनुमान जयंती जुलूस के दौरान दो गुटों में झड़प हो गयी थी। पथराव में 10 पुलिसकर्मियों समेत 50 से अधिक हनुमान जयंती समन्वय समिति के कार्यकर्ता घायल हो गये थे। इसलिए इस बार आम चुनाव के चलते जिला प्रशासन ने ऐसा कदम उठाया है।

### उम्मीदवार हर संपति का खुलासा न करे: सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि चुनाव में नामांकन के दौरान उम्मीदवार को सारी संपति का खुलासा करने की जरूरत नहीं है। जब तक कि उससे वोटिंग में असर न पड़ता हो। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने यह टिप्पणी पांच साल पुराने मामले पर सुनवाई करते हुए की। साल 2019 में अरुणाचल प्रदेश की तेजु विधानसभा क्षेत्र से जीतकर आये निर्दलीय विधायक कारिखो क्री की गुवाहाटी हाइकोर्ट ने सदस्यता रद्द कर दी थी। इसके खिलाफ कारिखो ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगायी थी। कोर्ट ने अब लोअर कोर्ट के फैसले को पलट दिया। कोर्ट ने कहा कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को उनके या उनके आश्रितों के मालिकाना हक वाली हर चल संपति का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है, जब तक कि वे काफी महंगी न हों।

# चुनाव आयुक्त के हस्तक्षेप के बाद पांडियन को 5टी अध्यक्ष पदों और सीएम कार्यालय से हटाया गया : अनिल बिस्वाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** माननीय चुनाव आयुक्त के कार्यालय के हस्तक्षेप के बाद, तथाकथित 5टी अध्यक्ष वीके पांडियन को मुख्यमंत्री कार्यालय से हटा दिया गया है। माननीय चुनाव आयुक्त ने अंततः 5टी अधाक्ष के नाम पर सरकारी अधिकारी के रूप में वीके पांडियन के कब्जे को अवैध घोषित कर दिया। 4 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी की ओर से शिकायत की गयी थी कि बीजू जनता दल की राजनीति में सीधे तौर पर शामिल वीके पांडियन मुख्यमंत्री कार्यालय में कैसे काम कर सकते हैं। सी-विजिल ऐप में उन पर आरोप लगाया गया था।

जबकि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद अब मुख्यमंत्री कार्यालय में चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की पुष्टि हो गयी है। प्रवक्ता अनिल बिस्वाल ने कहा कि यह मुख्यमंत्री का कार्यालय है जो सभी अलोकतांत्रिक काम कर रहा है और राज्य में चुनाव के स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन में बाधा डाल रहा है।

बिस्वाल ने कहा, "राज्य में 5टी नामों में भ्रष्टाचार है। इतना ही नहीं, लोकतंत्र की हत्या कर दी गयी है, उड़िया के आत्मसम्मान की हत्या की गयी है। ओड़िशा की जनता 2024 के चुनाव में इन 5टी नीतियों का करारा जवाब देगी। राज्य के सभी सरकारी मामलों में हस्तक्षेप करने और मंत्रियों को सचिव के अधीन करने के लिए 5टी का सृजन किया गया था।। इससे पहले मुख्यमंत्री ने वीके पांडियन को 5टी सचिवों के रूप में नियुक्त किया था। जब पांडियन बाबू बीजेडे में शामिल हुए, तब मुख्यमंत्री ने उन्हें पदोन्नत किया और 5टी का अध्यक्ष नियुक्त किया। अब चुनाव आयुक्त ने उन्हें उस पद से हटा दिया है। बिस्वाल ने कहा कि आने वाले दिनों में ओडिशा की जनता पूरे बीजेडी को सरकार से हटा देगी।

## धर्मेंद्र प्रधान ने चुनावी रैलियों में महिलाओं और किसानों से किये वादे

# डबल इंजन की सरकार बनी तो महिलाओं को एक हजार रुपये प्रति माह भत्ता मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** राज्य में डबल इंजन की सरकार होने पर महिलाओं को एक हजार रुपये मासिक भत्ता मिलेगा। ऐसा वादा केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देवगड की चुनावी सभा में किया। इसके अलावा धान का एमएसपी 3100 सौ रुपये प्रति क्विंटल होगा। पड़ोसी राज्य में यह दर 2180 रुपये है। लेकिन अगर भाजपा केंद्र और ओडिशा में सत्ता में आती है, तो धान का एमएसपी पड़ोसी राज्यों की तुलना में एक हजार रुपये से अधिक होगा, संबलपुर लोकसभा सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार ने घोषणा की है। अब धान का एमएसपी 2183 रुपये प्रति क्विंटल है। लेकिन ओड़िशा सरकार 2930 रुपये की मांग कर रही है। धर्मेंद्र प्रधान संबलपुर लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। लोगों की सुख-दुख को समझने के लिए विभिन्न स्थानों पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इस बीच देवगड़ विधानसभा में महिलाओं के लिए मासिक भत्ता बढ़ाने और एमएसपी की वृद्धि घोषणा की है।

# सम में पार्किंसंस रोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बेहतर जीवन शैली अपनाकर इस समस्या को दूर किया जा सकता है।**

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** पार्किंसंस रोग एक आयु संबंधी विकार है। इसकी तीव्र वृद्धि के कारण यह एक विकट समस्या बन गयी है। प्रख्यात न्यूरोलॉजिस्ट प्रोफेसर अशोक कुमार महापात्र ने कहा कि हालांकि, बेहतर जीवन शैली अपनाकर इस समस्या को दूर किया जा सकता है।

शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा संचालित चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग द्वारा विश्व पार्किंसंस दिवस पर आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रो महापात्र, जो सोआ के प्रधान सलाहकार (स्वास्थ्य विज्ञान) भी हैं, उन्होंने कहा कि समस्या तब उत्पन्न होती है जब मस्तिष्क में हार्मोन डोपामाइन की कमी होती है। डोपामाइन एक व्यक्ति की स्मृति, नींद, एकाग्रता और मानसिक भावना सहित शरीर के अन्य कार्यों को नियंत्रित करता है। पार्किंसंस रोग उम्र के साथ विकसित होता है। उन्होंने कहा कि हालांकि, इस समस्या को एक अच्छी जीवन शैली, शारीरिक व्यायाम और संतुलित आहार अपनाकर हल किया जा सकता है। इस अवसर पर आईएमएस और सम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर पुष्पराज सामंतसिंहार ने उपस्थित होकर कहा कि पार्किंसंस की समस्या के इलाज के लिए न्यूरोलॉजी विभाग और मनोचिकित्सा विभाग दोनों के सहयोग की आवश्यकता है। प्रो सामंतसिंहार ने कहा कि पार्किंसंस की समस्या पर काबू पाने के लिए जागरूकता की अधिक आवश्यकता है।

प्रोफेसर (डॉ) नीरज कुमार प्रमुख न्यूरोलॉजी विभाग, एम्स हैदराबाद ने कार्यक्रम में भाग लिया और पार्किंसंस रोग के लिए उचित उपचार विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। सम हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर (डॉ) श्रीमंत पटनायक ने पार्किंसंस के इलाज के लिए अच्छी जीवनशैली पर जोर दिया। न्यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ लुलुप कुमार साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया और कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर अस्पताल की ओर से जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन किया गया।

# रघुवर दास ने इलाज के लिए दिये एक लाख

**बास्केटबॉल खिलाड़ी पायल परिदा की भी मदद की**

आजाद सिपाही संवाददाता



ओड़िशा। ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने चैत्र नवरात्र के अवसर पर एक वंचित को इलाज के लिए एक लाख रुपये का चेक दिया। इसके साथ ही दास ने बास्केटबॉल खिलाड़ी पायल परिदा की भी आर्थिक मदद की। पायल परिदा को उन्होंने 25 हजार रुपये का सहयोग किया। बता दें कि मंगलवार को दास कटक के चंडी मंदिर में पूजा करने गये थे। एक महिला चंदना चौधरी अपने बीमार पुत्र सात्विक कर के साथ भी वहां पहुंची थीं। चंदना ने राज्यपाल रघुवर दास से मुलाकात की और बेटे की बीमारी में मदद के लिए कहा।

### बच्चे के जल्द निरोग होने की कामना की

चंदना चौधरी ने राज्यपाल रघुवर दास को बताया कि उनका पुत्र काउडेन सिंड्रोम टाइप-1 से पीड़ित है। उनकी आर्थिक हालत बहुत अच्छी नहीं है। इस पर राज्यपाल ने तत्काल एक लाख रुपये की सहायता की। मां चंडी से बच्चे के जल्द निरोग होने की कामना की। साथ ही एक प्रतिभावान बास्केटबॉल खिलाड़ी पायल परिदा को 25 हजार रुपये का सहयोग किया। **हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं :** राज्यपाल रघुवर दास ने सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा है, चैत्र नवरात्र के अवसर पर कटक स्थित चंडी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान आदि शक्ति से ओड़िशावासियों के लिए सुख और समृद्धि की कामना की। सभी को चैत्र नवरात्र, गुडी पड़वा और हिंदू नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# वेदांता एल्यूमिनियम की स्वास्थ्य परियोजनाओं से ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के चार लाख लोगों को हुआ लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारत के सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024 में कंपनी ने ओड़िशा व छत्तीसगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजनाओं के द्वारा लगभग 4 लाख लोगों को लाभ पहुंचाया है। कंपनी उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से अपने समुदायों की सेवा कर रही है तथा निवारक स्वास्थ्य सेवाएं अपनाने को प्रोत्साहन दे रही है। इस वर्ष की थीम मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार के अनुसरण में कंपनी लोगों को इस अधिकार के साथ सबको सशक्त बनाने पर जोर दे रही है। दूर-दराज के वंचित इलाकों में उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा व सूचना पहुंचाने में कंपनी की भूमिका महत्वपूर्ण है। कंपनी ने अपने प्रचालनों में कई पहलें की हैं। ये प्रचालन स्थल हैंः झारसुगुडा, ओडिशा में कंपनी का मेगा एल्यूमिनियम प्लांट, लांजीगढ़ स्थित विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी, कोरबा, छत्तीसगढ़ में स्थित भारत की प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक व वेदांता एल्यूमिनियम की इकाई बालको तथा वाइजैग जनरल कार्गो बर्थ (वीजीसीबी) पोर्ट ऑपरेशंस। झारसुगुडा में कंपनी ने मोबाइल हेल्थकेयर वाहनों के जरिए बड़े अभियान चलाए तथा स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपनाने हेतु समाज को जागरुक करने वाले पर्चे तकरीबन 30 गांवों में बांटे। इसके अलावा वेदांता एल्यूमिनियम के सहयोग चल रहे झारसुगुडा डायग्नोस्टिक सेंटर (ओड़िशा में सबसे बड़े मल्टी-फैसिलिटी डायग्नोस्टिक सेंटरों में से एक) में ब्रैस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कैंप भी लगाया गया। लांजीगढ़ में मल्टी-स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैम्प ने मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं देकर समुदाय को फायदा पहुंचाया। इस कैम्प में शामिल थे- चिकित्सकीय परामर्श, स्क्रीनिंग टेस्ट, दवाएं व टीके। इस कैम्प के जरिए 500 से ज्यादा लोगों को लाभ मिला। इसके अलावा 20 गांवों में स्वास्थ्य एवं हाइजीन की विधियों पर एक हफ्ते की जागरुकता मुहिम चलाई गयी जिनसे लगभग 1000 लोगों को फायदा पहुंचा। एक रक्तदान शिविर भी लगाया गया। कोरबा, छत्तीसगढ़ में कंपनी ने असिस्टिव डिवाइस वितरण अभियान चलाया जिससे अधिक समावेशी एवं सहयोगात्मक समुदाय की रचना की जा सके। इस वितरण अभियान के तहत जरूरतमंद वृद्धों एवं विकलांगों को वॉकिंग स्टिक, ट्राइपॉड, क्रचेस, वॉकर्स और व्हीलचेयर वितरित किए गए। इसके अलावा भद्रापारा एवं बेलाकछार में दो मल्टी-स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैम्प आयोजित किए गए जिनसे तकरीबन 500 लोगों को लाभ मिला। इन शिविरों में दंत रोग, त्वचा रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग आदि विशेषज्ञों के साथ ही फिजियोथेरपिस्ट और सामान्य चिकित्सकों ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। मधुमेह एवं रक्तचाप परीक्षण भी किए गये। वीजीसीबी पोर्ट ऑपरेशंस में दो दिवसीय नेत्र जांच शिविर लगाया गया जिसमें लगभग 400 लोगों की नेत्र जांच हुई और उनके दृष्टि दोष व आंखों की अन्य स्थितियों का पता लगाया गया। जिनकी नजर कमजोर थी उन्हें मुफ्त चश्में दिए गए। इसके अलावा जरूरतमंद लोगों को बैटरी से चलने वाली व्हील चेयर, ट्राइ साइकल, व्हील चेयर राइडर, कोमोड व्हीलचेयर और ट्राईपॉड वॉक स्टिक आदि की मदद दी गई। इसका उद्देश्य उनकी चलने-फिरने की क्षमता बढ़ाना और उन्हें आत्म निर्भरता देना था।

# महिला कल्याण संगठन ने किया रनिंग स्टाफ फैमिली काउंसलिंग कार्यक्रम




**50 से अधिक रनिंग स्टाफ के परिवारों ने काउंसेल कार्यक्रम में भाग लिया।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय रेल के रनिंग स्टाफ, गाड़ियों के सुरक्षित चालन के लिए आधार स्तम्भ हैं। ट्रेनों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए, रनिंग स्टाफ को सतर्क और जागृत रहना चाहिए। इस उद्देश्य के साथ पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधारोड ने अधिकारी क्लब में लोको पायलट और सहायक लोको पायलटों के परिवारों के लिए रनिंग स्टाफ फैमिली काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया है। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के अध्यक्ष, गुरसिमरन कौर तथा संगठन के अन्य सदस्यगण इस काउंसलिंग कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित थे। लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों के परिवारों को प्रोत्साहित करने के लिए काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, ताकि वे घर पर अपने जीवनसाथी के उचित आराम को कैसे सुनिश्चित कर सकें, ताकि वे अगली यात्रा के लिए फिर से तैयार हो सकें और ट्रेन सिगनल पास्ड एट डेंजर (एसपीएडी) जैसी स्थितियों से बचा जा सके। इस अवसर पर महिला कल्यान संगठन की अध्यक्ष गुरसिमरन कौर ने कहा कि रनिंग स्टाफ के परिवार ट्रेनों के सुरक्षित संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अगली यात्रा के लिए आगे बढ़ने से पहले उनके जीवनसाथी ने उचित आराम किया है।

पत्नियों को परिवार के प्रति अपने कर्तव्य और रनिंग स्टाफ के प्रति अपने कर्तव्य के बीच संतुलन बनाये रखना होगा। उन्होंने लोको पायलटों की पत्नियों से इस संबंध में उनके सामने आने वाली समस्याओं के बारे में बातचीत की और मानदंडों के अनुसार उन्हें पूरा करना सुनिश्चित किया। 50 से अधिक रनिंग स्टाफ के परिवारों ने काउंसेल कार्यक्रम में भाग लिया। रनिंग स्टाफ फैमिली काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन इलेक्ट्रिकल (ऑपरेशन) विभाग के संचालन में किया गया था।

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
FREE FRANCHISE
Franchise Benefit
☑ All Computer Courses
☑ Vocational Courses
☑ Authorization Letter
☑ Authorization Certificate
☑ Web Login ID & Password
☑ Study Material Support
☑ PDF Certificate in 24 Hrs
☑ Hard Copy Certificate & Mark sheet
☑ Students Placement Support
☑ Marketing Support
☑ Online & Offline Certificate
☑ Yearly Career Guidance
☑ Seminar in your City
Certified with
For More Details Visit Now
Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material



आवश्यकता
रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है
संपर्क करें -
मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची



RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**